ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● डालटनगंज ● श्रावण शुक्ल पक्ष 04 ● विक्रम संवत 2080 ● शुक्रवार, 21 जुलाई 2023 ● वर्ष-29 ● अंक-275 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 2.00

लॉ एंट्रेंस टेस्ट परीक्षा के लिए मुफ्त कोचिंग की ... पेज 10 पर

पलामू के पांच कांडों का खुलासा, पांच अपराधी गिरफ्तार

जेल में बंद साथी को छुड़ाने के लिए लूट

पिस्तौल, गोली व लूट के मोबाइल बरामद

संजय कुमार पांडेय

मेदिनीनगर। चैनपुर के युवा कारोबारी वेद प्रकाश आर्य को गोली मारकर घायल करने समेत चैनपुर व शहर थाना क्षेत्र के अलग अलग स्थानों पर दिनदहाड़े लूट की घटनाओ को अंजाम देकर पुलिस के लिए सिरदर्द बने अपराधिक गिरोह का उदभेदन करते हुए एएसपी ऋषभ गर्ग द्वारा गठित पुलिस की टीम ने गुरूवार को पांच अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस दौरान पुलिस ने उक्त अपराधिक वारदातों मे उपयोग किया गया एक देसी पिस्तौल व दो जिन्दा गोली समेत लुटे गये मोबाइल, डिवाइस और लूट की घटनाओं में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद किये हैं। पकड़े गये अपराधियों में सदर थाना क्षेत्र के सुआ कोड़िया के लहसुनिया का विक्रम यादव, चैनपुर सोनार मुहल्ला का अभिषेक कुमार ऊर्फ गोलू, चैनपुर का हि अजय मालाकार, पंडवा थाना के कजरी का मनदीप कुमार ऊर्फ मन्नू एवं मेदिनीनगर के देवी मंदिर रोड भट्ठी मुहल्ला निवासी विपुल कुमार सिंह शामिल है। जानकारी देते हुए एसडीपीओ श्री गर्ग ने आज पत्रकारों को बताया की इसी माह के 8 तारीख को चैनपुर के पूरनचंद चौक के पास व्यवसायी वेद प्रकाश आर्य को अपराधियों द्वारा गोली मारकर घायल करने की हुई घटना के अलावे हाल के दिनों में शहर व चैनपुर थाना क्षेत्र में हुई अपराधिक घटनाओं के उदभेदन व अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की गई थी। इस टीम में चैनपुर थानाप्रभारी रुपेश कुमार दूबे एवं रामगढ़ थाना प्रभारी प्रभात रंजन राय समेत चैनपुर थाना के एसआई नीरज सेठ, तथा एसआई प्रेमचंद हांसदा शामिल थे। श्री गर्ग ने बताया कि अनुसन्धान के क्रम में तकनिकी साक्ष्य के आधार पर सबसे पहले पुलिस ने कारोबारी गोली कांड के अप्राथमिकी अभियुक्त मनदीप कुमार ऊर्फ मनु पासवान को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू किया तो अपराध और अपराधियों की कड़ियाँ खुलती गई। इसके बाद पुलिस ने मन्नू पासवान के खुलासे के आधार पर उपरोक्त अन्य अपराधियों को गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर पिस्तौल, गोली व अन्य सामान बरामद किये। श्री गर्ग ने बताया कि पकड़े गये अपराधियों ने पिछले दिनों 5 जनवरी को चैनपुर के शाहपुर -गढ़वा रोड में मंगरदाहा स्थित शिव मंदिर के पास बंधन बैंक के रिलेशन ऑफिसर से हुई 37 हजार रुपए व मोबाईल तथा बायोमेट्रिक डिवाइस लूट की घटना,18मई को इसी मार्ग पर भीखही मोड़ पर नकद व मोबाईल की लूट एवं 22 मई को चैनपुर के पुराना हॉस्पिटल के पास स्थित सीएसपी केंद्र से दीनदहाड़े हुई 20हजार रुपए की लूट के साथ साथ शहर के पंजाब नेशनल बैंक के बाजार शाखा के बाहर हुई लूट की घटनाओं में अलग अलग शामिल होना स्वीकार किया।

लोहरदगा से आईएसआईएस आतंकी को एनआईए ने किया गिरफ्तार

भड़काऊ वीडियो, पेन ड्राइव व अन्य आपत्तिजनक सामान बरामद

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा

लोहरदगा से एनआईए की टीम ने आईएसआईएस का आतंकी को गिरफ्तार कर अपने साथ ले गई। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गिरफ्तार आतंकी की पहचान लोहरदगा के मिलत कॉलोनी निवासी फिरोज अंसारी का पुत्र फैजान अंसारी के रूप में की गयी है। उसका पिता बीएसएनएल मे अनुबंध कर्मी है। फैजान अंसारी अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी में पढ़ने के दौरान आईएसआईएस से प्रभावित हुआ था। वो सोशल मीडिया के जरिये उसके संपर्क में आया था। गिरफ्तार किया गया आतंकी पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी के संपर्क में भी था। वह मूल रूप से बिहार का रहने वाला है। लोहरदगा में रहकर वह अपनी गतिविधियों को अंजाम दे रहा था। इसी बीच खुफिया एजेंसियों को यह जानकारी मिली की लोहरदगा में आईएसआईएस का आतंकी छुपा हुआ है। इसके बाद एनआईए, इंटेलिजेंस ब्यूरो और दिल्ली पुलिस की टीम ने लोहरदगा पहुंच कर छापेमारी करते हुए उक्त आतंकी को धर दबोचा। उसके पास से भड़काऊ वीडियो, पेन ड्राइव और अन्य आपत्तिजनक सामान बरामद किए गए हैं। लगभग दो महीनों से वो लोहरदगा में रह रहा था और डार्क नेट का इस्तेमाल कर रहा था। कट्टरपंथी ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

NEWS इन ब्रीफ

झारखंड कैबिनेट की बैठक 25 को

रांची। राज्य मंत्री परिषद की बैठक 25 जुलाई को आहूत होगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में शाम चार बजे से प्रोजेक्ट भवन में होने वाली इस बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये जायेंगे। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग ने कैबिनेट की बैठक की जानकारी देते हुए सभी विभागों से कैबिनेट के लिए प्रस्ताव मांगा है।

पूर्व स्वास्थ्य सचिव प्रदीप कुमार समेत तीन की याचिका पर सुनवाई 4 अगस्त को

रांची। झारखंड हाई कोर्ट में मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूर्व स्वास्थ्य सचिव डॉ प्रदीप कुमार, उनके भाई राजेंद्र कुमार सहित तीन आरोपितों की क्रिमिनल रिवीजन पर सुनवाई चार अगस्त को होगी। मामले में याचिकाकर्ता की ओर से कोर्ट से समय की आग्रह किया गया। इस पर कोर्ट ने याचिकाकर्ता के आग्रह को मंजूर कर लिया। दवा घोटाला मामले में आरोपित डॉ प्रदीप कुमार, उनके भाई राजेंद्र कुमार एवं व्यवसाई धर्मेंद्र कुमार धीरज की डिस्चार्ज पिटीशन ईडी कोर्ट ने वर्ष 2019 में खारिज कर दी थी। याचिकाकर्ता की ओर से ईडी कोर्ट द्वारा उनके डिस्चार्ज पिटीशन खारिज किए जाने को हाई कोर्ट में चुनौती दी गई है। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया है कि उनके खिलाफ मनी लांड्रिंग का मामला नहीं बनता है।

मधु कोड़ा, विनोद सिन्हा और अनिल वास्तवडे ईडी कोर्ट में पेश

रांची। मनी लॉन्ड्रिंग केस के आरोपित पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा, उनके सहयोगी मनोज पुनमिया, अनिल आदिनाथ वास्तावड़े समेत अन्य आरोपित गुरुवार को ईडी की विशेष कोर्ट में सशरीर उपस्थित हुए। अदालत में आज ईडी की ओर से गवाह प्रस्तुत किया जाना था लेकिन गवाह उपस्थित नहीं हुआ। इसके बाद कोर्ट ने अगली सुनवाई की तारीख पांच अगस्त को निर्धारित की है। मधु कोड़ा के मुख्यमंत्री काल में उनके मंत्रिमंडल में शामिल मंत्रियों और उनके सहयोगियों पर करोड़ों रुपये की अवैध कमाई करने का आरोप है। इस पूरे प्रकरण की जांच सीबीआई और ईडी ने की है। मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े अन्य मामलों में पूर्व मंत्री एनोस एक्का, बंधु तिर्की और हरिनारायण राय को कोर्ट सजा सुना चुका है। कई लोग अभी भी ट्रायल फेस कर रहे हैं।

झारखंड में बनेगा स्ट्रांग हेल्थ सर्किट : सीएम हेमंत

नवीन मेल संवाददाता

रांची। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि राज्य में स्ट्रांग हेल्थ सर्किट बनाने बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। यहां के अस्पतालों में जांच और इलाज की बेहतर और आधुनिक सुविधाएं सुनिश्चित की जाए, ताकि मरीजों को दूसरे राज्यों के बड़े अस्पतालों का रुख नहीं करना पड़े। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने गुरुवार को स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा और परिवार कल्याण विभाग की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को कई अहम निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसके लिए जो भी संसाधन की जरूरत होगी, सरकार उसे मुहैया कराएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी प्रमंडल के सदर अस्पतालों में इलाज और जांच की अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त 247 हेल्थ केयर सर्विसेज शुरू करने का निर्देश दिया। इसकी शुरूआत दुमका से होगी। 300 बिस्तर की क्षमता वाले इस अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सकों के साथ जांच- इलाज के सभी अत्याधुनिक संसाधन होंगे। सर्विसेज होगी। यहां सभी चिकित्सकों और पारा मेडिकल कर्मियों की शिफ्ट में ड्यूटी लगाई जाए, ताकि मरीजों को किसी तरह की परेशानी नहीं हो।

चिकित्सकों की नियुक्ति में तेजी लाने का निर्देश : मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य वासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिले, इसके लिए चिकित्सकों और अन्य पारा मेडिकल कर्मियों की नियुक्ति में तेजी लाने का निर्देश दिया । उन्होंने यह भी कहा कि आवश्यकतानुसार अनुबंध पर भी चिकित्सकों को नियुक्त करें ताकि किसी भी परिस्थिति में स्वास्थ्य व्यवस्था प्रभावित नहीं हो।

पंचायत दवा दुकान के लिए लाइसेंस देने में तेजी लाएं : मुख्यमंत्री ने ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

सर्पदंश से मौत के मामले काफी चिंताजनक

मुख्यमंत्री ने कहा कि बारिश के शुरू होते ही सर्पदंश की कई मामले सामने आ रहे हैं। मैंने पहले ही सभी अस्पतालों में सर्प दंश के मरीजों के इलाज और दवा की पुख्ता व्यवस्था करने का निर्देश दिया था। लेकिन, फिर भी अब तक 45 से ज्यादा सर्पदंश से मौत की बातें सामने आ चुकी है ।यह चिंताजनक है । उन्होंने विभाग को कहा कि जहां सर्प दंश से मौतें हुई है , वहां के संबंधित चिकित्सकों को शो-कॉज जारी किया जाए। उच्च स्तरीय बैठक में स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वंदना दादेल, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, भवन निर्माण विभाग के सचिव सुनील कुमार, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अभियान निदेशक आलोक त्रिवेदी, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अपर अभियान निदेशक विद्यानंद शर्मा पंकज , अपर सचिव जय किशोर प्रसाद, अपर सचिव शशि प्रकाश झा, संयुक्त सचिव मेधा भारद्वाज, निदेशक प्रमुख स्वास्थ्य सेवाएं डॉ वीरेंद्र प्रसाद सिंह , रिम्स रांची के निदेशक डॉ राजीव कुमार गुप्ता, रिनपास के निदेशक डॉ जयंती शिमले, आयुष निदेशक डॉ फजलूस शमी और निदेशक ड्रग्स रितु सहाय समेत कई विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

आयुष्मान भारत के मरीजों के इलाज में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी

मुख्यमंत्री ने कहा कि आयुष्मान भारत के तहत मरीजों के इलाज में अस्पतालों द्वारा कोताही बरतने की बात लगातार सामने आ रही है। यह कदापि उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत के तहत अस्पतालों के लंबित राशि का भुगतान जल्द से जल्द सुनिश्चित करें, ताकि मरीजों के इलाज में अस्पताल कोताही नहीं बरतें।

पलामू में दंपति को जहरीले सांप ने काटा, मौत

दो महीने में सर्पदंश के 92 मामले, 8 की मौत

जिले में अंधविश्वास के चक्कर में जा रही जानें



मेदिनीनगर। पलामू जिले के नौडीहा बाजार थानाक्षेत्र के लक्ष्मीपुर पंचायत के नावाडीह गांव में बीते बुधवार की देर रात बैजनाथ साव (50वर्ष) और उनकी पत्नी पुष्पा देवी (45वर्ष) को सर्प दंश से मौत हो गई। वे दोनों अपने घर के एक कमरे में सो रहे थे। जब दोनों गहरी नींद में थे तभी अचानक कहीं से एक विषधर सांप आया और बारी-बारी से दोनों को डंस लिया। दोनों ने यह बात परिजनों को बतायी। परिजन उन्हें तत्काल अस्पताल ले जाने की बजाय झाड़-फूंक के लिए करीब 15 ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

दो जेसीबी को माओवादियों ने किया आग के हवाले

दोनों ऑपरेटरों को बंधक बनाकर दिया घटना को अंजाम

नवीन मेल संवाददाता। चतरा

लावालौंग थाना क्षेत्र के टुनगुन गांव में भाकपा माओवादियों नें सड़क निर्माण में लगे दो जेसीबी मशीनों को आग के हवाले कर क्षेत्र उमें दहशत का माहौल कायम कर दिया है। एमएस राजनंदनी कंस्ट्रक्शन के संवेदक शंकर साहू ने इस बाबत बताया कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 7 करोड़ 28 लाख रुपये की लागत से टुनगुन मोड़ से लेकर बधार मुख्य सड़क तक निर्माण कार्य करवाया जा रहा है। दिन में निर्माण कार्य करने के बाद बुधवार की रात टुनगुन आंगनबाड़ी के पास दोनों जेसीबी को लगाकर ऑपरेटर आंगनबाड़ी में ही सो रहे थे। तभी देर रात बारह बजे हाथ में बंदूक और वर्दी पहने पांच लोग दरवाजा खुलवा कर दोनों ऑपरेटरों का मोबाइल फोन लेकर सिमकार्ड तोड़ दिया। इसके बाद उन्हें बंधक बनाकर खड़ी दोनों जेसीबी मशीनों में पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। साथ ही चेतावनी देते हुए कहा कि संवेदक को बोल देना कि भाकपा माओवादी आए थे। पैसे लेकर संगठन से मिले अन्यथा बड़ी घटना को अंजाम दिया जा सकता है। ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

बैंक ऑफ इंडिया में 9.24 करोड़ का लोन स्कैम

दो मैनेजरों सहित 27 पर एफआईआर

जमशेदपुर। झारखंड के जमशेदपुर में बैंक ऑफ इंडिया में लोन देने के नाम पर बड़ा स्कैम सामने आया है। इसे बैंक के ही दो ब्रांच मैनेजरों ने अंजाम दिया है। दो दर्जन से भी ज्यादा लोगों और कंपनियों को लोन देने के नाम पर इन दोनों मैनेजरों ने 9.24 करोड़ रुपए का घोटाला कर दिया। जांच में स्कैम पकड़े जाने के बाद बैंक ऑफ इंडिया के बिष्टुपुर ब्रांच के सीनियर मैनेजर ने दोनों आरोपी अधिकारियों सहित 27 व्यक्तियों और कंपनियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। जिन दो ब्रांच मैनेजरों पर इस घोटाले का आरोप है, उनमें जमशेदपुर के कदमा उलियान ब्रांच में पदस्थापित रहे धीरज कुमार झा और धालभूमहढड के गोहारडांगरा ब्रांच के मैनेजर नीतेश शामिल हैं। बताया जा रहा है कि बैंक की रांची स्थित विजिलेंस टीम ने बीते मार्च महीने में कदमा उलियान स्थित ब्रांच का निरीक्षण किया था, जिसमें यह स्कैम पकड़ में आया।

वारदात

भाकपा माओवादी दस्ता फिर से हुआ महुआडांड़ क्षेत्र में सक्रिय

पुलिस की मुखबिरी का आरोप लगा पीट-पीटकर मार डाला

पांच ग्रामीणों को पीटा, एक की मौत

नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़

नेतरहाट थाना क्षेत्र अंतर्गत दूरूप पंचायत के दौना गांव में बुधवार देर रात्रि भाकपा माओवादी हथियारबंद दस्ता कुख्यात नक्सली छोटू खेरवार के नेतृत्व में दौना निवासी वन विभाग के टेकर देव कुमार प्रजापति (38) पिता खिजहर प्रजापति की बेरहमी से पीट-पीटकर हत्या कर दी। दौना गांव के निवासी भूषण मुंडा (35) पिता मुन्ना मुंडा व मनराज प्रजापति (40(को डंड२ पीटा। इस घटना से पूर्व कुछ घंटा पहले माओवादी पूरनाडीह गांव के बबलू अंसारी (35) पिता स्व. अब्दुल अंसारी, पत्ति बिरिजिया (55) पिता स्व. ठीभू बिरिजिया को मुखबिर का आरोप लगाकर पिटाई करके दौना गांव में आये थे।

विद्यालय की दीवार में लिखी चेतावनी, ग्रामीण में खौफ का माहौल : माओवादियों की मारपीट की घटना की जिम्मेदारी कोयल शंख जोनल कमिटी भाकपा माओवादी ने ली है। राजकीय प्राथमिक विद्यालय दौना की दीवार पर लिख कर ग्रामीणों को पुलिस मुखबिरी, दलाली व एसपीओ काम छोड़ने की चेतावनी दी है। साथ ही लोगों को असली समस्या विस्थापन-पलायन के विरोध में आंदोलनों पर जोर देने को कहा गया है। इससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।

पहली घटना पुरनाडीह में : जानकारी के अनुसार बुधवार रात 7 बजे दो दर्जन की संख्या में हथियारबंद भाकपा माओवादी दस्ता के सदस्य पुरनाडीह गांव पहुंचे। बबलू अंसारी और पत्ति बिरिजिया को घर से उठाया। पुलिस मुखबिरी का आरोप लगा दोनों की डंडे से पिटाई की। बताया जा रहा है कि बबलू अंसारी का हाथ भी टूट गया है। पिटाई के कारण पत्ति बिरिजिया की हालात गंभीर है।

जंगल फिर से बनने लगा माओवादियों का अड्डा : दौना-दूरूप पूर्व से ही घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र रहा है। भले पुलिस दावा करती है, दौना-दूरूप नक्सल प्रभाव से वर्षों पहले मुक्त हुआ है, लेकिन माओवादियों की चहल कदमी हमेशा इस क्षेत्र में बनी रहती है, लेकिन घटना को अंजाम नहीं देने के कारण सुर्खियों में नहीं आता। कई साल बाद पुनः माओवादीयों का घटना को अंजाम देना, नक्सल मुक्त दावा को खोखला साबित करता है। वहीं दौना गांव के ग्रामीणों के कहे अनुसार पिछले एक महीने से माओवादीयों की चहल कदमी इस क्षेत्र में फिर से बढ़ी है।

लुरगुमी के एक युवक व फादर व कर्मियों को पूर्व में माओवादियों ने पीटा था

ज्ञात हो कि रविवार की रात्रि को दूरूप पंचायत अंतर्गत लूरगुमी ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

दूसरी घटना में एक वन टेकर की मौत

रात 10 बजे माओवादियों का दस्ता दौना गांव पहुंचा। घर से बाहर बैठे प्रधानमंत्री आवास स्वयंसेवक मनराज प्रजापति एवं नेतरहाट थाना के पूर्व चौकीदार मुन्ना मुंडा का बेटा भूषण मुंडा का नाम पूछ के उनकी पिटाई करने लगे। इसके बाद देवकुमार प्रजापति को घर से पकड़कर लाया गया। देव कुमार प्रजापति के हाथ-पैर को रस्सी से बांधा और सरकारी विद्यालय भवन परिसर पर लेजाकर लगभग 2 घंटे तक माओवादी के सदस्य लाठी-डंडे से उसकी बेरहमी से पिटाई करते रहे। इस दौरान पत्नी और बेटी ने विरोध किया तो उन्हें दूर कर दिया गया। वहीं मृतक वन विभाग में मजदूर के रूप में वन टेकर का कार्य करता था। पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक के तीन बेटी हैं। दो बेटी महुआडांड रहकर पढ़ाई करती हैं। एक मिशन स्कूल दौना में पढ़ाई करती है। पिता विकलांग है। एक भाई भी विकलांग है। घर की पूरी जिम्मेदारी देवकुमार के कंधे पर था। ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

तारा शाहदेव मामले में सीबीआई की बहस पूरी

रांची। रांची सीबीआई कोर्ट के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में गुरुवार को तारा शाहदेव से जुड़े केस की सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान सीबीआई की ओर से बहस की गई। सीबीआई की पूरी बहस सुनने के बाद कोर्ट ने आरोपित की दलील सुनने के लिए अगली तिथि निर्धारित की है। बहस के दौरान सीबीआई की ओर से उपस्थित वरीय लोक अभियोजक ने कोर्ट को बताया कि हिंदू रीति से विवाह के बाद तारा शाहदेव के पिता उनके भाई और रकीबुल उर्फ रणजीत के पड़ोसियों एवं काजी ने शादी के अगले दिन धर्म परिवर्तन करा कर निकाह कराने की बात स्वीकार की है और इससे जुड़े साक्ष्य कोर्ट में प्रस्तुत किए जा चुके हैं। इस केस में रंजीत कोहली उर्फ रकीबुल के साथ हाई कोर्ट के पूर्व रजिस्ट्रार (विजिलेंस) बर्खास्त मुश्ताक अहमद व कोहली की मां कौशल रानी ट्रायल फेस कर रही हैं।

NEWS इन ब्रीफ

टेम्पू व बाइक की टक्कर में युवक का टूटा पैर

विश्रामपुर। रेहला थाना क्षेत्र के सिगसिगी पहलवान मोड़ पर टेम्पू व बाइक के सीधी टक्कर में एक युवक का पैर टूट गया। जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। घटना बुधवार देर रात की है। वहीं युवक की पहचान केतात कला निवासी दिनेश कुमार के रूप में हुई है। जहां चिकित्सक डॉ एमएम प्रसाद व मेडिकल टीम में युवक का प्राथमिक उपचार के बाद मेदिनीनगर रेफर कर दिया है।

मेंटल के ऊपर कालीकरण करो, नहीं तो परिचालन बंद होगा :राजीव

हरिहरगंज। शहर से गुजरने वाले एनएच 98 तेंदुआ से बिहार सिवाना तक सड़क की स्थिति काफी जर्जर है। उक्त बातें सामाजिक कार्यकर्ता राजीव रंजन ने गुरुवार को शहर के सब्जी मंडी स्थित अपने आवास पर प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए कही। साथ ही उन्होंने कहा कि सड़क के दोनों किनारे कूड़े कचरे का अंबार लगा रहता है। जिस कारण वाहन गुजरने पर धूल उड़ते रहते हैं। दुकानदार सहित राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सड़क पर हमेशा दुर्घटना होती रहती है। सड़क के किनारे रहने वाले लोगों व राहगीरों का चलना दूभर हो गया है।

डायन- बिसाही को लेकर मारपीट में आठ लोगों पर प्राथमिकी दर्ज

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद। थाना क्षेत्र के डंडीला गांव में डायन- बिसाही को लेकर मारपीट कर घर में ताला बंद कर देने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में प्रसाद पासवान ने हुसैनाबाद थाना में आठ लोगों के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। जिसमें मालती देवी, सरिता देवी, रेनु देवी, राजकिशोर, मनोज पासवान, गिरजा पासवान, रिन्कु देवी, सुनिता देवी सभी ग्राम डंडीला निवासी को आरोपी बनाया है। दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि जब हमलोग घर में सोय हुए थे, उसी क्रम में सभी आरोपियों ने मिल कर हमारे साथ लाठी डंडे और ईट,पत्थर चलाकर मारपीट कर दिया। जिसमें हमारा हाथ टूट गया और घर में ताला बन्द कर दिया। वहां मौके पर पहुंच कर मदन पासवान और पूर्व मुखिया युगेश्वर रजवार ने आकर हमारा जान बचाया और घर का ताला खोले। इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी जग्रनाथ धान ने बताया कि केस पंजीकृत कर अनुसंधान शुरू कर दी गई है।

50 साल के व्यक्ति ने मासूम से किया दुष्कर्म

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू जिले के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र में एक बार फिर से इंसानित को शर्मसार कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां एक गांव में अधेड़ व्यक्ति ने एक सात वर्षीय बच्ची के साथ बहला फुसलाकर दुष्कर्म किया है। इस संबंध में पीड़िता बच्ची की मां ने हुसैनाबाद थाना में मामला दर्ज करवाया है। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उस पर पोक्सो सहित कई गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। पीड़ित की मां ने जो प्राथमिकि दर्ज करवाई है उसमें कहा गया है

कि उनकी बच्ची गांव के प्राथमिक विद्यालय में पढ़ती है। 19 जुलाई को वह अपने स्कूल की दोस्तों के साथ स्कूल के बाहर ही खेल रही थी। इस दौरान गांव का 50 वर्षीय व्यक्ति वहां पहुंचा और बच्ची को पैसे का लालच देकर उसे बहला फुसलाकर अपने घर ले गया। घर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। इधर, बच्चों के कहने पर गांव के दस पंद्रह लोग जब आरोपी के घर पहुंचे, तो उसने बच्ची को घर से बाहर निकाल दिया और घर का दरवाजा बंद कर लिया। लोगों के अनुसार उस वक्त पीड़ित बच्ची काफी डरी सहमी हुई थी। बच्ची ने पूछे जाने पर पूरी बात बताई। ग्रामीणों ने इसकी सूचना हुसैनाबाद थाना को दी गई है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी पर यौनाचार और पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। इसके साथ ही उसे जेल भेज दिया गया है। वहीं बच्ची को मेडिकल जांच के लिय सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

गुवादाग गांव आज भी बुनियादी सुविधाओं से कोसों दूर

नवीन मेल संवाददाता

नौडीहा बाजार। पलामू जिले के नौडीहा प्रखंड के सुदूरवर्ती पंचायत खैरादोहर से पांच किलोमीटर दूर जंगल में बसे आदिवासी गांव गुवादाग आज भी आजादी के 75 वर्ष बीत जाने के बावजूद भी बुनियादी सुविधा से कोसों दूर है गांव गुवादाग न बिजली न सड़क, न हीं पक्का छत, चुवाड़ी का पानी पीकर बुझाते हैं प्यास ग्रामीण। ग्रामीणों का कहना है कि 100 वर्ष पूर्व से ही यहां ग्रामीण निवास करते हैं। आजादी के 75 वर्ष के बाद भी बिजली, सड़क, स्वच्छ पीने का जल, मुहैया नहीं है। अब तक उस गांव में आंगनबाड़ी केन्द्र नहीं है। दो किलोमीटर दूर गर्भवती व धात्री महिला एवं छोटे-छोटे बच्चों को जाना पड़ता है। वहीं गर्भवती एवं बीमार ग्रामीणों को खाट पर टांग कर 5 किलोमीटर दूर सड़क पर लाना पड़ता है। साथ ही बरसात के मौसम में छोटे-छोटे बच्चों नदी नाला एवं पानी के वजह से दूर नहीं जा पाते हैं। वहीं वृद्ध ग्रामीणों का पेंशन, राशन अन्य सुविधा से कोसों दूर है ग्रामीणों का कहना है कि चुनाव के समय विधायक कई जनप्रतिनिधि जैसे-तैसे तो गांव पहुंच जाते हैं। लेकिन हजारों वादा करते हैं और वोट लेकर चले जाते हैं। दोबारा उस गांव की स्थिति देखने तक भी नहीं आते हैं।

मणिपुर की घटना को लेकर पलामू आग बबूला, छहमुहान पर पुतला दहन

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक की अध्यक्षता में स्थानीय छह मुहान चौक पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व गृह मंत्री अमित शाह का पुतला दहन किया गया। भाजपा सरकार के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया गया। कांग्रेस जनों ने भाजपा सरकार के विरुद्ध जमकर नारेबाजी करते हुए कहा कि भाजपा सरकार शर्म करो और गद्दी छोड़ो लोगों को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं गृह मंत्री अमित शाह के सह पर मणिपुर राज्य मे घटना पर घटना हो रही है। देश के प्रधानमंत्री एवं देश के गृह मंत्री चुप्पी साधे हुए हैं जो बड़ा ही दुर्भाग्यपूर्ण बात है। इस देश के लिए आदिवासी महिलाओं के साथ हुई शर्मनाक घटना देश को शर्मसार किया है। ऐसी घटना भाजपा शासन में क्यों हो रही है। भाजपा में सिर्फ सत्ता पाने की लालसा है। वह सिर्फ लोगों को लड़ाने में विश्वास रख रही है। देश कभी इन सब को माफ नहीं करेगा। मणिपुर के मुख्यमंत्री को तत्कालीन इस्तीफा दे देना चाहिए और सभी घटना पर प्रेस वार्ता करके लोगों को संबोधित करे।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मौजूद लोग

वरिष्ठ कांग्रेसी सत्यानंद दुबे, 20 सूत्री उपाध्यक्ष विमला कुमारी, प्रदेश सचिव लक्ष्मी नारायण तिवारी, विनोद तिवारी शमीम ,अहमद राइन, ईश्वरी प्रसाद सिंह, मिथिलेश कुमार सिंह, नफीस खान, सत्येंद्र सिंह, विद्या सिंह, चेरो रिजवान, खान नसीम खान, सिद्धनाथ प्रसाद गुप्ता, जितेंद्र कमलापुरी, नसीम हैदर, विभूति नारायण पाठक ,सच्चिदानंद मिश्रा, अशोक पासवान, इमरान सिद्दीकी ,अरविंद अग्रवाल, देवांग शुक्ला, दयाशंकर तिवारी, संतोष गुप्ता, अमुक प्रियदर्शी ,अशोक पासवान, खुर्शीद अंसारी, मनोज चंद्रवंशी, रविंद्र कुमार, सोनू सिंह, अनिल सिंह, साकेत सिंह, राजेश चौरसिया, अभय पांडे ,अजय पांडे, सुनील पासवान, कलावती देवी ,उर्मिला देवी, उदय यादव ,उमेश यादव ,संजय बैठा, मुख्तार अंसारी के अलावा काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

200 लीटर देसी शराब की नष्ट

विश्रामपुर। जिला आबकारी विभाग के द्वारा बुधवार को देशी अवैध शराब निर्माण और बिक्री के खिलाफ अभियान चलाया गया। अभियान के तहत रेहला और विश्रामपुर के कई गांवों में शराब भट्ठी को ध्वस्त किया गया।आठ क्विंटल जावा महुआ को भी नष्ट किया गया। इसके अलावा निर्मित दो सौ लीटर देशी शराब को नाली में बहाया गया।अभियान का नेतृत्व उत्पाद अवर निरीक्षक सुप्रभात दत्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अवैध शराब निर्माण और विक्री के खिलाफ अभियान लगातार चलता रहेगा।अभियान में प्रतिनियुक्ति बल और गृह रक्षा वाहिनी के जवान शामिल थे।

बिजली चोरी के आरोप में पांच पर प्राथमिकी दर्ज

2.20 लाख जुर्माना, कार्य दिवस में बिल जमा करें

पांच हजार रुपये से अधिक बकायेदारों के खिलाफ भी कार्रवाई जारी रहेगी : कनीय अभियंता

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद। पलामू जिले के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र में झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के अभियंताओं ने विशेष छापेमारी अभियान के तहत पांच लोगों को अवैध रुप में बिजली का उपयोग करते पकड़ा है। इन पर बिजली का अवैध उपयोग करने का आरोप लगा है। बिजली का अवैध ढंग से बिजली का उपयोग करने पर इनके विरुद्ध हुसैनाबाद थाना में विद्युत अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। उक्त पांच लोगों पर 2.20 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। जिसमें चार लोगों पर 40-40 हजार रुपये का

जुर्माना लगाया गया है। जबकि एक पर 60 हजार रुपए का जुर्माना लगा हैं। इसमें हुसैनाबाद के जेपी चौक निवासी मनोज कुमार गुप्ता, मालदेव मेहता, मंचू कुमार सिंह व दिलीप कुमार मालाकार सभी सबानो गांव निवासी पर 40-40 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। जबकि सबानो गांव निवासी राकेश मेहता पर 60 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। इसकी जानकारी अवर विद्युत प्रमंडल जपला के कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने दी। इस अभियान में उनके अलावा सहायक अभियंता संजय कुमार, मानव दिवसकर्मी जितेंद्र ठाकुर, उबैद अहमद व कमलेश कुमार सिंह शामिल थे। उन्होंने बताया कि आगे भी छापेमारी का कार्य जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि पांच हजार रुपए से अधिक बकायेदारों के खिलाफ भी कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने बकायेदारों को बिल का भुगतान करने की हिदायत दी है। उन्होंने कहा कि एक मुश्त या पांच किस्तों में भी अपने बकाये राशि का भुगतान कर सकते हैं।

टूटी हुयी छत के नीचे पढ़ने को विवश बच्चे

कभी भी घट सकती है दुर्घटना, किसी का ध्यान नहीं



नवीन मेल संवाददाता

नावा बजार। पलामू जिला स्थित संचालित होने वाले राजकीय कन्या प्राथमिक विद्यालय भंडार उपेक्षा का दंश झेलने को विवश है। इस विद्यालय में इलाके के ज्यादातर गरीब परिवार के बच्चे पढ़ते हैं। स्कूल की हालत पिछले कई सालों से बदहाल है। विद्यालय का छत टूट चुका है । बरसात के समय पानी छत से टपकता है। वहीं स्कूल का छज्जा भी पूरी तरह से जर्जर हालत में आ गया है। जिसके नीचे बच्चे आते जाते हैं। अगर कहीं छत का छोटा भी टुकड़ा बच्चों पर गिरता है तो बड़ी घटना घट सकती है। यह विद्यालय क्लास 1से 5 तक संचालित होता है। वहीं स्कूल प्रबंधन से ग्रामीणों के द्वारा पूछे जाने पर बताया गया कि विभागीय पदाधिकारी को इसकी सूचना दे दी गई है। इसके बावजूद इस ओर किसी का ध्यान नहीं है।

भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज दबाने का प्रयास : नईमुद्दीन

विश्रामपुर। बसपा नेता नईमुद्दीन अंसारी ने कहा कि नगर परिषद में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ मुखर रहा हूं। इसलिए मेरी आवाज दबाने का प्रयास किया जा रहा है। मुझे झूठे केस में फंसाकर मुख्य मुद्दे से लोगों का ध्यान भटकाया जा रहा है। श्री अंसारी गुरुवार को विश्रामपुर में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि बुधवार को गोदरमा गांव में जो घटना हुई उसमें सहायक नगर आयुक्त द्वारा मुझ पर भी प्राथमिकी दर्ज कराये हैं। जबकि मैं घटनास्थल पर गया भी नही हूं। एक राजनीतिक षड्यंत्र के तहत मेरी आवाज को बंद करने का प्रयास किया जा रहा है।

कॉलेज को मिला बी ग्रेड, कर्मियों में हर्ष

नवीन मेल संवाददाता

छत्तरपुर। स्थानीय गुलाब चंद अग्रवाल कालेज को मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) की टीम पूर्व में पोर्टल पर अपलोड कर ग्रेड जारी कर दी है। कॉलेज के एचीवमेंट, पढ़ाई - लिखाई, इफ्रांस्ट्रक्चर, खेलकूद, सामाजिक सरोकार, सांस्कृतिक गतिविधियां और विद्यार्थियों, अभिभावकों तथा पूर्ववर्ती छात्रों के साथ बैठक कर नैक की टीम ने बारीकी से जांच की। इतना ही नहीं, कॉलेज के सभी विभागों एवं सेल में पहुंचकर दस्तावेजों के रख रखाव तक की जानकारी ली। । नैक पीर टीम ने उनके इस तरह के नेक कार्य के लिए दिल से आभार व्यक्त किया। वहीं नैक द्वारा ग्रेडिंग मिलने पर कर्मचारियों ने एक दूसरे को बधाई दी। असिस्टेंट प्रो. अमित कुमार सिंह, असिस्टेंट प्रो. राजमोहन, असिस्टेंट प्रो. सूर्योदय कुमार, अशोक कुमार अग्रवाल, असिस्टेंट प्रो. इंदु कुमारी, असिस्टेंट प्रो. अपराजिता प्रकाश, असिस्टेंट प्रो. रोहित कुमार, असिस्टेंट प्रो. धर्मेंद्र कुमार सिंह, असिस्टेंट प्रो. रानी कुमारी, असिस्टेंट प्रो. जलेश्वर सुरीन गुप्ता, असिस्टेंट प्रो. सुनीता कुजूर, प्रधान सहायक योगेंद्र विश्वकर्मा, सफल कुमार मेहता, लाइब्रेरियन अरविंद कुमार, पंचम कुमार, मनोज कुमार, संध्या कुमारी, राजेश रजक, बालमुकुंद पाठक, पवन कुमार, विनोद यादव, अंजलीना खाखा, सुनील पासवान, शंकर कुमार राम, जितेंद्र कुमार, शारदा देवी, पानपती देवी सभी को बधाई देकर खुशियां व्यक्त किया।

पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा

आवश्यक सूचना

(लापता व्यक्ति ताषु चन्द्रवंशी, उम्र–20 वर्ष)

भवनाथपुर थाना सनहा सं0–24/2023, दि0–11.07.2023, में लापता ताषु चन्द्रवंशी, उम्र–20 वर्ष, पिता–बिनोद चन्द्रवंशी, सा0–अरसली (उतरी), थाना–भवनाथपुर, जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड का रहने वाला है। जो दिनांक–10.07.2023 को समय संध्या 08:00 बजे टाउनशीप भवनाथपुर से कही चला गया है, जो अभी तक वापस घर नहीं आया है और न ही किसी रिश्तेदार के घर गया है। इनके परिवार के द्वारा काफी खोजबीन किया गया। परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि लापता व्यक्ति ताषु चन्द्रवंशी, उम्र–20 वर्ष, पिता–बिनोद चन्द्रवंशी के बारे में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की सूचना प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0–9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

हुलिया:–
नाम– ताषु चन्द्रवंशी,
उम्र– 20 वर्ष,
रंग– गोरा,
लम्बाई– लगभग 5 फीट,
पहनावा– ब्लैक हाफ टी–शर्ट,
पैर में हवाई चप्पल।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक, गढ़वा

PR 302841 Police (23-24)_D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा।

1 विभाग का नाम :– भवन निर्माण विभाग।
2 विज्ञापन दाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा।
3 परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि एवं समय :– 31/07/2023 को (पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 01:00 बजे तक)
4 मुहरबंद निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 02/08/2023 को अपराह्न 03:00 बजे तक।
5 मुहरबंद निविदा प्राप्ति खोलने की तिथि एवं समय :– 02/08/2023 को 03:00 बजे अपराह्न से।
6 परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान :– 1. कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा द्वारा प्रतिनियुक्त, पदाधिकारी द्वारा पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के कार्यालय परिसर में।
7 निविदा प्राप्ति एवं खुलने का स्थान :– क्रमांक–6 के क्र0सं0–1 के स्थान पर।
8 कार्य का विवरण:–

क्र0सं0	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र की राशि	कार्य समाप्ति की अवधि
1	प्रखण्ड लोक स्वास्थ्य इकाई मझिआँव के भवन निर्माण कार्य।	₹ 50,00,000/-	₹ 1,00,000/-	₹ 5,000/-	06 माह

निविदा की शर्तें www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता ळें
नोट:–Updated Character PAN, GST Return File Latest, पंजीकरण प्रमाण–पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति अनिवार्य रूप से जमा करने के पश्चात ही निविदा पत्र निर्गत किया जायेगा।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, गढ़वा।

PR 302845 (Building) 23-24 (D)

कार्यपालक अभियंता–सह–सदस्य सचिव,
जिला जल एवं स्वच्छता मिशन प्रकल्प, गढ़वा।
सहिजना मोड़, गढ़वा (झारखण्ड) पिन नं0 822114
Email : eedwsd.garhwa1@gmail.com

EOI रद्द की सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कार्यपालक अभियंता, जिला जल एवं स्वच्छता समिति, गढ़वा (Swachh Bharat Mission (Gramin) अन्तर्गत **Expression of Interest (IOE)** SBMG Phase-II/DWSC/GOBARDHAN/01/2022-23 जो **PR No. 283653** Drinking Water and Sanitation (22-23),D द्वारा प्रकाशित है, जिसे अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है :–

कार्यपालक अभियंता–सह–सदस्य सचिव
जिला जल एवं स्वच्छता मिशन प्रकल्प,
गढ़वा।

PR 302848 Drinking Water and Sanitation(23-24)D

कार्यालयः– जिला स्वास्थ्य समिति, पलामू
जेलहाता, मेदिनीनगर (पलामू)
फोन न0:–9431138224 ईमेल आई0डी:–civilsurgeonpalamu@gmail.com

पत्रांक.....मेदिनीनगर, दिनांक .....

Walk in Interview

निदेशक प्रमुख, स्वास्थ्य सेवाएँ, झारखण्ड रॉची के पत्रांक –1256 (D)(RCH) दिनांक 15-04-2015 के आलोक में National Urban Health Mission कार्यक्रम के अन्तर्गत नव स्थापित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र निमिया मेदिनीनगर वार्ड नं0–03 मेदिनीनगर, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मेन बाजार वार्ड नं0–08 हुसैनाबाद पलामू, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र डडीला खुर्द वार्ड नं0–08 रेहला बिश्रामपुर एवं पहले से संचालित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नई मुहल्ला मेदिनीनगर वार्ड नं0–23 पलामू हेतु अंश कालीन चिकित्सक की आवश्यकता है। इच्छुक अभ्यर्थी जो निम्न अहर्ता रखते हैं, दिनांक 27.07.2023 को 11.00 बजे सिविल सर्जन पलामू के सभा कक्ष में Walk-In-Interview हेतु ससमय भाग लेना सुनिश्चित करेंगे।

1. Qualification : MBBS from Institution Recognised by Medical Council of India
2. Age : Maximum 67 yrs.
3. Type of Engagement : Contractual (Part Time)
4. Honorarium : Rs. 35,000.00
5. Gender : Male/Female
6. Duty Hours : 10.00: AM to 2.00 P.M. or 2.00 P.M. to 6.00 P.M.(Monday to Saturday)
7. Desirable : Experience of Working in Government Facilities would be an added Advantage
8. No. of Post : 04(Four)

इच्छुक उम्मीदवार **Walk in Interview** के लिए अपना बायो डाटा एवं सभी मूल प्रमाण पत्र एवं दो प्रतियों में छाया प्रति के साथ सिविल सर्जन कार्यालय सभागार, पलामू में दिनांक 27.07.2023 को 11.00 बजे उपस्थित होना होगा।

असैनिक शल्य चिकित्सक सह
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पलामू।

PR 302802 (District) 23-24 (D)

जिला अभियंता का कार्यालय जिला परिषद्, लातेहार

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण–सूचना
पुर्न निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 09 वर्ष 2023–24
15वें वित्त आयोग मद

1. विज्ञापन दाता का नाम : जिला अभियंता,जिला परिषद्, लातेहार।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि : 27.07.2023 (अपराहन् 03:00 बजे तक)
3. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान : जिला अभियंता, जिला परिषद्, लातेहार।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : 28.07.2023 को 03:00 बजे अपराहन् तक
5. निविदा प्राप्ति, का स्थान : जिला नियंत्रण कक्ष, (पुलिस अधीक्षक, लातेहार के कार्यालय के समक्ष)
6. निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थान :28.07.2023 को 03:30 बजे अपराहन्, कार्यालय जिला परिशद, लातेहार।
7. कार्य का विस्तृत विवरण :–

ग्रुप संख्या	योजना का नाम	प्राक्कलित राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र की राशि	कार्य पूर्ण करने की अवधि
2	प्रखण्ड हेरहंज अन्तर्गत पंचायत+ग्राम सेरनदाग में योगन्द्र यादव के घर से प्रधान के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण।	364000.00	7500.00	750.00	02 माह
9	प्रखण्ड बारियातु अन्तर्गत पंचायत टोंटी ग्राम सिमराटोली में बैजू उरांव के घर से आंगनबाडी भवन तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण।	368000.00	7500.00	750.00	02 माह

8. परिमाण विपत्र का मूल्य जो **सचिव, जिला परिषद, लातेहार** के पदनाम से देय होगा, जो **भारतीय स्टेट बैंक, लातेहार** में भुगतेय होगा।
9. उक्त निविदा में जिला परिशद, लातेहार अन्तर्गत समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक ही भाग ले सकते है।
10. Ucan Certificate (Updated New Version) की प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
11. जिला परिशद, लातेहार के मासिक बैठक में लिए गये निर्णय के अनुसार संबंधित प्रखण्ड के संवेदकों को कार्य आवंटित किया जाएगा। (प्रखण्ड बारियातु के योजना में प्रखण्ड हेरहंज एवं बालूमाथ के संवेदक भी भाग ले सकते है।)
12. अग्रधन की अंकित राशि (NSC) 05 वर्षीय/03 वर्षीय/डाकघर सावधि जमा पत्र/03 वर्षीय/05 वर्षीय/बैंक सावधि जमा पत्र (F.D) 05 वर्षीय/03 वर्षीय, कम्पनी के मामले में झारखण्ड राज्य के राष्ट्रीयकृत बैंक का B.G जो **जिला अभियंता, लातेहार** के नाम से प्रतिज्ञिप्त (प्लेज) कराते हुए निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।

जिला अभियंता
जिला परिषद्, लातेहार

PR 302804 (Rural Development)23-24*D

फुटपाथी दुकानदारों के अतिक्रमण से पैदल चलना मुश्किल

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। शहर की सड़कें काफी व्यस्त हो चुकी हैं। फुटपाथ पर चलना आम लोगों के लिए खतरों से खाली नहीं। इसका एक कारण यह है कि मेदिनीनगर की ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त नहीं है। दूसरा कारण है कि गाड़ी चलाने वाले ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करते हैं। मोटरसाइकिल, टेंपो, टोटो, या फिर चार पहिया सभी आगे निकल जाने के होड़ में लगे रहते हैं। गाड़ी वाले आगे निकलने की होड़ में फुटपाथ पर से भी अपनी गाड़ी आगे निकालना चाहते हैं। पलामू की ट्रैफिक विभाग ने डिवाइडर भी लगवाया है। लेकिन कुछ मोटरसाइकिल चलाने वाले डिवाइडर को नजरअंदाज कर ट्रैफिक नियम का उल्लंघन कर डिवाइडर की दूसरी तरफ से निकल जाते हैं। कचहरी

चौक के बाद जो डिवाइडर लगाया गया है वहां कुछ नियमों का पालन होता है। लेकिन कचहरी से रेड़मा जाने के लिए जो ओवर ब्रिज बना है उस ओवर ब्रिज पर ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाली गाड़ियां दिख जायेगी। इसी प्रकार रेड़मा चौक के पहले और रेड़मा चौक के बाद डिवाइडर लगाया गया है लेकिन ट्रैफिक नियमों का पालन वहां भी नहीं देखने को मिलता। सबसे बड़ी बात तो यह है कि मेदिनीनगर के सड़कों पर फुटपाथ का निर्माण ही नहीं किया गया है। जरूरत इस बात की है कि सड़कों के दोनों तरफ फुटपाथ का निर्माण किया जाय और ट्रैफिक पुलिस ट्रैफिक के नियमों का पालन नहीं करने वालों के साथ सख्ती से पेश आये। आखिर फुटपाथ पर चलने वाले का कभी तो सड़क पर चलने का अधिकार है।

आर्मी जवान का बैग चोरी करने वाला चोर गिरफ्तार, जेल

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। चैनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम शाहपुर निवासी नारायण पांडे के पुत्र अवधेश पांडे को जीआरपी थाना की पुलिस ने चोरी के आरोप में गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए रेल पीपी गढ़वा रोड थाना जीआरपी प्रभारी विमल कुमार ने बताया कि गढ़वा रेलवे स्टेशन पर आर्मी के जवान द्वारा जीआरपी थाना को सूचना दिया कि उसका बैग ट्रेन से चोरी हो गया है। इधर-उधर काफी खोजबीन करने के बाद भी बैग नहीं मिल रहा है।

इस घटना की जानकारी मिलने पर जीआरपी थाना की पुलिस गढ़वा रेलवे स्टेशन पर छापामारी अभियान चलाकर एक युवक को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार युवक के पास से जीआरपी थाना की पुलिस ने आर्मी जवान के बैग को जप्त कर उसे सौंप दिया है। वहीं जीआरपी थाना के हवलदार दिनेश मेहता और श्यामलाल पासवान ने बताया कि पकड़ा गया युवक कई बार ट्रेन में लोगों के समान की चोरी कर चुका है। वहीं इस घटना के बाद से पुलिस अवधेश पांडे को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

NEWS इन ब्रीफ

ट्रेन से गिरकर किशोर घायल

हुसैनाबाद। पूर्व मध्य रेलवे के गढ़वा रोड डेहरी ऑनसोन रेल खंड के हैदरनगर स्टेशन के लउवाखाड़ गांव के पास एक किशोर ट्रेन से गिरकर घायल हो गया। स्थानीय लोगों के सहयोग से उसे हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां ऑन ड्यूटी मौजूद चिकित्सक ने सैदाबाद गांव के भुइयां टोली निवासी धनेश्वर राम का 12 वर्षीय उमाशंकर कुमार को प्राथमिक उपचार के बाद उसे मेदिनीनगर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। परिजन के अनुसार बच्चा जपला रेलवे स्टेशन के समीप अन्य बच्चों के साथ खेल रहा था, जो मालगाड़ी पर चढ़ गया, उसी क्रम में मालगाड़ी खुल गयी, और वहां उतरने के क्रम में गिरकर घायल हो गया।

माँ वैष्णवी अल्ट्रासाउंड का उद्घाटन

विश्रामपुर। प्रखंड अंतर्गत सोरडीहा में आशीर्वाद हॉस्पिटल परिसर में मां वैष्णवी अल्ट्रासाउंड का शुभारंभ किया गया। जिसका उदघाटन डॉ.माया कुमारी पांडेय ने किया। मौके पर उद्घाटन समारोह में उपस्थित संस्थान के प्रोप्राइटर डॉ. दीपक पांडे ने जानकारी देते हुए बताया कि यहाँ अल्ट्रासाउण्ड की सुविधा उपलब्ध है। साथ ही मरीजों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए यहां कई उपकरण मौजूद हैं। मौके पर डॉ. आशीष रंजन,डॉ. एम.एम. प्रसाद, डॉ. धीरज कुमार,डॉ. विश्वजीत सिंह,डॉ. रवि कुमार, डॉ. इलहाक अंसारी, डॉ.आर.के. पांडे, चंद्रशेखर दुबे, प्रेमशंकर दूबे, संगीता कुमारी पंकज कुमार, नेजाम अंसारी,मधु कुमारी,किरण कुमारी,आरती कुमारी सहित अन्य कई लोग मौजूद थे।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष से मिलकर दी बधाई

विश्रामपुर। भाजपा नेता धर्मदेव सिंह यादव ने पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष सह सूबे के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी से प्रदेश कार्यालय में मुलाकात कर उन्हें अंगवस्त्र व पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित करते हुए बधाई दी। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र की कई ज्वलंत मुद्दों पर बातचीत कर उस पर सकारात्मक पहल करने का अनुरोध किया। वहीं प्रदेश अध्यक्ष श्री मरांडी ने जिले के अन्य मुद्दों पर भी चर्चा की और पलामू के वर्तमान राजनीतिक हालात की जानकारी ली।

पांच वर्षीय बच्ची के साथ छेड़खानी का आरोपी गया जेल

मेदिनीनगर। पांच वर्षीय बच्ची के साथ छेड़खानी के आरोप में शहर थाना की पुलिस ने एक युवक दीपक कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार मेदिनीनगर शहर थाना क्षेत्र के हमीदगंज निवासी दीपक कुमार एक दो दिन पहले एक 5 वर्षीय बच्ची के साथ छेड़खानी किया था। जिसमें बच्ची की स्थिति गंभीर हो गई थी। उसके बाद परिजनों के द्वारा बच्ची को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के बाद बच्ची खतरे से बाहर है। इस घटना के बाद परिजनों के द्वारा इस घटना से संबंधित मामला शहर थाना में दर्ज कराई गई थी। शहर थाना में मामला दर्ज होने के बाद गुरुवार को शहर थाना की पुलिस आरोपी दीपक कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

थाना में विदाई सम्मान समारोह का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। महिला थाना में कार्यरत एसआई अशोक कुमार सिंह का सीआईडी विभाग में तबादला होने के बाद महिला थाना के थाना प्रभारी किरण कक्षप, एसआई एनाम खान, कंप्यूटर ऑपरेटर इरफान खान सहित अन्य जवानों के द्वारा उन्हें विदाई दी गई। गौरतलब है कि अशोक कुमार सिंह कई वर्षों से महिला थाना में अपना सेवा दे रहे थे। इसी बीच वरीय पदाधिकारियों के द्वारा उनका स्थानांतरण सीआईडी विभाग में कर दिया गया है। अब वह महिला थाना को छोड़कर सीआईडी विभाग में कार्य करेंगे। अशोक कुमार सिंह ने बताया कि वह चार माह के बाद पुलिस की सेवा से सेवानिवृत्त हो जायेंगे। अशोक कुमार सिंह महिला थाना में रहते हुए कई पति पत्नियों के मामले को सुलझाने का प्रयास किये हैं।

सीआरपीएफ इंस्पेक्टर का पर्स गुम

मेदिनीनगर। चियांकी सीआरपीएफ 112 बटालियन के इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह का पर्स बाजार में सामान खरीदने के दौरान कहीं गुम हो गया। पर्स गुम हो जाने के बाद सीआरपीएफ इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह ने पर्स गुम होने से संबंधित मामला शहर थाना में दर्ज करा दिया है। थाना में दर्ज मामले में उन्होंने बताया है कि मेदिनीनगर बाजार सामान खरीदने गए हुए थे बाजार में सामान खरीदारी करने के उपरांत दुकानदार को पैसे देनें के लिए जब वे जेब से पर्स निकालने लगे, तो पता चला कि जेब में पर्स नहीं है। उनके पर्स में जरूरी कागजात पिस्टल लाइसेंस संख्या-14120/एजेड / एल/ पीआर 2008 तथा नकद राशि लगभग रु 2,000 थी जो कि चियांकि कैम्प से लेकर स्थानीय मार्केट के बीच में कहीं गिर गया।

अवैध खनन को लेकर डीएमओ ने की कार्रवाई

कोयल से बदस्तूर उठाव जारी 30 हजार सीएफटी बालू जब्त

10 जून से 15 अक्टूबर तक नदी से बालू खनन पर पूरी तरह से रोक लगा हुआ है :खनन पदाधिकारी

15 अक्टूबर तक बालू खनन एवं भंडारित करना कानून अपराध है

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। अवैध बालू खनन भंडारण एवं परिवहन पर रोक को लेकर जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार के द्वारा कार्रवाई की गयी। जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने कहा है कि 10 जून से 15 अक्टूबर तक नदी से बालू खनन पर पूरी तरह से रोक लगा हुआ है। 15 अक्टूबर तक बालू खनन एवं भंडारित करना कानून अपराध है। उन्होंने स्पष्ट कहा है कि बालू खनन करते पकड़े जाने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वहीं सदर थाना क्षेत्र के अमानत नदी के समीप अलग-अलग स्थलों पर रखे गये। वहीं 30 हजार सीएफटी अवैध बालू को जब्त किया गया। बालू भंडारित स्थल के भूमि मालिक समेत अज्ञात अवैध बालू भंडारितकर्ता, वाहन मालिक एवं चालक के खिलाफ सदर थाना में प्राथमिकी दर्ज करवायी गयी। एवं चिहिंत करते हुए सभी पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। उधर कोयल से बदस्तूर चोरी छुपे बालू का उठाव जारी है।

गुप्त सूचना पर हुई कार्रवाई

सदर थाना क्षेत्र के अमानत नदी के समीप अवैध रूप से बालू भंडारित की सूचना मिली थी। जिस पर जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार के द्वारा थाना प्रभारी गौतम कुमार के साथ गुरूवार को 10:15 बजे छापेमारी की गयी। छापेमारी के दौरान मौजा सिंगरा खुर्द के अमानत नदी के समीप अलग-अलग दो स्थलों पर 15-15 हजार सीएफटी बालू भंडारित पाया गया। जिसके बाद जेम्स पोर्टल पर जांच किया गया। जिसमें पाया कि किसी के नाम पर निबंधन नहीं है। जिस पर अविलंब कार्रवाई करते हुए बालू को जब्त कर लिया गया। वहीं भूमि मालिक, अज्ञात बालू परिवहन में संलिप्त वाहन मालिक, चालक पर प्राथमिकी दर्ज करवायी गयी। संलिप्त सभी व्यक्तियों को चिहिंत करते हुए कार्रवाई का निर्देश दिया।

आईआईटी व नीट में सफल विद्यार्थी सम्मानित

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। शहर के चियांकी स्थित गुरुवार को डीएवी प्रबंध कर्तृ समिति नई दिल्ली के प्रधान आर्यरत्न, पद्मश्री डॉ. पूनम सूरी एवं आर्यवीर डॉक्टर जेपी शूर, डायरेक्टर पीएस-1 के आशीष की छत्रछाया में संचालित एमके डीएवी पब्लिक स्कूल डाल्टनगंज के प्रांगण में प्रातः कालीन प्रार्थना सभा में दो छात्र रत्नों का सम्मान किया गया। हर्षित राज सुपुत्र संजय कुमार ने जेईई एडवांस में अखिल भारतीय स्तर पर 241 वें स्थान प्राप्त किया। इन्हें ओबीसी श्रेणी में 26 वां स्थान प्राप्त हुआ। दूसरे छात्र कृष सुपुत्र मनोज कुमार सिंह ने 632 / 720 अंक प्राप्त किया है। इन दोनों छात्रों को अंग वस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर विद्यालय के प्राचार्य डॉ. जीएन खान ने सम्मानित किया। अपने संबोधन में प्राचार्य डॉ. खान ने कहा कि दोनों बच्चों ने देश की प्रतिष्ठित परीक्षा में महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त किया है, जो विद्यालय के लिए गर्व का विषय है। इन छात्रों ने अपने प्रदर्शन से विद्यालय, अपने माता-पिता सहित पूरे पलामू का मान बढ़ाया है। इस विद्यालय के छात्र राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन करते हुए एक नई ऊंचाई को छू रहे हैं। मैं सभी छात्रों को उनके शानदार प्रदर्शन हेतु बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं। अपने उद्बोधन में छात्र हर्षित एवं कृष ने विद्यालय के छात्रों को सफलता के तरीकों की चर्चा करते हुए कहा कि मंच पर आने का अनुभव शानदार है। हम इसे प्राप्त करने के लिए लगातार परिश्रम कर रहे थे। हमारे सम्मुख खड़े छात्रों को भी यह अवसर मिले, ईश्वर से यही कामना है। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक शैलेंद्र कुमार, एस. मैत्री, आलोक कुमार, अभिषेक पांडे, एसके पांडे, जितेंद्र तिवारी, सीएस पांडे, करण सिंह, तुषार घोष उपस्थित थे।

आश्रम आवासीय विद्यालय में मेडिकल कैंप का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। शहर के रेड़मा चौक स्थित आश्रम आवासीय विद्यालय में मेडिकल कैम्प का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य विभाग के द्वारा डॉक्टर अमित मिश्रा और विद्यालय के प्रचार्य दिवाकर कुमार के नेतृत्व में मेडिकल कैम्प का आयोजन किया गया। मेडिकल कैम्प में विधालय के सभी छात्रों का निःशुल्क स्वास्थ्य जांच किया गया। वहीं चिकित्सकों के द्वारा निःशुल्क दवा भी छात्रों को उपलब्ध कराया गया। आपको बता दें कि विद्यालय में हर वर्ष मेडिकल कैम्प का आयोजन किया जाता है। वहीं विद्यालय में प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय में वार्षिक परीक्षा में उच्च अंक से पास छात्रों को मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र देकर समानित भी किया गया।

विद्यालय में सम्मान समारोह आयोजित

शहर के रेड़मा स्थित आश्रम आवासीय विद्यालय रेड़मा में गुरूवार को पलामू में माध्यमिक बोर्ड परीक्षा उत्तीर्ण एवं आकांक्षा 40 में उत्तीर्ण छात्रों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. डीएस श्रीवास्तव, प्रोफेसर जीएलए कॉलेज एवं डॉ. अमित कुमार सामुदायिक चिकित्सा पदाधिकारी सदर डालटनगंज की उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि द्वारा छात्रों को मोमेंटो एवं प्रसस्ती पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य दिवाकर प्रसाद सिंह एवं शिक्षक रजनीकांत राज, मनोज कुमार यादव, चन्दन शर्मा, दिलीप कुमार, निवेदिता मिश्रा एवं सभी कर्मचारी सहित कई लोग उपस्थित थे।

नल जल योजना की शुरूआत

नवीन मेल संवाददाता

मनातू। पलामू रंगेया पंचायत की मुखिया कुसमी देवी समाजसेवी अंतू सिंह ने संयुक्त रूप से नल जल योजना का उद्घाटन किया। रंगेया पंचायत झारखंड बिहार सीमा से सटा हुआ क्षेत्र है। इस गांव में पानी के लिए लोग नदी नाले का उपयोग करते हैं। इस परिस्थिति में सरकार की महत्वकांक्षी योजना नल जल जो घर-घर मिलना बड़ी बात है। मौके पर समाजसेवी अंतू सिंह ने कहा कि रंगिया पंचायत में लगभग 60 से 65 बोर किये जायेंगे। जिससे पंचायत वासियों को भरपूर सुविधा मिलगी। मौके पर मुखिया कुसमी देवी, समाजसेवी अंतू सिंह, वार्ड सदस्य पति रामआशीष सिंह उर्फ गुड्डू सिंह, पचू सिंह चेरो, रामदयाल उरांव, सूबेदार तुरी, रमेश यादव, वीरेंद्र उरांव, शिव व्रत यादव के अलावे काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

फेयर प्राइस शॉप डीलर एसोसिएशन के तहत हुई बैठक

सतबरवा। विवाह मंडप में गुरुवार को फेयर प्राइस शॉप डीलर एसोसिएशन के द्वारा विभिन्न मांगों को लेकर प्रखंड अध्यक्ष कृष्णकांत प्रसाद की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें मांग नहीं माने जाने पर 1 अगस्त से हड़ताल पर चले जाने का निर्णय लिया। इस बैठक में बतौर मुख्य अतिथि एसोसिएशन के झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष सह पलामू जिला प्रभारी रविंद्र पांडे, कार्यकारी सदस्य युगल किशोर तिवारी उपस्थित थे। एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष रविंद्र पांडे ने कहा कि आज के जमाने में भी हम लोगों को जो मशीन दी गई है।

एक अगस्त से हड़ताल पर जाने का निर्णय

प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य जुगल किशोर तिवारी ने कहा कि विभिन्न मांगों को लेकर 21 जुलाई को झारखंड सरकार के खादय आपूर्ति मंत्री रामेश्वर उरांव के साथ बैठक है ,अगर हमारी मांग मान ली गई ,तो हड़ताल वापस ले लेंगे, नहीं तो , 26 जुलाई को दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में पूरे देश से 3000 विक्रेता अपनी मांगों को लेकर शामिल होंगे। बैठक में डीलरों ने 2 को 4 में बदलने, बकाया कमीशन का भुगतान, लूंगी ,साड़ी, धोती के उठाव मे कमीशन पांच रुपया व परिवहन खर्च ,अनाज में तीन रुपये प्रति किलो कमिशन व प्रति क्विंटल पर 1 किलो शॉर्टेज अनाज देने के साथ तीस हजार रुपया महीना मानदेय देने। अन्य कामों में लगाया जाने पर उसका भुगतान करने की मांग की। इस मौके पर एसोसिएशन के पलामू जिला सदस्य बैजनाथ प्रसाद, सतबरवा प्रखंड सचिव पप्पू प्रसाद, समेत 100 की संख्या में डीलर मौजूद थे।

चिकित्सक ने अनाथ बच्ची को दिया सहारा

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। शहर के स्थानीय डॉ. राजीव नयन और सदर अस्पताल हेल्थ मैप सेंटर के मैनेजर शैलेंद्र कुमार ने एक अनाथ बच्ची का मुफ्त इलाज करवा कर मानवता का परिचय दिया है। बताते चलें कि गढ़वा जिले के रमकंडा थाना क्षेत्र के ग्राम रक्सी निवासी स्वर्गीय खुशीराम की पुत्री गुगली कुमारी उम्र 9 वर्ष पिछले 3 दिनों से बीमार चल रही है। पिता और मां की मौत होने के बाद बीमार गूगली कुमारी रक्सी गांव में अपने दादी के साथ रहती है। बीमार होने के बाद मामा वीरेंद्र भुइयां के द्वारा बच्ची गूगली कुमारी को गुरुवार की सुबह इलाज के लिए मेदिनीनगर शहर के प्रसिद्ध डॉक्टर राजीव नयन के पास लाया गया। राजीव नयन ने अपने सभी मरीजों को छोड़कर सबसे पहले गूगली कुमारी का इलाज किया और इलाज के बाद उसे मुफ्त दवा भी उपलब्ध कराया। मौके पर उपस्थित डॉ. राजीव नयन ने कहा कि यदि इस बच्ची को कोई भी दवा की जरूरत हो या मेरी जरूरत हो तो बेहिचक बताये। इसके बाद चिकित्सक डॉ. राजीव नयन के सलाह से उसे सीटी स्कैन और एक्सरे के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेजा गया। जहां हेल्थ मैप के मैनेजर शैलेंद्र कुमार सिंह के द्वारा अनाथ बच्ची की गंभीर हालत को देखते हुए मुफ्त में सीटी स्कैन और एक्सरे करवाया। बताते चलें कि गुगली कुमारी की देखरेख के लिए मात्र एक दादी ही सहारा है, जो किसी तरह लोगों के घर से मांग कर अपनी पोती का भरण पोषण करते हैं। अत्यंत गरीब और लाचार गूगली कुमारी के इलाज के लिए अब दो लोग अपना कदम बढ़ा दिये हैं,अब गुगली कुमारी का इलाज सुचारू रूप से सदर अस्पताल में चल रहा है।

दहशत चालक की लापरवाही ने पोल में मारी टक्कर

बिजली करंट के कारण लगी आग ,अफरातफरी

पाटन मोड़ के दुकानदारों का इलेक्ट्रॉनिक समान जला

बिजली विभाग ने तत्परता दिखाते हुए पोल और तार को दुरुस्त किया

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पड़वा राष्ट्रीय राजमार्ग 75 निर्माण को ले फ्लाईएस डंप कर रहे वाहन ने बुधवार की रात 11 हजार बिजली के तार और पोल में टक्कर मार दी। इससे पोल और तार सड़क पर गिर गया। तार से बिजली के करंट प्रवाह होने के कारण आग लग गई। जबकि 440 तार में 11 हजार वोल्ट प्रवाह होने से पाटन मोड़ पर लगे हाई मास्क के बल्ब जल कर खाक हो गए। वहीं पाटन मोड़ के दुकानदारों का इलेक्ट्रॉनिक

समान जल गया। राहगीरों ने इसकी सूचना बिजली मिस्त्री अनुज को दी। जिसके बाद सब स्टेशन से बिजली कटवाया गया। दुघर्टना में वाहन चालक और वाहन बाल-बाल बचा। चालक गाड़ी लेकर फरार हो गया। गुरुवार को बिजली विभाग ने तत्परता दिखाते हुए पोल और तार को दुरुस्त किया। मालूम हो की जहां एन एच 75 बनाने को फ्लाई ऐश डंप किया जा रहा है वहा हाई वोल्टेज 33 हजार का तार भी गुजरा है जो पाटन सब स्टेशन में जाता है। मालूम हो की बड़ी संख्या में वाहन माल का ढुलाई कर रहे हैं। ये वाहन पहले माल खाली करने के चक्कर में बिना कुछ देखे और सुने वाहन को इधर उधर घुमाते और खड़ा करते है। जबकि कंपनी के स्टाफ मैदान में जहां माल खाली होता है वहां होते है। लेकिन सड़क पर वाहनों को देखने वाला कोई नहीं। इन वाहनों के चलने से धूल इतने उड़ते हैं कि रोड में खुली आंख पार करना मुश्किल हो गया है। मैदान में इतना जगह है की सैकड़ों गाड़ी खड़ा हो सकता है लेकिन सभी वाहन सड़क पर ही घंटो खड़ा रहते है जब तक माल खाली नहीं हो जाता।

ध्यान करते समय प्रभु के अंगों में ही सभी लोकों का ध्यान करना चाहिए : जीयर स्वामी

नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर

प्रखंड के पाल्हे जतपुरा ग्राम में चल रहे प्रवचन के दौरान जीयर स्वामी महाराज ने कहा कि सुकदेव जी महाराज ने बताया कि मंगलाचरण का मतलब होता है मंगल करना। जैसे कि किसी का विवाह हो रहा हो उसकी भूत, भविष्य, वर्तमान की कामना करना ही मंगलाचरण है। इसके लिए पितरों को गीत गाकर, ऋषियों को, भगवान को, देवताओं को गोहराना ही मंगलाचरण होता है। इसी प्रकार शुकदेवजी ने भी बाद में मंगलाचरण किया कि जो मैं कह रहा हूं उससे समाज में परिवार में जो सुनने वाला हो उसका मंगल हो इसीलिए मंगलाचरण किया जाता है। चाहे भजन के रूप में हो या स्तुति के रूप में हो। शुकदेव जी ने परिक्षित को बताया कि जो अच्छे सदाचारी ब्राम्हण हो उसे भगवान

का मुख बताया गया है। भगवान के मुख का पूजा करने का मतलब अग्नि का पूजन, रोम का पूजा का मतलब वृक्ष तथा नाड़ी का पूजा से नदियों का, स्वास जो है भगवान का वायु है भगवान की गति जो है। संसार को महायज्ञ का फल मिल गया। भगवान के नेत्र के ध्यान का मतलब अंतरिक्ष का ध्यान कर लिया। भगवान के पैर के तलवे को ध्यान करते हुए यह मानना चाहिए कि यह पताल लोक है। पैर के अग्र भाग रसातल लोक, दोनों एड़ी का ध्यान का मतलब महातल का दर्शन, जांघों के ध्यान का मतलब महीतल लोक का दर्शन है। दोनों पेंडुली का दर्शन परासर लोक की पूजा, घुटनों का दर्शन सुतल लोक का दर्शन, नाभी का दर्शन करने का मतलब हमने आकाश का दर्शन, भगवान के वक्षस्थल का पूजा करने का मतलब स्वर्गलोक का दर्शन कर लिया मुख का दर्शन करने का मतलब जन लोक, ललाट का दर्शन करने का मतलब तपोलोक का दर्शन, सिरोभाग का दर्शन सत लोक है, भगवान की भुजा की पूजा करने का मतलब इंद्र की, कान का ध्यान करने का मतलब दिशा का पूजन, इस प्रकार भगवान के अंगों का ध्यान करने से अलग अलग लोकों के परिक्रमा करने का फल प्राप्त होता है। यदि सारी दुनिया के तीर्थ व्रत देवी देवता की पूजा करने की क्षमता नहीं है तो केवल एक मात्र भगवान नारायण की पूजा कर ली तो सभी देवताओं को के सातों लोकों की अराधना कर ली।

अनुमंडल पदाधिकारी ने किया स्वामी का दर्शन

श्री बंशीधर नगर। अनुमंडल पदाधिकारी आलोक कुमार गुरुवार को पाल्हे-जतपुरा गांव में पूज्य संत जीयर स्वामी महाराज के संकल्पित चातुर्मास्य व्रत स्थल पर पहुंचे। यहां अनुमंडल पदाधिकारी ने सर्वप्रथम महाराज का दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। अनुमंडल पदाधिकारी ने यज्ञ समिति से यहां की व्यवस्था के संबंध में जानकारी प्राप्त की तथा कहा कि श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ को ऐतिहासिक बनाने में हमारा पूर्ण सहयोग समिति को हमेशा मिलता रहेगा। महाराज का दर्शन करने के बाद अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि यहां आकर काफी अच्छा लगा तथा आत्मशांति प्राप्त हुई। सचिव अनिल शुक्ल, राकेश चौबे, अमित शुक्ल, उमेश शुक्ल, शैलेश चौबे सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

पूर्वमंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी को किया गया सम्मानित

श्री बंशीधर नगर। प्रखंड के पाल्हे-जतपुरा गांव में पूज्य संत जीयर स्वामी महाराज का दर्शन कर आशीर्वाद लेने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ रही है। इसी क्रम में गुरुवार को मझिआंव विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक सह पूर्व मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी अपने समर्थकों के साथ यज्ञ स्थल पर पहुंचे। वे महाराज का दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। पूर्व मंत्री को यज्ञ समिति के सचिव अनीश शुक्ल, सह सचिव राकेश चौबे, उपाध्यक्ष अमित शुक्ला आदि ने प्रतीक चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। साथ ही अक्टूबर माह में होने वाले श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में भाग लेकर पुण्य का भागी बनने के लिए आमंत्रण पत्र दिया। मौके पर सुनील चौबे, उमेश शुक्ला, धीरेंद्र चौबे, ओमप्रकाश तिवारी आदि उपस्थित थे।

सहिया की मनमानी से आक्रोशित, बीडीओ से की कार्रवाई मांग

आंगनबाड़ी केंद्र में अपने बच्चे नहीं भेजेंगे ग्रामीण

नवीन मेल संवाददाता। भंडरिया

प्रखंड क्षेत्र के रामर गांव टोला सखुआपानी आंगनबाड़ी केंद्र के पोषक क्षेत्र के आक्रोशित ग्रामीणों ने सहिया की मनमानी से आक्रोशित होकर आंगनबाड़ी केंद्र में अपने बच्चों को नहीं भेजने का लिया निर्णय। आक्रोशित ग्रामीणों ने गुरुवार को प्रखंड प्रमुख व पंचायत के मुखिया के उपस्थिति में बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्र नहीं भेजने को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी विपिन कुमार भारती के नाम आवेदन देते हुए तत्काल आंगनबाड़ी सेविका पर कार्रवाई करते हुए दूसरी आंगनबाड़ी सेविका को पदस्थापित करने तक अपने अपने बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्र नहीं भेजने का निर्णय लिया है। लोगों ने आवेदन में जिक्र करते हुए सेविका पर आरोप लगाया है कि सरकार के द्वारा मिलने वाले किशोरी, युवती, धात्री व मात्री महिलाओं को समय पर पोषाहार नहीं दिया जाता है। न ही सरकार के द्वारा बच्चों के लिए मिलने वाले पोषाक आदि का लाभ मिलता है। बच्चों को प्रतिदिन मीनू के अनुसार भोजन भी नहीं दिया जाता है। रोज

बच्चों को सिर्फ खिचड़ी दी जाती है। 25 जून को पोषक क्षेत्र के ग्रामीणों के द्वारा सेविका की मनमानी को लेकर आंगनबाड़ी केंद्र में ताला लगाते हुए अधिकारियों को सूचना दी गयी थी, जिस पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सह सीडीपीओ विपिन कुमार भारती के द्वारा केंद्र की जांच के उपरांत आंगनबाड़ी सेविका का एक दिन का मानदेय काटते हुए आंगनबाड़ी केंद्र में उपस्थित नहीं रहने का स्पष्टीकरण मांगा गया था व कार्य में सुधार लाने की हिदायत दी गई थी।

बता दें कि आंगनबाड़ी केंद्र में कुल 55 बच्चे नामांकित हैं। 500 घरों में एक आंगनबाड़ी केंद्र स्थापित है। सेविका का हस्तांतरण होता तो गरीब, असहाय को लाभ मिलता। इस संबंध में प्रखंड प्रमुख शांति देवी ने कहा कि आंगनबाड़ी सेविका की कार्यप्रणाली पर शक है। इस बारे में उच्च अधिकारी को लिखा जाएगा। पंचायत के मुखिया अनीता बाखला ने कहा कि हम पंचायत प्रतिनिधियों का सेविका द्वारा अनादर किया जा रहा है तो असहाय ग्रामीणों के साथ क्या किया जा रहा होगा? जांच कर कार्रवाई की जाएगी। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी विपिन भारती ने कहा कि आवेदन के आलोक में जांच कर पोषक क्षेत्र के लाभुकों को सरकार से मिलने वाले लाभ मिले इसकी व्यवस्था की जाएगी।

एक दर्जन कांवड़ियों को किया गया रवाना

भवनाथपुर। प्रखंड के बनसानी पंचायत के रोहिणीया गांव के एक दर्जन कांवड़ियों को गुरुवार को जिला परिषद सदस्य रंजनी शर्मा ने गमछा देकर सम्मानित करते हुए बाबा धाम के लिए रवाना किया। बाबा धाम जाने के पूर्व सभी कांवड़ियों ने भवनाथपुर स्थित पहाड़ी मंदिर में विधिवत पूजा अर्चना कर माथा टेका। सभी शिव भक्त बोल बम और हर हर महादेव का नारा लगाते हुए रवाना हुए। मौके पर जिला परिषद सदस्य रजनी शर्मा ने सभी कांवड़ियों को सफल यात्रा की शुभकामनाएं दी। बाबा धाम जाने वालों में बनसानी पंचायत के मुखिया राजेश्वर पासवान, ईश्वरी बैठा, विजय कुमार यादव, बालेश्वर अगरिया, भगवानी देवी, लालती देवी, कलावती कुंवर, कमला देवी, मंजू देवी, कुंती देवी, चमेली कुंवर आदि शामिल हैं। बाबा धाम रवाना होने के पूर्व सभी कांवड़ियों ने बताया कि वे लोग प्रत्येक वर्ष आदिदेव महादेव के दरबार में हाजिरी लगाते हैं और बाबा भोलेनाथ से अपने व परिवार की सुख, समृद्धि व खुशहाली की कामना करते हुए क्षेत्र, राज्य व देश के विकास, अमन, शांति व खुशहाली की भी कामना करते हैं।

बीडीओ ने की पीडीएस दुकान की जांच

ग्रामीणों ने डीलर के खिलाफ की थी कम राशन देने की शिकायत

नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर

पंडरिया पंचायत के सरैया गांव के दर्जनों लाभुकों ने जनवितरण प्रणाली दुकानदार पर राशन गबन करने व कम राशन देने की शिकायत विधायक प्रतिनिधि सुनील सिंह एवं भानु गुप्ता को देकर स्वर्णलता महिला स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष धनवंती देवी पर कार्रवाई करने की मांग के साथ दुसरे दुकानदार से राशन दिलवाने की मांग की थी। विधायक प्रतिनिधि सुनील सिंह एवं भानु गुप्ता ने बीडीओ सह एमओ को आवेदन देकर पीडीएस दुकान की जांच की मांग की थी। इस पर बीडीओ सह एमओ जयपाल महतो ने बुधवार को पीडीएस दुकान की जांच की।

सरैया के लाभुक प्रेमनी देवी, सोनी देवी, विमला देवी, बिंदा देवी, गीता देवी, चंपा देवी, ममता देवी, मंजू देवी, शांति देवी, लक्ष्मी देवी, ललिता देवी,संगीता देवी, शारदा देवी, चंद्रावती देवी, ममता देवी, बिगन साह, पदमा देवी, नागेंद्र शाह, प्रेमीदेवी, तारकेश्वर साह सहित दर्जनों लाभुकों ने बीडीओ सह एमओ से कहा कि स्वर्ण लता महिला स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष धनवंती देवी पति सुरेंद्र शाह पर आरोप लगाते हुए कहा कि जुलाई महीने का राशन जब लेने गए तो दुकानदार द्वारा प्रति कार्ड धारी को 4 किलो राशन दिया जा रहा था जिसे लेने से इनकार कर दिया। पूछने पर राशन कम क्यों दे रहे हैं तो सुरेंद्र साह के द्वारा कहा गया कि लेना है तो लिजिए, नहीं तो जाईए। लाभुकों ने आरोप लगाया कि दिसंबर 22 व जनवरी 23 का भी राशन नहीं दिया गया है। लाभुकों को देने के बजाय डीलर के द्वारा राशन की कालाबाजारी कर दी गई है। इतना ही नहीं राशन लेने के बाद पर्चा भी नहीं दिया जाता है। धन्वंतरी देवी के पति सुरेंद्र शाह ने बीडीओ को बताया कि दिसंबर 22 व जनवरी 23 का राशन मिला ही नहीं है जो अंडर प्रोसेस में है। साथ ही जून महीने का राशन कट गया है। 16.72 क्विंटल की जगह 4.32 क्विंटल चावल तथा 4.26 क्विंटल गेहूं की जगह 8 किलो मिला है। बीडीओ जयपाल महतो ने सभी लाभुकों से कहा कि डीलर द्वारा जितना राशन दिया जा रहा है उसे कार्ड में जरूर चढ़वाकर हस्ताक्षर करा लें एवं अंगूठा लगाकर पर्ची जरूर लें। बीडीओ सह एम ओ ने पूछे जाने पर कहा कि डीलर को सस्पेंड कर दिया गया है, नजदीक के डीलर से लाभुकों को टैग किया जाएगा। वहीं डीलर से लाभुकों से अंगूठा लगाकर पर्ची क्यों नहीं निकाला गया स्पष्टीकरण पूछा जाएगा। इस मौके पर मुखिया पति अनिल चौबे, विधायक प्रतिनिधि भानु गुप्ता, आलोक गुप्ता सहित कई लोग उपस्थित थे।

एग्री क्लिनिक सेंटर में नये बीटीएम के स्वागत में हुआ सम्मान समारोह

नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर

प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित एग्री क्लिनिक सेंटर में गुरुवार को बीटीएम दयानंद पांडेय के स्थानांतरण के बाद विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया तथा नये बीटीएम विजय कुमार यादव का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में किसान मित्रों द्वारा दोनों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए अंचल पदाधिकारी अरुण कुमार एक्का ने कहा कि नौकरी में तबादला तो आम बात होती है लेकिन कर्मी एवं पदाधिकारी द्वारा अपने कार्यकाल के दौरान किये गये अच्छे कार्य की सराहना होती है।

उन्होंने कहा कि कर्मियों को चाहिए कि कही भी जाये तो अपने अच्छे व्यवहार एवं कार्य से क्षेत्र के लोगों का दिल जीतने का कार्य करें। बीटीएम दयानंद पांडेय ने कहा कि यहां के लोगों का भरपूर सहयोग प्राप्त हुआ, जिसके कारण कार्य करने में काफी सहूलियत हुई। यहां के लोगों ने हमें काफी सम्मान एवं प्यार दिया। इसे हम भूल नहीं सकते। सम्मान समारोह में किसान मित्र मुकेश शुक्ल, सुदेश्वर विश्वकर्मा, हसन अंसारी, अरुण कुमार चौबे, दिलीप पटेल, शिवकुमार राम, सुशील सिंह, बिपिन बिहारी सिंह, धर्मेंद्र प्रताप देव, मुकेश तिवारी सहित सभी किसान मित्र उपस्थित थे।

ताली गांव में सड़क का मुखिया ने किया शिलान्यास

हर कच्ची सड़क का पक्कीकरण किया जायेगा : मुखिया

नवीन मेल संवाददाता। केतार

प्रखंड क्षेत्र के मुकुंदपुर पंचायत के ताली गांव में गुरुवार को मुखिया मुंगा साह ने पीसीसी सड़क का शिलान्यास विधिवत पूजा अर्चना के पश्चात नारियल फोड़कर किया। उक्त सड़क पंद्रहवें वित्त आयोग की राशि से 2 लाख 49 हजार 500 रुपये की लागत से भीम साह के घर से अरूण साह के घर तक बनेगी। इससे पूर्व ग्रामीणों ने मुखिया को फुल माला पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर मुखिया मुंगा साह ने कहा की इस सड़क को बनने से गाव के ग्रामीणों को आवागमन में सहुलियत होगी। बरसात के दिनों में ग्रामीणों को बहुत कठिनाइयों का समाना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि पंचायत की हर कच्ची सड़क को धीरे-धीरे पक्कीकरण किया

जायेगा। उन्होंने संवेदक को गुणवत्तापूर्ण सड़क बनाने को कहा। मुखिया ने कहा कि पंचायत के मजदूरों का गांव में रोजगार उपलब्ध कराने के लिए आम बागवानी आदि योजनाएं चलाई जा रही हैं।

इस मौके पर मेराजुद्दीन अंसारी, संतोष प्रसाद, सुग्रीव साह, मनीलाल गुप्ता, शंभू साह, हजारी साह, बजारी साह, पप्पू साह, महेंद्र साह, सिताराम साह, अनुज कुमार, गुडु साह, दिनेश गुप्ता, दिवाकर साह, दीनानाथ साह, जाटा राम, विनोद साह, रवि गुप्ता, राम अवतार चंद्रवंशी, राम जी चंद्रवंशी, मोहित साह, शिव कुमार सिंह, मानीक चंद्र गुप्ता भोला साह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

बच्चों को दी गयी विधिक सेवाओं की जानकारी

महुआडांड़। प्रखंड के अंतर्गत अनुसूचित जनजाति आवासीय उच्च विद्यालय महुआडांड़ में स्वाति विजय उपाध्याय सचिव लालसा लातेहार के निर्देशानुसार कानूनी सहायता केंद्र के पीएलभी इंद्रजीत प्रसाद ने उपस्थित छात्रों को जिला विधिक सेवा प्राधिकार लातेहार द्वारा प्रदत्त निशुल्क सेवा कानूनी सेवाओ के बारे में विस्तृत रूप से छात्र-छात्रओं को जानकारी दी। प्रसाद ने कहा विधिक सेवाओं के साथ भष्टाचार और अंधविश्वास के खिलाफ भी छात्रों को जागरूक रहने को कहा गया। साथ ही जीवन में स्वास्थ कैसे रहें, इसके लिये कुछ महत्वपूर्ण टिप्स दिये गये। मौके पर प्राचार्य गिरजाराम, शिक्षक दिलेशवर टोप्पो सहित स्कूल सभी शिक्षक एवं छात्र छात्राएं मौजूद थे।

चेतावनी मुहर्रम को लेकर केतार थाने में शांति समिति की बैठक, बीडीओ बोले

भड़काऊ मैसेज फारवर्ड करने पर होगी कार्रवाई

नवीन मेल संवाददाता। केतार

केतार थाना परिसर में मुहर्रम पर्व के मध्येंनजर गुरुवार को बीडीओ मुकेश मछुआ की अध्यक्षता में बैठक हुई। बीडीओ मुकेश मछुआ ने दोनों समुदायों के प्रबुद्ध लोगों से मुहर्रम का त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से आपसी भाईचारे के साथ मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि डीजे निर्धारित सीमा में ही बजाएं और निर्धारित रूट से ही निकालें।

बीडीओ ने कहा कि जूलूस में भड़काऊ नारा लगाने तथा गैर पारंपरिक हथियारों का प्रदर्शन करने वाले लोगों को चिन्हित कर तत्काल कार्रवाई की जायेगी। बीडीओ ने कहा

कि जूलूस के रूट पर अगर किसी दूसरे धर्मावलंबियों का पूजा स्थल है तो वहां पर रुककर कोई कार्यक्रम या शक्ति का प्रदर्शन नहीं करें। वहीं थाना प्रभारी संतोष कुमार रवि ने कहा कि ऐसा कोई भी कार्य नहीं करें जिससे अन्य धर्म के लोगों की भावना आहत हो। उन्होंने 29 जुलाई को ताजिये का पहलाम निर्धारित समय पर ही करने का निर्देश दिया गया। अफवाहों पर ध्यान नहीं दें। वहीं धार्मिक भावना आहत करने वाला मैसेज फारवर्ड करने वाले लोगों पर कार्रवाई होगी। वहीं बेलाबार - नावाडीह गांव के ग्रामीणों ने सड़क से अतिक्रमण हटवाने की मांग की है।

मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि सुरेंद्र प्रसाद, मुखिया मुंगा साह, मुन्नी देवी, श्याम सुंदर बैठा, मुखिया प्रतिनिधि मनोरंजन गुप्ता, राम बिचार साहू, हेमंत पाठक, त्रिपुरारी सिंह, बीस सूत्री उपाध्यक्ष शुशिल पाठक, हकमुदिन अंसारी, मेराजुद्दीन अंसारी, साबित अली, अली हुसैन, समीम अंसारी, जसमुदिन अंसारी, अलताब आलम, छोटन सिंह, सुधीर ठाकुर प्रदुम्न प्रसाद आदि मौजूद थे।

डीडीसी की अगुवाई में जिला स्तरीय स्वास्थ्य समिति की हुई समीक्षा बैठक

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा

उप विकास आयुक्त समीरा एस की अध्यक्षता में जिला स्तरीय स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित हुई। बैठक में लोहरदगा जिला में इस वित्तीय वर्ष के प्रथम तिमाही में एएनसी रजिस्ट्रेशन, एनीमिक महिलाओं की पहचान व उनका इलाज, हिमोग्लोबीन की कमी वाले महिलाओं की पहचान व उनका इलाज, लिंगानुपात, संस्थागत प्रसव, कुशल अटेंडेंट के द्वारा घर में हुए डिलिवरी, नवजात को एक घंटे के अंदर स्तनपान कराये जाने, अल्पवजनी बच्चों की संख्या आदि बिंदुओं पर समीक्षा की गई। सिविल सर्जन को जिला के

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के लिए क्रय किये गये अल्ट्रासाउंड मशीनों के संचालन के लिए यूपीएस का क्रय कर अल्ट्रासाउंड मशीनों का इस्तेमाल प्रारंभ कराने का निर्देश दिया गया। बैठक जून माह में टीबी रोगियों, मलेरिया रोगियों और कुष्ठ रोगियों की पहचान व ईलाज की समीक्षा की गई व आवश्यक निर्देश दिये गये। बैठक में नीति आयोग की ओर से विभिन्न इंडीकेटर्स पर दिये गये निर्देशों का अक्षरशः पालन किये जाने का निदेश दिया गया और प्रतिवेदन समर्पित किये जाने का निर्देश दिया गया। बैठक में सिविल सर्जन डॉ संजय कुमार सुबोध, सदर अस्पताल उपाधीक्षक, डीपीएम एनएचएम, अस्पताल प्रबंधक, सभी एमओआईसी व अन्य समन्वयक उपस्थित थे।

मणिपुर हिंसा रोकने में केंद्र सरकार विफल, राज्य में राष्ट्रपति करें हस्तक्षेप : कांग्रेस

नवीन मेल संवाददाता। चंदवा

प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि असगर ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर मणिपूर में लगातार दो माह से अधिक समय से जारी हिंसा पर चिंता जाहिर की है। असगर खान ने कहा है कि मणिपूर राज्य में दो माह से अधिक समय से जारी हिंसा को रोकने में केंद्र की भाजपा नेतृत्व वाली नरेंद्र मोदी सरकार पुरी तरह विफल रही है। इसलिए उन्होंने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मणिपूर में तत्काल शांति बहाली के लिए कदम उठाने की मांग की है। मणिपुर से आ रही हिंसा और महिलाओं के खिलाफ अत्याचार की तस्वीरें दिल दहला देने वाली है। मणिपुर में पुरुषों के समूह के द्वारा घरों और सड़कों पर तांडव कर रहे हैं, महिलाओं और बच्चों को निशाना बनाया जा रहा है। उनके साथ

शर्मसार करने वाली घटनाएं घट रही है और केंद्र में सत्तारूढ मोदी सरकार तमाशबीन है। मणिपूर की भयावह घटना की जितनी निंदा की जाए कम है, समाज में हिंसा का सबसे ज्यादा दंश महिलाओं व बच्चों को झेलना पड़ता है। प्रधानमंत्री आखिर मणिपुर की हिंसक घटनाओं पर आंख मूंद कर क्यों बैठे हैं? क्या इस तरह की तस्वीरें व हिंसक घटनाएं उन्हें विचलित नहीं करतीं हैं? पीएम की चुप्पी व निष्क्रियता ने मणिपुर को अराजकता की ओर धकेल दिया है।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया पुतला दहन

लातेहार। बृहस्पतिवार को कांग्रेस नेता साजन कुमार के नेतृत्व में लातेहार समाहार न्यायालय के समक्ष पुतला दहन किया गया। इस दौरान कहा गया कि भाजपा शासित राज्य मणिपुर पिछले ढायी महीने से जातीय हिंसा की आग में जल रहा है। इसके बावजूद हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्र सरकार मुख्य दर्शक बने हुएं हैं। भाजपा सरकार अब तक मणिपुर में चल रही जातीय हिंसा को रोकने में पूर्णता नाकाम रही है। मणिपुर में भीड़ द्वारा आदिवासी महिलाओं को नंगा कर उनके शरीर के साथ शर्मनाक दुर्व्यवहार करने का

विडियो प्रकाश में आया है। इस मौके पर प्रदेश प्रतिनिधि पंकज तिवारी, अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष सलाम अंसारी, प्रखंड अध्यक्ष हिरंज लाडले खान, बरवाडीह प्रखंड अध्यक्ष प्रिंस गुप्ता, युवा जिला युवा अध्यक्ष अमित कुमार यादव, युवा जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र उरांव, विधायक प्रतिनिधि हरिशंकर यादव, युवा विधानसभा उपाध्यक्ष संतोष रजक, इमरान अंसारी, विजेंद्र उरांव, साजिद अंसारी, ज्योति प्रकाश दुबे, सर्कस उरांव, मनोज पासवान, सोनू जायसवाल आदि दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल थे।

मणिपुर की बर्बर घटना पर बीडीओ को सौंपा राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन

नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ

मणिपुर में कुकी समुदाय की महिलाओं के साथ अमानवीय व्यवहार के विरोध में प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि मो. आमिर हयात ने बृहस्पतिवार को राष्ट्रपति के नाम बीडीओ को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में उक्त घटना पर संवेदना व्यक्त कर मौजूदा सरकार पर आक्रोश जाहिर की गयी है। कहा कि मणिपुर की घटना हर हिंदुस्तानी की आत्मा को झकझोर देने वाली घटना है। दलित, आदिवासी महिला की आबरू नहीं बल्कि हमारी देश की आबरू लूटी और हत्या की गई है। मणिपुर की अराजक स्थिति पर प्रधानमंत्री और गृह मंत्री का चुप रहना- प्रेम, सौहार्द, इंसानियत, सामाजिक एकता एवं भारतीय सभ्यता से कोई लेना-देना नहीं दर्शाता है। हयात ने

राष्ट्रपति से अपनी शक्तियों का उपयोग कर मणिपुर में आदिवासियों की खूबसूरत संस्कृति एवं सभ्यता को बचाने के लिए कोई ठोस कदम उठाने की मांग की है ताकि मणिपुर में शांति बहाल हो सके।

20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष पुत्र ब्लाइंड मर्डर का खुलासा, दो गिरफ्तार

अत्यधिक ब्राउन शुगर का सेवन करने से हुई थी ऋतिक की मौत

नवीन मेल संवाददाता। चतरा

बीते 14 मई को शहर के धंगरटोली मोहल्ले में हुए सदर प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष उपेंद्र दांगी के पुत्र रितिक कुमार ब्लाइंड मर्डर केस का उद्भेदन करते हुए दो चचेरे भाई को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया है। एसडीपीओ अविनाश कुमार के नेतृत्व में गठित एसआईटी ने ब्लाइंड मर्डर केस का अनुसंधान करते हुए कई चौकाने वाले खुलासे किए हैं। एसडीपीओ ने बताया कि रितिक की मौत अत्यधिक ब्राउन शुगर का सेवन करने से हुई थी। इसका खुलासा मेडिकल रिपोर्ट में हुआ है।

इस मामले में एसआईटी ने मृतक के दो चचेरे भाई सूरज कुमार और रोहित कुमार को गिरफ्तार किया है। सदर थाना में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में एसडीपीओ ने बताया कि मृतक अपने दोनो चचेरे भाइयों के साथ झारखंड-बिहार समेत अंतरराज्यीय ड्रग माफिया गिरोह से जुड़ा था और नियमित रूप से ब्राउन शुगर व अन्य मादक पदार्थों का सेवन करने के साथ उसकी तस्करी भी विभिन्न राज्यों के सफेदपोशों

और माफियाओं को करता था। इसी दौरान विगत 14 मई की रात अत्यधिक ब्राउन शुगर का सेवन करने से रितिक की मौत हो गई थी। उसी दिन साथ में गिरफ्तार दोनों चचेरे भाइयों ने भी ब्राउन शुगर का सेवन किया था, लेकिन ओवरडोज के कारण उसकी मौत हो गई। एसडीपीओ ने आगे बताया कि एसआइटी में शामिल सदर थाना प्रभारी मनोहर करमाली, एसआई मनोज कुमार पाल, सिकंदर सिंकू, विकास पासवान व तकनीकी शाखा ने प्रोफेशनल तरीके से मामले का अनुसंधान कर ब्लाइंड मर्डर केस का खुलासा किया है। जांच के दौरान कई ऐसे तथ्य सामने आए हैं जिससे यह स्पष्ट हुआ है कि मृतक व उसके दो भाइयों के अलावे गिरोह में शामिल अन्य तस्करों और माफियाओं के द्वारा ब्राउन शुगर की नियमित तस्करी की जा रही थी। रितिक व गिरफ्तार दोनों भाइयों के बैंक खातों के माध्यम से भी ब्राउन शुगर की तस्करी और खरीद बिक्री के खुलासे हुए हैं। इस बाबत एसआईटी ने मृतक व गिरफ्तार आरोपियों के बैंक खातों का ट्रांजैक्शन और सीडीआर भी निकाला है। जल्द ही गिरोह में शामिल अन्य फरार तस्करों और माफियाओं के विरुद्ध गिरफ्तारी की कार्रवाई की जाएगी।

ट्रैक्टर व बाइक की सीधी टक्कर में तीन लोग घायल

संवाद सूत्र। भंडरिया

भंडरिया बड़गड़ मुख्य मार्ग के नौका गांव स्थित आईटीआई कालेज के समीप गुरुवार की शाम करीब छह बजे ट्रैक्टर व मोटरसाइकिल की आमने सामने की भीषण टक्कर में मोटरसाइकिल सवार दो महिला सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरिया लाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए सदर अस्पताल गढवा भेजा गया है। घायलो में जितेंद्र बाखला, महिमा

खलखो व रबिना खलखो भंडरिया थाना क्षेत्र के सालों गांव के बताए गए हैं। जानकारी के अनुसार उक्त तीनों लोग एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर डालटेनगंज से वापस अपने घर सालों लौट रहे थे। इसी दौरान नौका गांव स्थित आईटीआई कालेज के समीप विपरीत दिशा से तेज गति से आ रहे एक ट्रैक्टर से सीधी टक्कर हो गई। दोनों घायल महिलाएं आपस में गोतनी बतायी गयी हैं। वहीं मोटरसाइकिल चालक गांव के रिश्ते से दोनों महिला का देवर बताया गया है। वहीं पुलिस ने घटना स्थल दोनों वाहनों को जब्त कर लिया है। ट्रैक्टर भंडरिया थाना क्षेत्र के हेसातु गांव निवासी राजेंद्र साव का बताया गया है। बताया जा रहा कि ट्रैक्टर चालक घटना के समय नशे में धुत था तथा ट्रैकटर काफी तेज गति से चला रहा था।

'मजबूती के साथ सत्ता में भागीदारी सुनिश्चित करें'

नवीन मेल संवाददाता। लातेहार

जिला मुख्यालय में नेशनल पीपुल्स पार्टी की ओर से बैठक की गयी, जिसकी पार्टी के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष पंकज कुमार ने अध्यक्षता की। बैठक में सैकड़ों नेशनल पीपुल्स पार्टी के कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। पंकज कुमार ने कहा ज्यादा से ज्यादा संख्या में नेशनल पीपुल्स पार्टी का सदस्य बनाएं। हम आगामी चुनाव में मजबूती के साथ सत्ता में अपना भागीदारी तय करेंगे। पंकज कुमार ने सभी कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया कि आने वाले चुनाव में प्रखंड स्तर पर हर प्रखंड में प्रखंड अध्यक्ष बनाया

जाएगा। इसको लेकर तैयारी चल रही है। आगामी 23 जुलाई को रांची में सभी जिलों के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष का सम्मेलन है, जिसमें रणनीति तैयार की जाएगी। बैठक में पार्टी के प्रवेश कार्यकारी अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह, प्रदेश संगठन मंत्री दिलीप सिंह, प्रदेश महिला अध्यक्ष रायमणी मुंडा समेत कई पदाधिकारियों ने भाग लिया।

संक्षिप्त

हाईवा और ट्रक की टक्कर में चालक घायल

बालूमाथ। हाईवा और ट्रक के टक्कर में चालक घायल हो गया है। घटना बालूमाथ सवासार ग्राम के पास का है जहां बालूमाथ से मगध की ओर जा रही हाईवा और विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक में आमने सामने टक्कर हो गई टक्कर में चालक वकील भुइँया वरकुटे टंडवा निवासी घायल हो गया है, जिसे बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के पश्चात रिम्स रेफर कर दी गई है।

वित्त मंत्री से मिलकर समस्या से अवगत कराया

बालूमाथ। जिला पड़हा राजा प्रभु दयाल उरांव के नेतृत्व में राज्य के वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव से मिलकर जिला एवं प्रखंड की समस्याओं से अवगत कराया। समस्याओं में जमीन की समस्या, कोलफील्ड, उ.उ.छ, एवं 75 प्रतिशत स्थानीय लोगों को नौकरी, प्रशासन के द्वारा टाना भगतों पर किए गए मुकदमों के बारे में विस्तार से बताया गया। पहनाईं जमीन, मिनी सर्वे के

बारे में झारखंड मुक्ति मोर्चा के बालूमाथ प्रखंड अध्यक्ष ऐश्वर उरांव ने अपनी बात मंत्री के समक्ष रखी। साथ ही साथ मारंगलोईया पंचायत के पं.स.स. राजकुमारी उरांव के द्वारा पंचायत मारंगलोईया के ग्रामीण क्षेत्र की सड़क आदि समस्याओं का आवेदन में जिक्र किया गया है। मौके पर रमेश उरांव, शांति उरांव, रामलाल भगत, सुरेश उरांव, रामविरिक्ष गंझू सहित कई महागठबंधन के कार्यकर्ता महजूद रहे।

लल्लन तुरी बने बरवाडीह आजसू प्रखंड अध्यक्ष

बरवाडीह। प्रखंड के सामुदायिक भवन में गुरुवार को आजसू प्रखंड कमेटी की बैठक आयोजित किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में आजसू जिला सचिव विरेंद्र ठाकुर उपस्थित थे। बैठक में पूर्व कमेटी को भंग करते हुए आजसू प्रखंड कमेटी का गठन किया गया। इसमें सर्वसम्मति से लल्लन तुरी को आजसू प्रखंड अध्यक्ष मनोनीत किया गया, जबकि प्रखंड सचिव कुंदन कुमार को बनाया गया। विजय सिंह को उपाध्यक्ष, मकसूद आलम को अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्ष मनोनीत किया गया। नव मनोनीत आजसू पदाधिकारियों को जिला

सचिव वीरेंद्र ठाकुर ने स्वागत किया। जिला सचिव ठाकुर ने नव मनोनीत प्रखंड अध्यक्ष को 15 दिनों के अंदर प्रखंड कमेटी का विस्तार करते हुए इसकी सूची जिला कार्यालय में उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। मौके पर पंचायत अध्यक्ष रमेश यादव, अशोक कुमार, लल्लन यादव, रामानंदन सिंह, विजय सिंह, अशोक कुमार सिंह, सुनील कुमार, प्रमोद कुमार, संजय कुमार आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

जमीरा मुखिया ने किया विद्यालय का निरीक्षण

चंदवा। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत जमीरा पंचायत की मुखिया दुर्गावती देवी ने गुरुवार को रोल स्थित जस्टिस एलपीएन शाहदेव उत्क्रमित उच्च विद्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शिक्षकों से विद्यालय में चल रही पठन पाठन से जुड़ी जानकारी प्राप्त की। शिक्षकों ने स्कूल में बच्चों को हो रही परेशानियों से मुखिया को अवगत कराया। मुखिया ने समस्याओं का जल्द ही निराकरण करने का

आश्वासन दिया है। मुखिया ने नवनिर्मित भवन के घटिया निर्माण कार्य पर नाराजगी जाहिर की। मुखिया ने कहा कि उक्त कार्य की गुणवत्ता निम्न स्तर की है। जल्द ही इसकी शिकायत जिले के अधिकारियों से की जायेगी। झामुमो जिला उपाध्यक्ष शितमोहन मुंडा, युवा समाजसेवी ब्रम्हदेव प्रजापति, राजेश उंराव, अशोक प्रजापति, प्रदीप प्रजापति समेत विद्यालय के शिक्षकगण मौजूद थे।

दो गुटों के बीच मारपीट में दोनों पक्ष के पांच गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता। चतरा

इटखोरी थाना क्षेत्र अंतर्गत परसौनी में फुटबॉल मैदान को लेकर दो गुटों के बीच हुए झड़प में शामिल दोनों पक्ष से कुल पांच आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार थाना कांड संख्या 87/23 के तहत परसौनी गांव के सुरेश साव द्वारा दिए गए आवेदन पर मारपीट में शामिल 30 लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने मोहम्मद शाहिद, मोहम्मद ज्ञास और मोहम्मद याकूब को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इधर परसौनी गांव के हीं दूसरे गुट के मोहम्मद मोजाहिर द्वारा दिए गए आवेदन पर थाना कांड संख्या

28/23 के तहत 14 लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने बानाचक गांव के गौतम कुमार एवं परसौनी गांव के आकाश कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वहीं परसौनी गांव में शांति व्यवस्था बहाली के लिए जिला एवं स्थानीय प्रशासन द्वारा जगह-जगह पर पुलिस सशस्त्र बल के जवानों को ड्यूटी पर लगाया गया है।

बीआरसी को शिक्षक बढ़ाने को दिया आवेदन

बारियातु। प्रखंड क्षेत्र के बालूभांग पंचायत के राजकीय उमवि हेरनहोपा में शिक्षक बढ़ाने के लिए प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को ग्रामीणों ने आवेदन सौंपा। आवेदन के माध्यम से बिनोद कुमार यादव, सुकुल गंझु, प्रदीप, आशीष, सुनीता, मनीषा, रितेश यादव, बासदेव सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि हेरनहोपा चतरा जिला के सीमांत पर है जहां अनुसूचित जाति, जनजाति व ओबीसी के लोग निवास करते हैं। विद्यालय में 150 छात्र छात्राएं पढ़ाई करते हैं और इस सत्र में नामांकन बढ़ रहा है। प्रत्येक दिन 60 से 70 प्रतिशत बच्चों की उपस्थिति रहती है। विद्यालय में तीन शिक्षक हैं। एक शिक्षक शंभू पासवान 30 जून को सेवानृवित्त हो गए, विद्यालय मे मात्र एक शिक्षक बचे हुए हैं।

जल नल योजना के तहत चयनित जगह पर बोरिंग नहीं होने से ग्रामीणों में भारी रोष

नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह

प्रखंड के छिपादोहर पंचायत के बारबहीया टोला के ग्रामीणों ने जल नल योजना के तहत चयनित स्थल पर बोरिंग नहीं करने की शिकायत करते हुए उक्त स्थल पर पुनः जल नल योजना के तहत बोरिंग करवाने की मांग की है। इस संबंध में ग्रामीण जाकिर अंसारी, सद्दाम अंसारी, अंजुम बानो, सलाम अंसारी, अलीमुद्दीन अंसारी समेत अन्य लोगों ने लातेहार उपायुक्त को दिए अपने आवेदन पत्र में कहा है कि जल नल योजना के तहत संबंधित संवेदक एवं कनीय अभियंता द्वारा बीते रात्रि इस टोला में डीप बोरिंग का काम किया जा रहा था, लेकिन एकाएक 40 फीट बोरिंग होने के बाद बोरिंग मशीन को

उक्त चयनित स्थल से हटाकर दूसरे स्थान पर भेज दिया गया। ग्रामीणों की शिकायत है कि योजना में भेदभाव करते हुए हम सभी लोगों को इस योजना से वंचित रखा जा रहा है। ग्रामीणों ने रोष व्यक्त करते हुए लातेहार डीसी से उचित कार्रवाई की मांग की है। वहीं सूचीबद्ध चयनित स्थल पर जल नल योजना के तहत बोरिंग नहीं होने पर घटनास्थल पर पहुंचे भाजपा युवा मोर्चा के छोटू राजा एवं युवा मोर्चा के अजय सोनी ने रोष व्यक्त करते हुए कहा कि सूचीबद्ध चयनित स्थल पर हो रहे बोरिंग को एकाएक राजनीतिक साजिश के तहत रोकवाना ग्रामीणों के साथ भेदभाव है। इसका भाजपा विरोध करते हुए जोरदार तरीकों से आंदोलन करेगी।

बैठक — उपायुक्त ने की आपूर्ति विभाग के कार्यों की समीक्षा, दिए कई आवश्यक दिशा निर्देश

'खाद्यान वितरण में अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी'

नवीन मेल संवाददाता। चतरा

समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में आपूर्ति विभाग की समीक्षात्मक बैठक गुरुवार को हुई। इसमें आपूर्ति विभाग द्वारा क्रियान्वित विभिन्न कार्य यथा राशन कार्ड वितरण, एनएसए वितरण, पीवीटीजी डाकिया योजना, मुख्यमंत्री दाल-भात योजना समेत अन्य योजनाओं और उनके अद्यतन स्तिथि पर विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। जिला आपूर्ति पदाधिकारी सलमान जफर खिजरी ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत जिले में किये गए खाद्य वितरण की जानकारी देते हुए बताया कि जून 2023 के प्राप्त आंकड़ों के अनुसार चतरा राज्य स्तर पर दसवें पायदान पर है तथा जुलाई 2023 के

प्राप्त आंकड़ों के अनुसार चतरा राज्य स्तर पर चौथे स्थान में है। समीक्षा के क्रम में यह पाया गया कि चतरा प्रखंड द्वारा लक्ष्य के अनुरूप कार्य नहीं किये गए हैं। इसे लेकर उपायुक्त ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि खाद्यान वितरण के कार्यों में अनियमितता व लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत प्रखंडवार किये गये कार्यों की जानकारी लेते हुए उपायुक्त ने लावालौंग, मयूरहंड, इटखोरी जैसे अन्य लक्ष्य के अनुरूप काम न कर पाने वाले प्रखंड को कार्यों में गति लाते हुए योजना के क्रियान्वयन में सुधार लाने का निर्देश दिया। आदिम जनजाति समूह के डाकिया योजना की समीक्षा के क्रम में आदिम जनजातियों की घटती जनसंख्या और उनके उत्थान पर चर्चा की तथा निर्देश दिया कि उनमें सरकार द्वारा क्रियान्वित योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाई जाए। अपर समाहर्ता पवन मंडल, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, संबंधित प्रखंड़ो के प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी मौजूद थे।

उपायुक्त ने बागेश्वरी मंदिर में निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

चतरा/गिद्धौर। उपायुक्त अबू इमरान बुधवार की देर रात जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम चतरा पहुंच चल रहे निर्माण कार्यों व गिद्धौर प्रखंड क्षेत्र के मां बागेश्वरी मंदिर बलबल में चल रहे सुंदरीकरण कार्य का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि तय समय सीमा के अंदर कार्य को पूर्ण किया जाए। उपायुक्त ने बलबल परिसर में सुंदरीकरण कार्य का जायजा लिया। इस कार्य पर स्थानीय ग्रामीणों को भी नजर रखने की अपील उपायुक्त ने की है। जायजा लेने के क्रम में बलबल परिसर में बिछाए जा रहे फेवर ब्लॉक में बरती जा रही अनियमितता की शिकायत भी पाया। उपायुक्त ने फेवर ब्लॉक बिछाने में गुणवत्ता का ख्याल रखने के साथ कतार में बिछाने का निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में जिला खेल पदाधिकारी सह जिला नजारत उप समाहर्ता तुषार रॉय उपस्थित थे।

2318 उपभोक्ताओं ने उठाया लाभ, ढाई करोड़ की राजस्व वसूली

ओटीएस का दिखा असर

राहुल कौशल/मनोज मिश्रा। लोहरदगा

राज्य सरकार के वन टाइम सेटलमेंट योजना के तहत ऋण माफी योजना का लोहरदगा जिले में अच्छी खासी असर पड़ा है। जिले के लोगों ने बढ़ चढ़कर इस योजना का लाभ उठाया। वहीं बिजली विभाग को भी इस माध्यम से राजस्व की वसूली हुई।

जानकारी के अनुसार पिछले कुछ महीनों से चल रही इस योजना के प्रचार प्रसार को लेकर बिजली विभाग ने उर्जा रथ हर प्रखंड में चलाकर जागरूकता अभियान चलाया था। इस योजना की शुरूआत अप्रैल माह में हुई थी। जिसका समापन जून माह में किया गया। इस तीन माह के अंतराल में बिजली विभाग ने जागरूकता अभियान के माध्यम से राजस्व वसूली में वृद्धि की। इस मामले में राष्ट्रीय नवीन मेल से विशेष बातचीत में बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता दीपक खलखो ने बताया कि यह सरकार की महत्वपूर्ण कल्याणकारी

ओटीएस स्कीम थी। इसके तहत ग्राहक अपने बकाया बिजली बिल का भुगतान वन टाइम सेटलमेंट स्किम के तहत बिना ब्याज पर कर सकते थे। यह ऋण माफी योजना एक अप्रैल 2023 में शुरू किया गया था जो 30 जून 2023 तक चला। इस योजना की जानकारी उपभोक्ताओं तक पहुंचाने के लिए विभाग द्वारा गांव गांव तक ऊर्जा रथ रवाना कर जागरूकता अभियान के माध्यम से प्रचार प्रसार किया गया। उन्होंने बताया कि कुल 2318 उपभोक्ताओं पर 3,46,85,485 रुपए की बकाया थी जिसमें कि 2,52,81,481 रुपए कि राजस्व प्राप्त हुई एवं 93,39,974 रुपए डीपीएस वेव्ड द्वारा माफ किया गया। विदित हो कि पिछले तीन महीनों में 55 उपभोक्ताओं पर बिजली चोरी के केस दर्ज हुए हैं जिसमें 13,70,576 रुपए की पेनाल्टी में 13,52,616 रुपए की राजस्व प्राप्त हुई एवं 17,960 रुपए अभी भी बकाया है। श्री खलखो ने बताया कि जिले की सभी राजस्व ग्राम में ग्रामीण विद्युतीकरण का कार्य हो चुका है, कुछ नए टोले बने होंगे, जिसे भी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना से जोड़ने का प्रस्ताव आया है जल्द ही उसपर भी कार्य होगा। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील किया है कि वे समय से अपना बिजली बिल का भुगतान हर माह कर दें।

क्या थी ओटीएस योजना

इस योजना के तहत वैसे उपभोक्ता जिनके पास 5 केवी से कम लोड का घरेलू या कृषि कनेक्शन थी और बिजली बिल का लंबा बकाया था वैसे उपभोक्ताओं का बकाये बिजली बिल में दिनांक 31.12.2022 तक लगनेवाला ब्याज माफ होने की थी। इस योजना का लाभ उठाने वाले लाभुकों को विभाग ने पांच किस्तो में राशि को चुकाने के लिए मौका दिया था।

हेल्पलाइन नंबर

विद्युत कार्यपालक अभियंता दीपक खलखो ने बताया कि उपभोक्ताओं की सुविधाओं का ख्याल रखना विभाग का दायित्व है। इसके लिए विभाग ने हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया है। जिसके तहत लोहरदगा पावर सब स्टेशन 9102838987, जुरिया पावर सब स्टेशन 86039 84055, सेन्हा पावर सब स्टेशन 7079150653, किसको (पतरातु) सब स्टेशन 8102460363, कुडू (टिको) पावर सब स्टेशन 6206404101, भंडरा (उदरंगी) पावर सब स्टेशन 7366082544, कैरो पावर सब स्टेशन 8092664144 है। उन्होंने बताया कि उपरोक्त सभी नबरों पर उपभोक्ता अपनी परेशानी को बता सकते हैं। विभाग जल्द से जल्द उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान करेगा। यदि किसी प्रकार की परेशानी होती है तो उपभोक्ता सीधे विभाग से संपर्क कर सकते हैं।

एक साथ छह साल का सफाई शुल्क का नोटिस उचित नहीं

लोहरदगा। लोहरदगा नगर परिषद द्वारा गुदरी बाजार स्थित आवंटित दुकानों के दुकानदारों को पिछले 6 साल का सफाई शुल्क की राशि एकमुश्त अदा करने का नोटिस थमाया गया है। इस मामले को लेकर दुकानदारों में नगर परिषद के विरुद्ध रोष देखा जा रहा ह। दुकानदारों ने उपायुक्त एवं लोहरदगा चैंबर ऑफ कॉमर्स को एक ज्ञापन भी सौंपा है। दुकानदारों ने बताया कि नगर परिषद द्वारा झारखंड राज्य ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के सेवा शुल्क नियमावली 2016 के अनुसूची 'क' के तहत मुख्य बाजार के दुकान से प्रत्येक माह मासिक सफाया शुल्क 500 रुपये की दर से प्रारंभ सितंबर 2017 से जून 2023 तक बकाया सफाई शुल्क राशि 35500 रुपये शत प्रतिशत 3 दिनों के अंदर भुगतान करने का नोटिस थमाया गया है। साथ ही जीएसटी नंबर, लाइसेंस, अपडेट विद्युत बिल आदि कई तरह के कागजात भी होनी चाहिए अन्यथा दुकान को सील करते हुए नीलाम कर दिया जाएगा। यह किसी भी नजरिए से न्यायोचित नहीं है। मौके पर संजय बर्म्मन, दशरथ महतो, विजय सिंह, विनोद पंडा, दिलीप, राजकुमार बरई, राजकिशोर महतो, सतीश साहू, सुनील महतो शामिल थे।

मणिपुर में हुई शर्मनाक घटना के विरोध में कांग्रेस ने पीएम व गृहमंत्री का पुतला फूंका

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा

आदिवासी महिलाओं के साथ मणिपुर में हुई शर्मनाक घटना के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी जिला अध्यक्ष सुखेर भगत के नेतृत्व में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं गृहमंत्री अमित शाह का पुतला दहन किया गया।

मौके पर जिला अध्यक्ष सुखैर भगत ने कहा कि जिस प्रकार पूरा मणिपुर राज्य विगत ढाई महीने से जातीय हिंसा की आग में जल रहा है बावजूद इसके देश के प्रधानमंत्री एवं केंद्र सरकार मूक दर्शक बनी हुई है तथा अब तक मणिपुर में चल रही जातीय हिंसा को रोकने में पूरी तरह नाकाम रही है। मणिपुर में भीड़ द्वारा आदिवासी महिलाओं को नंगा कर उनके शरीर के साथ दुर्व्यवहार करने का शर्मनाक वीडियो प्रकाश में आया है। इस वीडियो के वायरल होने के बाद हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय मलिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री मोदी के चुप्पी पर सवाल उठाया है। आदिवासी महिलाओं के साथ हुई इस अमानवीय घटना से आज पूरा देश शर्मसार है। सबसे दुर्भाग्य की बात है कि आज मणिपुर में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है जिसकी

गलत नीतियों के कारण आदिवासी समाज के दो गुटों के बीच खून खराबा और हिंसा फैली हुई है। हमारे नेता राहुल गांधी ने मणिपुर जाकर लोगों के बीच आपसी शांति व सद्भाव के लिए बात किए एवं उनके दुख दर्द को साझा किया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि अशोक यादव, प्रदेश प्रतिनिधि डॉ अजय सहदेव, प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद, प्रदेश सचिव जगदीप भगत, जिला उपाध्यक्ष निशीथ जयसवाल, जिला महासचिव पवन गौतम, प्रभात भगत शाहिद अहमद बेलू, सुचित्रा भगत, सामुल अंसारी, सुशीला देवी नंदकिशोर शुक्ला रविंद्र सत्यजीत सिंह, सिंह आजाद खान सत्यदेव भगत तनवीर गौहर जुगल भगत विनोद खैरवार, हाजी सिकंदर अंसारी, विशाल डुंगडुंग, विनय उराव, मुजम्मिल अंसारी, संतोष महतो जमील अंसारी मुनीम अंसारी देवनाथ भगत कुलदीप खाखा गुलाम जिलानी सज्जाद अंसारी जसीम अंसारी, हरि भगत समेत काफी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

चैनुपर में 13 गोवंश पशुओं के साथ एक गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर (गुमला)

चैनपुर थाना क्षेत्र के कातिंग गांव के समीप जंगल के रास्ते ले जाये जा रहे 13 गोवंश पशुओं के साथ गुरुवार सुबह लगभग 10:00 बजे पुलिस ने एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी अनुसार चैनपुर पुलिस को गुप्त सूचना मिली की कतिंग गांव के समीप जंगल के रास्ते गोवंश पशुओं की तस्करी की जा रही है सूचना पर थाना प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह ने एक छापामारी दल का गठन कर छापामारी कर 13 गोवंश पशुओं को हांक कर ले जा रहे 2 पशु तस्करों में से एक को मौके से गिरफ्तार कर लिया वही दूसरा तस्कर फरार हो गया पुलिस ने तस्कर को थाने लाकर पूछताछ कर रही है वही जप्त सभी 13 पशुओं को थाना लाकर परिसर में रखा गया है संभवत पुलिस के द्वारा सभी गोवंश पशुओं को पूर्व की भांति जरूरतमंद गरीब किसानों के बीच जिम्मेनामे पर सौंप दिया जाएगा। मौके पर चैनपुर एस आई मदन शर्मा की उपस्थिति में वितरण किया गया।

भाजयुमो ने पंचायतों में निकाली बाइक यात्रा

नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा

भाजयुमो ने सेन्हा प्रखंड के अलौदी पंचायत सहित विभिन्न पंचायतों में निकाली विशाल बाइक यात्रा चलाया जनसम्पर्क अभियान। सेन्हा प्रखंड क्षेत्र में भारतीय जनता युवा मोर्चा झारखंड प्रदेश मंत्री के नेतृत्व में भाजयुमो लोहरदगा युवा साथियों द्वारा एक विशाल बाइक यात्रा का आयोजन किया गया।

इसमें मुख्य रुप से झारखंड प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष किसलय तिवारी उपस्थित रहे। साथ ही प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विश्वजीत शाहदेव, जिला अध्यक्ष मनीष शिखर, जिला महामंत्री बाल्मीकि कुमार सहित जिले के सैकड़ों युवा कार्यकर्ता गण एवं वरिष्ठ कार्यकर्तागण बाइक यात्रा में शामिल हुए। बाइक यात्रा की शुरुआत सेन्हा भाजपा मंडल मुख्यालय से प्रारंभ होकर कल्हेपाट, बूटी पंचायत के कंडरा झखरा, चमडु, अलौदी पंचायत के सुरसुरिया होते हुए हेसवे तक पहुंची जहां सभा में तब्दील

हुयी। जनसमस्या से अवगत होते हुए जनसंपर्क अभियान को तेज किया गया। इसके पूर्व गांव में घर घर जाकर भाजपा सरकार की उपलब्धियों का पत्रक बांटा गया। साथ ही नरेंद्र मोदी को पुनः एक बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए आग्रह करते हुए समर्थन स्टीकर घर वालों की सहमति से लगायी गयी। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष किशलय तिवारी ने कहा कि संगठन द्वारा निर्धारित महा जनसंपर्क अभियान का यह एक स्वरूप है। जो युवाओं के द्वारा हर गांव हर घर तक पहुंच कर मोदी की उपलब्धियों को बताया जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी के युवा कार्यकर्ता राष्ट्रहित एवं जनता के विकास एवं योजनाओं के लाभ को लेकर हमेशा प्रचार-प्रसार करती रहती है। वहीं विपक्ष के लोग केवल लोगों के बीच अपनी गुमराह की राजनीति करने का कार्य करते हैं और जनकल्याणकारी योजनाओं को भ्रम फैलाकर वंचित करने का कार्य किया जा रहा है। वहीं अजातशत्रु ने कहा कि इस बार युवा भ्रम की नीतियों में नहीं फसने वाला है विकास प्राथमिकता में होगी। बाइक यात्रा में रामजीत यादव, तेवारी उरांव, विश्वनाथ मिस्त्री, अरविंद उरांव, प्रकाश यादव, जोएस कुजूर, चुन्नी प्रजापति सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल थे।

झामुमो ने किया केंद्र व भाजपा का पुतला दहन

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा

झामुमो जिला अध्यक्ष मोजम्मिल अहमद के नेतृत्व में झामुमो जिला समिति ने केंद्र सरकार और भाजपा पार्टी का पुतला दहन किया। मौके पर जिला अध्यक्ष ने कहा कि मणिपुर राज्य की दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाए जाने का वीडियो सोशल मीडिया में फैलने के बाद तथा देश के सर्वोच्च न्यायालय के स्वतः संज्ञान लेने के बाद जागी। केंद्र तथा मणिपुर राज्य की भाजपा सरकार महिलाओं के चीरहरण, उसकी स्मिता से हुए खिलवाड़ के विरोध में सिर्फ चंद पंक्तियाँ ही कह पाई। केंद्र एवं राज्य में सत्ता में रहने के बाद भी उक्त महिलाओं के प्रति हुए अन्याय की जानकारी 77 दिन बाद प्राप्त होना, उनके महिलाओं के प्रति सोच को दशार्ता है। 77 दिन

बाद भी दोषियों पर कार्रवाई के जगह सिर्फ दो पंक्तिया बोल देना, भाजपा के चाल एवं चरित्र को उजागर करता है। मौके पर जिला सचिव अनिल उरांव, युवा जिला अध्यक्ष अजय उरांव, सचिव हर्ष तिवारी, उपाध्यक्ष अख्तर अंसारी, अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष सतिम टोप्पो, सचिव मंसूर आलम, उपाध्यक्ष जुणाब आलम, जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की, सेन्हा बिसुत्री अध्यक्ष अफरोज, आलम भंडरा प्रखंड अध्यक्ष परवेज आलम समेत अन्य मौजूद थे।

विहिप जिमा पंचायत का किया गठन

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा

विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की बैठक कुडू प्रखंड के जिमा पंचायत में हुई। जिला के संगठन मंत्री कार्तिक विश्वकर्मा एवं विभाग संगठन मंत्री प्रदीप सिंह के अध्यक्षता में बैठक हुई। इस दौरान बजरंग दल शौर्य जागरण रथ यात्रा की चर्चा की गई। शौर्य जागरण रथ यात्रा बड़े ही धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। जिसमें लाखों माताओं बहनों एवं भाइयों की उपस्थिति को अनिवार्य बताया गया है। जिला बजरंग दल संयोजक सचिन कुमार साहू ने कहा कि आए दिन जिस तरह से लव जिहाद की घटनाएं पूरे देश में हो रही है। उसे लेकर हर एक प्रखंड पंचायत गांव तक बजरंग दल की कमेटी की आवश्यकता है। जिस तरह से गौ

हत्या जिले भर में सक्रिय हो गया है उसे भी बजरंग दल के कार्यकर्ता तैयारी करके उसे रोका जाए। नवगठित कमिटी में विश्व हिंदू परिषद जीमा पंचायत अध्यक्ष दुखु महली, उपाध्यक्ष तरुण प्रजापति, मंत्री अनूप कुमार, सह मंत्री आदर्श राज, बजरंग दल जीमा पंचायत संयोजक बबलू महतो, सहसंयोजक कृष्णा साहू, सुरक्षा प्रमुख प्रदीप साहू, मिलन प्रमुख अक्षय कुमार एवं विशाल साहू को दायित्व देकर पंचायत समिति का संगठन विस्तार किया गया। इसमें मिथिलेश प्रजापति, अक्षय कुमार, दीपक कुमार, चंदन कुमार साहू, लवकेश राजा, अनिल कुमार, संदीप कुमार, आदर्श राज, प्रीतम कुमार, प्रेम कुमार, रामलाल माली, विशाल कुमार साहू, रूपेश कुमार, अमन कुमार, विनोद कश्यप, प्रकाश कुमार, पवन कुमार राज, परमेश्वर साहू, प्रदीप कुमार साहू, रूपेश साहू समेत अन्य उपस्थित थे।

डीसी, डीडीसी से मिला झारखंड संवेदक संघ का प्रतिनिधिमंडल

लोहरदगा। झारखंड संवेदक संघ लोहरदगा का एक प्रतिनिधिमंडल सूरज अग्रवाल की अगुवाई में लोहरदगा के उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण एवं उप विकास आयुक्त समीरा एस से मुलाकात की। इस दौरान संवेदक को विकास कार्य कराने में उत्पन्न हो रही समस्याओं के विषय में दोनों अधिकारियों को आवेदन सौंपा गया। उपायुक्त एवं उप विकास आयुक्त ने इसे गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई करने की बात कही। वहीं प्रतिनिधिमंडल में मुलाकात करने वाले मनोज नाथ शाह, जहांगीर आलम, मनोज साहू, प्रेमचंद साहू, अजहर आलम, रिंकू वर्मा, साजिद खान आदि उपस्थित थे।

पवन गौतम व नेसार अहमद बने कांग्रेस के लोहरदगा विधानसभा कोऑर्डिनेटर

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा

कांग्रेस पार्टी के उदयपुर चिंतन शिविर में लीडरशिप डेवलपमेंट मिशन की घोषणा की गयी थी। इसके अंतर्गत देश के जनजातीय एसटी एससी लोकसभा एवं विधानसभा में नए लीडरशिप का चयन कर उन्हें आगे बढ़ाना है। इसका फायदा लोकसभा विधानसभा में पार्टी को मिलेगा। इस निमित्त अखिल भारतीय आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय चेयरमैन सह लीडरशिप डेवलपमेंट मिशन के अध्यक्ष शिवाजीराव मोघे ने लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव पवन गौतम को गुमला विधानसभा तथा प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद को बिशुनपुर

विधानसभा का कोऑर्डिनेटर मनोनीत किया। नेताओं को कोऑर्डिनेटर मनोनीत होने पर राज्य सभा सांसद धीरज प्रसाद साहू, मंत्री रामेश्वर उरांव, झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष पूर्व विधायक सुखदेव भगत, कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुखेर भगत, कार्यकारी जिलाध्यक्ष शकील अहमद अशोक यादव, डॉ अजय साहदेव, निशित जयसवाल, रीना भगत, मोहन दुबे, संदीप कुमार, शाहिद अहमद, सामूल अंसारी, ठाकुर प्रसाद, प्रभात भगत, सदरुल अंसारी, सलीम अंसारी, दीपक महतो, रूबी कुमारी, डोमना उरांव, प्रदीप विश्वकर्मा, कुणाल अभिषेक, नंदकिशोर शुक्ला, रविंद्र सिंह, विनोद सिंह खेरवार, युनूस अंसारी, जुगल भगत, सत्यदेव भगत, अनीस अहमद, तनवीर गौहर, सुनीता कचछप, सुचित्रा भगत, मुस्ताक अहमद, आलोक साहू, लाल विकास शाहदेव, विजय चौहान, परवेज सिद्दीकी, फुलझरी उरांव, विशाल डुंगडुंग, हाजी सिकंदर अंसारी, सीमा परवीन, विनय उरांव, शंभू प्रजापति, सोहराब अंसारी आदि ने बधाई दी।

केजीबीभी छात्राओं को शारीरिक व खेलकूद का दिया प्रशिक्षण

कुडू। प्रखंड मुख्यालय परिसर में युवा सद्भावना मंच कुडू एवं प्रखंड प्रशासन की ओर से गुरुवार को शारीरिक एवं खेलकूद का प्रशिक्षण दिया गया। कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में पढ़ने वाली छात्राओं को विभिन्न खेलों में दक्ष बनाने तथा उनके बीच अभिरुचि बनाने के उद्देश्य से आयोजित इस प्रशिक्षण में मुख्य रूप से बीडीओ मनोरंजन कुमार, युवा सद्भावना मंच के सदस्य सलीम अमीर, कराटे प्रशिक्षक अमित कुमार सिंह उपस्थित रहे। इस दौरान छात्राओं को हॉकी, लंबी कूद, ऊंची कूद, भाला फेकने, फुटबाल आदि खेल की बारीकीयां सिखाई गयी। इस मौके पर स्कूल की वार्डेन और छात्राएं उपस्थित रहे।

आयोजन कार्यक्रम में शामिल होंगे सांसद धीरज प्रसाद साहू व मंत्री डॉ. रामेश्वर उरॉव

प्रतिभा सम्मान समारोह 22 को, सम्मानित होंगे 2000 बच्चे

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा

पासवा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दुबे ने कहा कि लोहरदग्गा जिले में 22 जुलाई को होने जा रहा छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह को देखने के लिए पूरे शहर की नजरें टिकी हुई हैं। लोहरदग्गा की धरती में अब तक का सबसे बड़ा प्रतिभा सम्मान समारोह होगा, जहां एक मंच पर एक साथ 2 हजार से अधिक टॉपर्स को सम्मानित किया जाएगा।

ऑनस्पॉट रजिस्ट्रेशन 22 जुलाई को पूर्वाह्न 8.00 बजे से 10.00 बजे तक भी करवा सकते हैं। इसके लिए विधार्थियों को सिर्फ मार्कशीट की छाया प्रति लाना है। 10 वीं एवं 12 वीं के सीबीएसई, आईसीएसई एवं जैक बोर्ड में 70 प्रतिशत व उससे अधिक नंबर प्राप्त करने वाले बच्चों

को सम्मानित किया जाएगा। लोहरदग्गा जिला टॉपर्स को विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। लोहरदग्गा के उन प्रतिभावान बच्चों को भी सम्मानित किया जाएगा जिन्होंने अलग-अलग क्षेत्रों में राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा झारखंड पासवा 47 हजार से ज्यादा निजी विद्यालयों का राज्य में प्रतिनिधित्व करती है और पासवा का सर्टिफिकेट जब देश के शैक्षणिक संस्थानों में दिखाया जाता है तो बच्चों को सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है। संस्था प्राइवेट स्कूलों की जो भी समस्यायें हैं उसके निराकरण का गंभीरतापूर्वक प्रयास करेगी। प्रदेश अध्यक्ष ने लोहरदग्गा पासवा के कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा 22 जुलाई को पूर्वाह्न 10.30 बजे मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू व झारखंड सरकार के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव दीप प्रज्वलित कर सम्मान समारोह का उद्घघाटन करेंगे। जिला अध्यक्ष माजिद आलम ने बताया ऐतिहासिक समारोह में राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू,वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, पासवा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दुबे, डीएभी के पूर्व डायरेक्टर एलआर सैनी, राष्ट्रपति अवार्डी फलक फातिमा, पासवा उपाध्यक्ष बिपीन कुमार, महासचिव नीरज कुमार एवं कई शिक्षाविद विशेष तौर पर बच्चों को सम्मानित करेंगे। सभी बच्चों को मेडल एवं सर्टिफिकेट तथा प्रिंसिपल एवं डायरेक्टर को मोमेंटो देकर सम्मानित किया जाएगा।

बाल संसद का पुनर्गठन अमीषा बनी प्रधानमंत्री

नवीन मेल संवाददाता। कैरो

प्रखंड के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय सढ़ाबे में विद्यालय के छात्रों के बीच बाल संसद का पुनर्गठन किया गया। जिसकी अध्यक्षता विद्यालय की शिक्षिका सरोजमणि भगत ने किया।सर्वसम्मति से प्रधानमंत्री अमीषा कुमारी,उपप्रधानमंत्री संतोष महली, स्वास्थ्य मंत्री निकेश साहू, उपस्वास्थ्य मंत्री रोशनी कुमारी,स्वच्छता मंत्री चांदनी कुमानी, उपस्वच्छता मंत्री बलवंत उरांव, न्याय मंत्री मनमोहन साहू, उपन्याय मंत्री अंजली कुमारी, पोषण मंत्री हेमंत उरांव, उपपोषण मंत्री सबिता कुमारी, शिक्षा मंत्री प्रिंस उरांव ,उपशिक्षा मंत्री संध्या कुमारी इत्यादि छात्र छात्राओं को नियुक्त किया गया साथ ही पद और

गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। मौके पर सरोजमनी भगत ने कहा की विद्यालय स्तर पर इस तरह की गतिविधि से विद्यालय की वातावरण साफ स्वच्छ और छात्रों के बीच आपसी सामंजस्य स्थापित करने में मदद मिलती है। मौके पर शाहनवाज अंसारी, मीरा उरांव व छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

शेयर बाजार की तेजी पर ब्रेक, सेंसेक्स और निफ्टी में गिरावट

एजेंसी। नई दिल्ली

घरेलू शेयर बाजार में पिछले 5 दिनों से जारी रिकॉर्ड तोड़ तेजी के सिलसिले पर आज ब्रेक लगता नजर आ रहा है। मुनाफावसूली के दबाव में घरेलू शेयर बाजार ने आज गिरावट के साथ कारोबार की शुरूआत की। हालांकि खरीदारों ने लिवाली करके बाजार को सहारा देने की कोशिश भी की, लेकिन बिकवाली का दबाव अधिक होने की वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक ज्यादातर समय लाल निशान में ही कारोबार करते रहे। शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.26 प्रतिशत और निफ्टी 0.23 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार कर रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से डॉ. रेड्डीज लेबोरेट्रीज, सन फार्मास्यूटिकल्स, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, इंडसइंड बैंक और हिंडाल्को इंडस्ट्रीज के शेयर 1.99 प्रतिशत से लेकर 0.28 प्रतिशत की बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर रिलायंस इंडस्ट्रीज, इंफोसिस, एचसीएल टेक्नोलॉजी, अल्ट्राटेक सीमेंट और हीरो मोटोकॉर्प के शेयर 8.17 प्रतिशत से लेकर 1.36 प्रतिशत तक की कमजोरी के साथ कारोबार कर रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 1,933 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,134 शेयर मुनाफा कमाकर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 799 शेयर नुकसान उठाकर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 7 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 23 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 9 शेयर हरे निशान में और 41 शेयर लाल निशान में कारोबार करते दिख रहे थे।

चांद पर इंसान के कदम रखने के 54 साल:नासा ने खर्च किए 2 लाख करोड़

वाशिंगटन। 20 जुलाई 1969, ये वो तारीख है जब अमेरिक की स्पेस एजेंसी नासा ने इतिहास रचा था। अपोलो मून मिशन के तहत पहली बार किसी इंसान ने चांद पर कदम रखा था। इस स्पेस मिशन में तब 25 अरब डॉलर, यानी आज के मुताबिक करीब 2 लाख करोड़ रुपए खर्च हुए थे। अमेरिका में 29 जुलाई 1958 को नासा का गठन हुआ था और इसके 11 साल बाद ही स्पेस एजेंसी ने कीर्तिमान रच दिया।

जेट एयरवेज के पूर्व प्रमोटर नरेश गोयल की बढ़ीं मुश्किलें

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल और अन्य के खिलाफ नए सिरे से धन शोधन जांच के तहत छापेमारी की। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। संघीय एजेंसी ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत की जा रही जांच के तहत मुंबई और कुछ अन्य स्थानों पर छह-सात परिसरों में छापेमारी की। धन शोधन का मामला केनरा बैंक में 538 करोड़ रुपये की कथित धोखाधड़ी के संबंध में जेट एयरवेज, गोयल, उनकी पत्नी अनीता और कंपनी के कुछ पूर्व अधिकारियों के खिलाफ केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा हाल में दर्ज की गई प्राथमिकी से सामने आया है।

बम्बई उच्च न्यायालय ने अकबर ट्रैवल्स की शिकायत पर धोखाधड़ी और जालसाजी के आरोपों की जांच के लिए महाराष्ट्र पुलिस की प्राथमिकी के आधार पर गोयल और उनकी पत्नी के खिलाफ ईडी द्वारा दर्ज धन शोधन मामले को रद्द कर दिया था। सीबीआई की प्राथमिकी केनरा बैंक की शिकायत के आधार पर दर्ज की गई थी, जिसमें आरोप लगाया गया कि उसने जेट एयरवेज (इंडिया) लिमिटेड (जेआईएल) को 848.86 करोड़ रुपये की क्रेडिट सीमा और ऋण मंजूर किए थे, जिसमें से 538.62 करोड़ रुपये की राशि बकाया है।

कच्चा तेल 80 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंचा

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम में उतार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड 80 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 76 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक गुरुवार को दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर टिका रहा। वहीं, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर है। इसी तरह कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये और डीजल 92.76 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है, जबकि चेन्नई में पेट्रोल का भाव 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के चौथे दिन शुरूआती कारोबार में ब्रेंट क्रूड 0.07 डॉलर यानी 0.09 फीसदी की बढ़त के साथ 79.53 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड भी 0.06 डॉलर यानी 0.08 फीसदी उछलकर 75.41 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

रूस के ऐक्शन से गेहूं के लिए फिर तरसेगी दुनिया, बढ़ने लगा दाम

मास्को। काला सागर में रूस के एक ऐलान से दुनिया फिर से सहमी हुई है। रूस ने कहा है कि वह यूक्रेन के साथ अनाज समझौते से पीछे हट रहा है। यही नहीं व्लादिमीर पुतिन की सरकार ने धमकी दी है कि काला सागर में यूक्रेन के बंदरगाह की ओर बढ़ते जहाजों को वह सैन्य जहाजों के रूप में देखेगा। रूस के इस ऐलान के बाद अब दुनियाभर में गेहूं के दाम एक बार फिर से बढ़ने लगे हैं। इससे पहले रूस ने काला सागर के रास्ते यूक्रेन के गेहूं और अन्य अनाजों से भरे जहाजों को सुरक्षित रास्ता देने के समझौते से खुद को अलग कर लिया था। इस बीच अमेरिका ने आरोप लगाया है कि रूस यूक्रेन के मालवाहक जहाजों को निशाना बनाने की योजना बना रहा है। वहीं पुतिन ने कहा है कि अगर उनकी मांगों को मान लिया जाता है तो वह तुरंत अनाज समझौते पर वापस लौट आएंगे। पुतिन ने मांग की है कि रूस के कृषि बैंक को वैश्विक पेमेंट सिस?टम से जोड़ा जाए। इस बीच रूस के यूक्रेन पर भीषण हमले जारी हैं। अनाज समझौते को लेकर यूक्रेन ने दुनिया से मदद की गुहार लगाई है। इस बीच रूस के ऐलान के बाद यूरोपीय स्टॉक एक्सचेंज में गेहूं की कीमत एक दिन में ही 8.2 प्रतिशत बढ़ गई है। इसके अलावा मक्के की कीमत में भी 5.4 फीसदी की बढ़ोत्तरी हुई है।

यूक्रेन जंग में हिस्सा नहीं लेंगे : वैगनर चीफ

मिंस्क। रूस की प्राइवेट आर्मी वैगनर के चीफ येवगेनी प्रिगोजिन पुतिन के खिलाफ विद्रोह करने के बाद पहली बार नजर आए हैं। बुधवार को प्रिगोजिन ने एक वीडियो जारी कर अपने लड़ाकों का बेलारूस में स्वागत किया। उन्होंने कहा- वैगनर अब यूक्रेन जंग में हिस्सा नहीं लेगा। उन्होंने अपने लड़ाकों को अफ्रीका के लिए नए सफर की शुरूआत करने का आदेश दिया। रॉयटर्स के मुताबिक, वीडियो में प्रगोजिन ने कहा- हमने यूक्रेन में सम्मान के साथ लड़ाई लड़ी। आप सबने रूस के लिए बहुत कुछ किया। यूक्रेन में अभी जो कुछ हो रहा है वो शर्मनाक है और हमें उसमें शामिल होने की जरूरत नहीं है। हो सकता है हम इस जंग में वापस लौटें, लेकिन अभी हम कुछ समय तक बेलारूस में ही रहेंगे और तब यहां की आर्मी को दुनिया की दूसरी सबसे ताकतवर सेना बनाएंगे। वैगनर का गठन करने में शामिल रहे दिमित्री उत्किन ने कहा- ये अंत नहीं है। यह दुनिया के सबसे बड़े काम की शुरूआत है जो जल्द ही पूरा किया जाएगा। वीडियो में प्रिगोजिन को एक काले रंग का वैगनर का झंडा दिया जाता है, जिस पर उनका मोटो ब्लड, ऑनर, मदरलैंड और करेज लिखा हुआ है। प्रिगोजिन का ये वीडियो उनकी प्रेस सर्विस ने भी टेलीग्राम पर शेयर किया है। कुछ दिन पहले ही यूक्रेन और पोलैंड ने दावा किया था कि वैगनर के लड़ाके बेलारूस पहुंच चुके हैं।

एलिस्टा ने आंध्र प्रदेश सरकार के साथ एमओयू साइन किया

हैदराबाद। एलिस्टा ने दूसरी मैन्युफैक्चरिंग यूनिट शुरू करने के लिए हाल ही में आंध्र प्रदेश सरकार के साथ एमओयू साइन किया है। इस प्लांट में स्मार्टवॉच और स्पीकर जैसे इलेक्ट्रॉनिक प्रोडक्ट बनाए जाएंगे, जो भारत में सस्ते में बिक्री के लिए उपलब्ध होंगे। यह प्लांट अगले साल यानी 2024 तक चालू होगा, जिससे रोजगार के नए अवसर भी खुलेंगे। मोदी सरकार की तरफ से लगातार मेक इन इंडिया मुहिम को बढ़ावा दिया जा रहा है। जिससे भारत में स्मार्ट टीवी, स्मार्टवॉच और स्पीकर जैसे इलेक्ट्रॉनिक प्रोडक्ट को बड़े स्तर पर पूरी तरह से तैयार किया जा सके। भारत में इन प्रोडक्ट के बनने के दोहरा फायदा होगा, जहां एक तरफ इन प्रोडक्ट की लागत में कमी आएगी। वहीं दूसरी तरफ भारत में युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार पैदा होगा। बता दें कि इलेक्ट्रॉनिक और होम एप्लाएंसेस ब्रांड एलिस्टा ने आंध्र प्रदेश सरकार के साथ एक एमओयू साइन किया है, जिसमें एलिस्टा आंध्र प्रदेश में 100 करोड़ रुपये की लागत से अपनी दूसरी मैन्युफैक्चरिंग यूनिट शुरू करने की योजना बना रही है। एलिस्टा ने हाल ही में 1.32 लाख स्क्वॉयर फीट में एक मॉडर्न फैसिलिटी आंध्र प्रदेश में शुरू करने का ऐलान किया है, जिसपर करीब 250 करोड़ रुपये का खर्च आएगा। यह मैन्युफैक्चरिंग प्लांट दिसंबर 2024 या फिर 2025 के शुरूआत तक चालू हो जाएगा।

उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय
(जिला नियोजनालय, लातेहार)

रिक्ति विज्ञापन

विज्ञापन सं : 01/2023 — आवेदन की अंतिम तिथि : 28.07.2023

समाहरणालय के विभिन्न कार्यालयों में बाह्य स्त्रोत के माध्यम से कम्प्युटर ऑपरेटर की सेवा लेने हेतु योग्य उम्मीदवार Empanelled (सूची में सम्मिलित) करने हेतु जिला नियोजनालय, लातेहार कार्यालय के माध्यम से निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा निम्नवत् रूप से आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है :–

क्रं0	पद कानाम	पदों की संख्या	योग्यता	मासिक परिलब्धि
1	2	3	6	7
1	Computer Operator	10	Graduation and One Year Diploma Course in Computer Application 1.हिन्दी टंकन 35 Word/Minute 2. अंग्रेजी टंकन 35 Word/Minute	कार्य दक्षता के आधार पर

1. चयन प्रक्रिया कानिर्धारणप्राप्तआवेदनोंकी सं0 के आधार पर जिला चयन समिति के निर्णयानुसार किया जायगा। चयन लिखित/मौखिक परीक्षा के आधार पर किया जायगा। मेधा सूची/चयन प्रक्रिया के निर्धारण में संशोधन का अधिकार जिला नियोजनालय को सुरक्षित होगा।
2. उपरोक्त विज्ञापन संबंधी विस्तृत जानकारी/शर्तें, आवेदन का प्रपत्र आदि का अवलोकन लातेहार जिला के अधिकृत वेबसाईट https://latehar.nic.in/ जिला नियोजनालय, लातेहार के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।
3. चयन की शर्तें :–
   i) आवेदन पत्र मात्र निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट के द्वारा ही स्वीकार्य होगा।
   ii) आवेदक राज्य के किसी भी नियोजनालय में निबंधित होना अनिवार्य है।
   iii) झारखण्ड राज्य के निजी क्षेत्र के स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन अधिनियम, 2021 एवं नियमावली 2022 के तहत् 75 प्रतिशत नियमावली का पालन किया जायेगा।
   iv) आवेदक को अपने आवेदन पत्र के साथ सभी शैक्षणिक एवं तकनीकी प्रमाण पत्रों की स्व अभिप्रमाणित छायाप्रति (दो अतिरिक्त पासपोर्ट फोटो सहित) संलग्न करना होगा।साथ ही आवेदन के साथ 25/–रू0 का डाक टिकट सहित एक सादा लिफाफा जिस पर पत्राचार का पता अनिवार्य होगा।
   v) नियुक्ति प्रक्रिया में जिला चयन समिति, लातेहार का निर्णय अंतिम एवं वाध्यकारी होगी।
   vi) चयन समिति द्वारा आवश्यकतानुसार विज्ञापन की शर्तो में संशोधन/विज्ञापन रद्द की शक्ति किसी भी कारण के सुरक्षित रहेंगे।
   vii) नियुक्ति के संबंध मे किसी प्रकार का व्यक्तिगत पत्राचार/सम्पर्क मान्य नहीं होगा।
   viii) आवेदक के द्वारा आवेदन में दी गई जानकारी/आवेदन के साथ संलग्न प्रमाण पत्र गलत/फर्जी पाये जाने पर किसी भी स्तर पर आवेदन की उम्मीदवारी रद्द की जा सकती है एक संबंधित आवेदक के विरूद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की जा सकती है।
   ix) आवेदन समर्पित करने हेतु आयु सीमा सामान्य कोटि न्यूतम आयु 21 वर्ष अधिकतम 35 वर्ष, अनुसूचित जाति, अनुसूचितजन जाति एवं महिला की न्यूतम आयु 21 वर्ष अधिकतम 40 वर्ष होगी। **आयु की निर्धारिण Cut Of Date 28-07-2023 मान्य होगा।**
   x) **आवेदन पत्र प्रेषित करने हेतु पत्राचार का पता :–** जिला नियोजनालय, लातेहार, पुलिस अधीक्षक भवन, नीचला तल्ला समाहरणालय परिसर, लातेहार (झारखण्ड), पिन 829206

जिला नियोजन पदाधिकारी, लातेहार

PR 302814 Labour Employment and Traning (23-24)_D

झारखण्ड सरकार
कार्यालय उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी,गुमला
(खनन शाखा)

गुमला जिला के गुमला अंचल अन्तर्गत मौजा–चैराम्बा, भण्डरिया एवं सिलाफारी में भण्डारित बालू खनिज का आम नीलामी हेतू सूचना:–

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गुमला अंचल अन्तर्गत मौजा– (1) चैराम्बा में भण्डारित 10,800 घनफीट बालू (2) मौजा–भण्डारिया में भण्डारित 95,830 घनफीट बालू एवं (3) सिलाफारी में भण्डारित 2,77,882 घनफीट बालू खनिज का झारखण्ड लघु खनिज समनुदान नियमावली–2004 यथा संशोधन नियमावली–2017 एवं झारखण्ड लघु खनिज समनुदान (संशोधन) नियमावली–2019 के नियम 54A के तहत उक्त स्थलों पर जप्त भण्डारित बालू खनिज का आम नीलामी दिनांक 10.08.2023 को समय 11:00 बजे पूर्वाह्न में अपर समाहर्त्ता, गुमला की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में सम्पन्न की जाएगी। भण्डारण का विवरण, लोक नीलामी की प्रक्रिया एवं शर्त्त निम्नवत है:–

क्र.	भण्डारण स्थल	भण्डारित बालू खनिज की मात्रा	सुरक्षित जमा राशि (रूपया में)	सुरक्षित जमा राशि का 10% प्रतिभूति राशि (रूपया में)
1.	मौजा–चैराम्बा (सड़क से सटे पष्चिम) (Lat- 23.094765^0 N Log- 84.632047^0 E)	10,800.00 घनफीट (दस हजार आठ सौ)	81,000.00	8,100.00
2.	मौजा–भण्डरिया (सखूआ जंगल के पूर्व एवं पश्चिम सड़क किनारे तथा कोयल नदी के पश्चिम किनारे के पास) Lat- 23.120982^0 N, Log- 84.65080^0 E, Lat-23.118387^0 N, Log- 84.648906^0 E Lat-23.118788^0 N, Log- 84.646365^0 E	95,830.00 घनफीट (पन्चानब्बे हजार आठ सौ तीस)	7,18,725.00	71,873.00
3	मौजा–सिलाफारी (पंचायत भवन, सिलाफारी, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय, हुण्डराटोली, नव–निर्मित एकलब्य विद्यालय एवं सोनू चिमनी भट्ठा के पास) Lat- 23.103308^0 N, Log- 84.662054^0 E Lat- 23.105098^0 N, Log- 84.659663^0 E	2,77,882.00 घनफीट (दो लाख सतहत्तर हजार आठ बेरासी)	20,84,115.00	2,08,412.00

2. नीलामी में भाग लेने हेतु इच्छुक व्यक्ति/संस्था को निर्धारित सुरक्षित जमा राशि का 10% प्रतिभूति राशि के रूप में नीलामी में भाग लेने के लिये नीलामी की तिथि से दो दिन पूर्व कार्यालय अवधि में जिला खनन पदाधिकारी, गुमला के पदनाम से रेखांकित बैंक ड्राफ्ट अन्य आवश्यक कागजात के साथ जमा करना होगा, अन्यथा व्यक्ति/संस्था डाक में भाग लेने से वंचित कर दिये जायेंगे। सफल डाकवक्ता (अधिकतम राशि) की प्रतिभूति रकम को छोड़कर अन्य डाकवक्ता द्वारा जमा प्रतिभूति राशि का बैंक ड्राफ्ट नियमानुसार वापस कर दिया जायेगा।
3. नीलामी में बोली गयी उच्चतम डाक की राशि का 10% में से प्रतिभूति राशि को छोड़कर शेष राशि डाक की समाप्ति या उपायुक्त/प्राधिकृत प्रतिनिधि द्वारा निदेश दिये जाने पर नीलामी वाले तिथि को ही बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक/ऑनलाईन के माध्यम से उच्चतम डाकवक्ता द्वारा जमा करना होगा, अन्यथा उच्चतम डाकवक्ता को भविष्य में नीलामी में भाग लेने से वंचित कर दिया जायेगा।
4. उच्चतम डाक की पूर्ण राशि नीलामी की तिथि से पन्द्रह दिनों के अन्दर कार्यालय अवधि में ही भुगतान करना होगा। पूर्ण राशि के भुगतान में असफल रहने की स्थिति में दूसरे नम्बर के डाकवक्ता को उच्चतम डाक की राशि पर सहमति हेतु प्रस्ताव दिया जायेगा एवं उनके समर्थन या स्वीकार होने की स्थिति में यह नीलामी उनके पक्ष में घोषित किया जायेगा।
5. नीलामी के उपरान्त उच्चतम डाक की राशि के पूर्ण भुगतान के पश्चात ही सफल डाकवक्ता के पक्ष में झारखण्ड लघु खनिज समनुदान नियमावली–2004 यथा संशोधित नियमावली के सुसंगत नियमों के तहत आदेश सक्षम पदाधिकारी द्वारा निर्गत किया जायेगा।
6. उक्त आदेश निर्गत होने के उपरान्त बालू खनिज के उठाव/प्रेषण हेतु JIMMS द्वारा अस्थाई आई०डी० सृजित किया जायेगा।
7. उक्त खनिज का उठाव/प्रेषण JIMMS Portal से निर्गत परिवहन चालान के माध्यम से आदेश निर्गत होने की तिथि से तीन माह के अंदर अनिवार्य रूप से कर लेना होगा। विशेष परिस्थिति में कारणों सहित लिखित आवेदन पर समीक्षोपरान्त अवधि विस्तार पर निर्णय लिया जायेगा।
8. बन्दोबस्ती के पश्चात बालू का प्रेषण करने में किसी प्रकार का अड़चन यथा पहुंच पथ वगैरह के कारण या किसी अन्य कारणवश नीलामीधारी, नीलामी किये गये बालू का प्रेषण नहीं कर पाते है, तो इसकी पूरी जिम्मेवारी नीलामीधारी की होगी तथा भुगतान की गयी राशि के विरूद्ध किसी भी प्रकार का दावा/कटौती मान्य नहीं होगा।
9. बालू निष्कासन के क्रम में यदि रैयति भूमि का उपयोग किया जाता है तो उसकी क्षतिपूर्ति का भुगतान नीलामीधारी द्वारा ही किया जायेगा।
10. आम नीलामी में उच्चतम डाकवक्ताओं में अगर Tie (गुलोबन्द) होता है तो End User को प्राथमिकता मिलेगी।
11. अन्य शर्त्त एवं बंधेज झारखण्ड लघु खनिज समनुदान नियमावली–2004 (सभी संशोधनों सहित एवं The Jharkhand Minerals (Prevention of Illegal, Mining, Transportation & Storage) Rules–2017 के प्रावधानों के अनुसार होगा।
12. नीलामी मे भाग लेने हेतु इच्छुक व्यक्ति/वैसी संस्था जो खनन संबंधी व्यवसाय हेतु निबंधित है। दिनांक 08.08.2023 को 5:00 बजे अपराहन तक जिला खनन कार्यालय, गुमला में आवेदन दाखिल कर सकतें है। आवेदन के साथ निम्नलिखित वांछित कागजात स्व अभिप्रमाणित कर संलग्न करना अनिवार्य होगा:–
   (क) सुरक्षित जमा का 10% राशि निर्धारित प्रतिभूति रकम के रूप में।
   (ख) पैन कार्ड एवं अद्यतन आयकर रिर्टन की छाया प्रति।
   (ग) आधार कार्ड की छाया प्रति।
   (घ) आवासीय प्रमाण पत्र की छाया प्रति।
   (ड) पासपोर्ट साईज फोटो की एक प्रति।
   (च) आवेदन के साथ इस आशय का शपथ पत्र जमा करना होगा कि पूर्व से खनन पट्टा धारक है अथवा नहीं, यदि है तो खनन बकाया से संबंधित स्वामित्स्व स्वच्छता प्रमाण पत्र भी जमा करेंगे।
13. किसी परिस्थिति/कारणवश आम नीलामी रद्द करने का सर्वाधिकार उपायुक्त, गुमला को सुरक्षित होगा।

नोट:–विशेष जानकारी के लिये जिला खनन कार्यालय, गुमला में किसी भी कार्य दिवस में सम्पर्क किया जा सकता है।

ह0/–
उपायुक्त,गुमला

PR 302805 Mines and Geology(23-24).D

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (गव्य प्रभाग)
जिला गव्य विकास कार्यालय, लोहरदगा
Email - dairylohardaga@yahoo.com

-: आवश्यक सूचना :-

वित्तीय वर्ष 2023–24 में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अन्तर्गत निम्नलिखित इच्छुक ग्रामीण कृषकों/पशुपालकों को सूचित किया जाता है कि संबंधित प्रखण्ड पशुपालन कार्यालय/जिला गव्य विकास कार्यालय, लोहरदगा से निःशुल्क आवेदन पत्र प्राप्त कर तथा पूर्णरूपेण भरे हुए आवेदन पत्र संबंधित पंचायत स्तरीय समिति तथा ग्राम सभा की अनुसंशा की गई प्रति और स्थानीय जाति/निवासी प्रमाण पत्र/आधार कार्ड/बैंक खाता पासबुक की स्व–हस्ताक्षरित छाया प्रति/विकलांग प्रमाण पत्र (जहाँ लागू हो) संलग्न कर संबंधित प्रखण्ड के प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी के कार्यालय में दिनांक–14.08.2023 के अपराहन् 05:00 बजे तक जमा करने हेतु आमंत्रित किया जाता है। आवेदन पत्र में त्रुटि पाये जाने पर आपका आवेदन अस्वीकृत कर दिया जायेगा जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेवार होंगें।

क्र	योजना का नाम	परियोजना लागत	अनुदान %	लाभुक वर्ग
1	दो (02) दुधारू गाय/भैंस की योजना	1,35,050/-	90%	आपदा/आगलगी से प्रभावित परिवार की महिला/सड़क दुर्घटना से प्रभावित परिवार की महिला/परित्यक्त महिला/दिव्यांग महिलाओं के लिए।
			75%	सभी महिला लाभुकों के लिए (आपदा/आगलगी से प्रभावित परिवार की महिला/सड़क दुर्घटना से प्रभावित परिवार की महिला/परित्यक्त महिला/दिव्यांग महिलाओं को छोड़कर)
	कामधेनु डेयरी फार्मिंग योजना			
2	पाँच (05) दुधारू गाय/भैंस की योजना	3,37,625/-	75%	अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए
			50%	अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों के अतिरिक्त अन्य सभी जातियों के लिए
3	दस (10) दुधारू गाय/भैंस की योजना	6,75,250/-	75%	अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए
			50%	अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों के अतिरिक्त अन्य सभी जातियों के लिए
	चारा काटने की मशीन			
4	हस्त चालित चैफ कटर	8,000/-	90%	पशुपालकों/लघु डेयरी उद्यमियों/युवा शिक्षित बेरोजगार/स्वंय सहायता समूह के सदस्यों/प्रगतिशील पशुपालकों में अनुसूचित जाति/जनजाति/दुग्ध सहकारी समिति के लाभुक
			75%	अन्य सभी जातियों के लिए (पशुपालकों/लघु डेयरी उद्यमियों/युवा शिक्षित बेरोजगार/स्वंय सहायता समूह के सदस्यों/प्रगतिशील पशुपालकों में अनुसूचित जाति/जनजाति/दुग्ध सहकारी समिति के लाभुकों को छोड़कर)
5	विद्युत चालित चैफ कटर	20,000/-	90%	पशुपालकों/लघु डेयरी उद्यमियों/युवा शिक्षित बेरोजगार/स्वंय सहायता समूह के सदस्यों/प्रगतिशील पशुपालकों में अनुसूचित जाति/जनजाति/दुग्ध सहकारी समिति के लाभुक
			75%	अन्य सभी जातियों के लिए (पशुपालकों/लघु डेयरी उद्यमियों/युवा शिक्षित बेरोजगार/स्वंय सहायता समूह के सदस्यों/प्रगतिशील पशुपालकों में अनुसूचित जाति/जनजाति/दुग्ध सहकारी समिति के लाभुकों को छोड़कर)
	प्रगतिशील डेयरी कृष्कों को सहायता योजना			
6	मिल्कींग मशीन	1,20,000/-	90%	अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए
			75%	अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों के अतिरिक्त अन्य सभी जातियों के लिए
7	पनीर एवं खोआ मेकिंग यूनिट	1,00,000/-	90%	अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए
			75%	अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों के अतिरिक्त अन्य सभी जातियों के लिए
8	वर्मी कम्पोस्ट यूनिट	25,000/-	90%	अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए
			75%	अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों के अतिरिक्त अन्य सभी जातियों के लिए
9	डीप बोरिंग	1,00,000/-	90%	अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए
			75%	अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों के अतिरिक्त अन्य सभी जातियों के लिए
10	काउ मैट	5,200/-	90%	अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए
			75%	अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों के अतिरिक्त अन्य सभी जातियों के लिए

विभागीय राज्यादेश सं0–10रा0(वि0) दिनांक–14.06.2023 के क्रम में अहर्ता/नियम व शर्तें :–

- इस योजना के अन्तर्गत लाभुकों का चयन पंचायत स्तरीय समिति तथा ग्राम सभा की अनुसंशा कराते हुए चयनित सूची पर प्रखण्ड स्तरीय समिति की अनुसंशा उपरांत उपायुक्त महोदय की अध्यक्षता वाली गठित जिला स्तरीय समिति द्वारा अन्तिम रूप से लाभुकों का चयन किया जायेगा। पंचायत स्तरीय समिति में ग्राम प्रधान् नहीं रहने पर मुखिया, झारखण्ड मिल्क फेडरेशन(JMF) के प्रतिनिधि एवं दुग्ध मित्र सदस्य रहेंगे।
- विगत 05 वर्षों में जिन परिवारों (JSFSS/NFHS के परिमापित) द्वारा अनुदान का लाभ लिया गया है, उन्हें पुनः अनुदान अनुमान्य नहीं होगा।
- दुधारू मवेशी वितरण योजना अन्तर्गत योजना का क्रियान्वयन अनुदान–सह–लाभुक अंशदान/बैंक ऋण पर किया जायेगा।
- दुधारू मवेशी वितरण योजना का क्रियान्वयन के क्रम में दुधारू मवेशी का क्रय 6 माह के अंतराल पर दो चरणों में किया जायेगा।
- दुधारू पशु वितरण कार्यक्रम अन्तर्गत पशु शेड का निर्माण मनरेगा अंतर्गत उपलब्ध निधि के अभिसरण से किया जायेगा। वैसे चयनित लाभुक जिनके पास मनरेगा कार्यक्रम अंतर्गत पशु ,शेड निर्मित है, की विस्तृत सूची संबंधित प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के द्वारा जिला गव्य विकास पदाधिकारी को उपलब्ध कराया जाएगा।
- लाभुक द्वारा दुधारू पशुओं का लगातार तीन पाली दुहाई एवं पूर्ण संतुष्टि के उपरांत गव्य विकास निदेशालय से निबंधित/सूचीबद्ध पशु विक्रेता से दुधारू पशु क्रय किया जाएगा।
- हस्त चालित/विद्युत चालित चारा काटने की मशीन की योजना का लाभ गव्य विकास निदेशालय स्तर पर गठित क्रय समिति द्वारा निर्धारित गुणवत्ता मेक तथा विशिष्टि के अनुरूप वास्तविक दर जो क्रय समिति के द्वारा विहित प्रक्रिया अपनाते हुए निर्धारित किया गया हो, अथवा राज्यादेश में उल्लेखित दर दोनों में जो कम होगा, उसके आधार पर क्रय उपरांत स्वीकृत अनुदान की राशि को उनके दावा विपत्र के आधार पर किया जायेगा।
- चारा काटने की मशीन की योजना के लाभुकों द्वारा हरा चारा उत्पादन किया जाना अनिवार्य होगा।
- प्रगतिशील डेयरी कृषकों को सहायता की योजना अन्तर्गत स्वीकृत अनुदान राशि का भुगतान गव्य विकास निदेशालय स्तर पर गठित क्रय समिति द्वारा निर्धारित गुणवत्ता मेक तथा विशिष्टि के अनुरूप वास्तविक दर जो क्रय समिति के द्वारा विहित प्रक्रिया अपनाते हुए निर्धारित किया गया हो, अथवा राज्यादेश में उल्लेखित दर दोनों में जो कम होगा, उसके आधार पर क्रय उपरांत स्वीकृत अनुदान की राशि को उनके दावा विपत्र के आधार पर किया जायेगा।
- वर्मी कम्पोस्ट यूनिट एवं डीप बोरिंग आदि हेतु सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृत प्राप्त प्राक्कलित राशि अथवा योजना के अनुमानित लागत दोनों में से जो कम हो के, आधार पर अनुदान राशि लाभुकों का उनके दावा विपत्र के आधार पर भुगतान किया जायेगा।
- मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत् अंतिम रूप से चयनित होने के उपरांत लाभुकों को भी अपना अंशदान Escrow Account/Dedicated Account में जमा करना सुनिश्चित् किया जायेगा।
- लाभुकों को अनुदान राशि का भुगतान बैंक खातों में DBT के माध्यम से झारखण्ड कोषागार संहिता 2016 के आलोक में किया जायेगा।

PR 302820 Lohardaga (23-24)_D — जिला गव्य विकास पदाधिकारी, लोहरदगा

कार्यालय–झारखण्ड शिक्षा परियोजना, गढ़वा
RTE अंतर्गत मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों में रिक्त सीटों पर नामांकन संबंधी आम सूचना

निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 के तहत गढ़वा जिले के मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों में उनके प्रथम कक्षा के क्षमता का 25 प्रतिशत सीट पर पास–पड़ोस (क्रमशः 01 कि0मी0, 03 कि0मी0 अंततः 06 कि0मी0 की सीमा) के अभिवंचित समूह एवं कमजोर वर्ग के बच्चों का निःशुल्क नामांकन हेतु कार्यालय ज्ञापांक–721 दिनांक–27.04.2023 द्वारा प्रकाशित आम सूचना के आलोक में प्राप्त आवेदन का स्क्रूटनी के पश्चात अनुमोदनोंपरांत रिक्त सीट पर उपायुक्त, गढ़वा के निदेशानुसार बच्चों का नामांकन पूर्ण कराते हुए उन बच्चों का कक्षा–8 तक की शिक्षा पूर्ण करानी है। इसके एवज में निजी विद्यालयों को सरकार द्वारा निर्धारित शिक्षण शुल्क की प्रतिपूर्ति राशि का भुगतान किया जाएगा।

अभिभावकों की सुविधा के लिए सूचित किया जाता है कि पास–पड़ोस के दूरी सीमा का निवासी होने के लिए पालक/अभिभावक का आधार कार्ड, मतदाता परिचय पत्र, मनरेगा जॉबकार्ड, राशन कार्ड, ड्राईविंग लाइसेंस, बिजली बिल जिसमें उनका नाम व आवास का पता अंकित हो, मान्य होंगे। वैसे बच्चे जिनके परिवार का सभी श्रोतों से वार्षिक आय 72000 रूपये से कम हो तथा बच्चे का उम्र पाँच वर्ष छः माह से अधिक एवं सात वर्ष से कम होगी नामांकन के योग्य होंगे। उम्र की गणना दिनांक–31.03.2023 के आधार पर किया जाएगा। विद्यालयवार नामांकन क्षमता, 25 प्रतिशत कोटा एवं रिक्त सीटों का विवरण निम्नवत है:–

क्र. सं.	विद्यालय का नाम एवं पता	प्रखण्ड	कक्षा 01 की क्षमता	25 प्रतिशत कोटा	कोटे के अन्तर्गत नामांकन बच्चों की संख्या	रिक्त सीट
1	बी.एस.के.डी. पब्लिक स्कूल, नवादा मोड़, गढ़वा	गढ़वा	130	33	25	08
2	जी0एन0 कॉन्वेन्ट स्कूल	गढ़वा	40	10	4	06
3	साउथ प्वाईंट पब्लिक स्कूल, गढ़वा	गढ़वा	40	10	3	07
4	शांति निकेतन स्कूल, तिलदाग, गढ़वा	गढ़वा	40	10	6	04
5	ब्राईट फ्यूचर स्कूल, सोनपुरवा, गढ़वा	गढ़वा	40	10	6	04
6	बी0पी0डी0ए0भी0 पब्लिक स्कूल, फरठिया, गढ़वा	गढ़वा	30	8	7	01
7	ए0आर0डी0 पब्लिक स्कूल, नहर रोड, विशुनपुर, गढ़वा	गढ़वा	40	10	10	00
8	जेम्स मिशन स्कूल, सोनपुरवा, गढ़वा (नियर रेलवे स्टेशन)	गढ़वा	40	10	1	09
9	कौटिल्य विद्यालय, खजुरी, गढ़वा	गढ़वा	40	10	8	02
10	सी0पी0 मेमोरियल स्कूल, सहिजना, गढ़वा	गढ़वा	40	10	10	00
11	जे0पी0एस0 सेन्ट्रल स्कूल, पटेल नगर, दीपवां, गढ़वा	गढ़वा	40	10	4	06
12	आर0के0 पब्लिक स्कूल, सोनपुरवा, गढ़वा	गढ़वा	80	20	6	14
13	ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, टंड़वा, गढ़वा	गढ़वा	40	10	0	10
14	मिशन म0वि0 भण्डरिया	भण्डरिया	32	8	7	01
15	एस0जी0एन0 मॉडर्न किन्डर गार्टेन, मेराल	मेराल	80	20	10	10
16	एस0डी0 मेमोरियल एकेडमी, मेराल	मेराल	40	10	10	0
17	सरस्वती ज्ञान मंदिर, रंका	रंका	40	10	10	0
18	अपग्रेडेड नर्सरी इंग्लिस स्कूल, बुका, भवनाथपुर	भवनाथपुर	40	10	10	0
19	होलीफेथ पब्लिक स्कूल, डंडई	डंडई	80	20	16	04
20	सृजन पब्लिक स्कूल, डंडई	डंडई	80	20	15	05
21	आर0के0 पब्लिक, बंशीधर नगर उँटारी	नगर उँटारी	40	10	0	10
22	एम.के. इंटरनेशनल स्कूल, नगर उँटारी	नगर उँटारी	40	10	3	07
23	आर0के0 पब्लिक स्कूल, उंचरी मझिऑव	मझिऑव	40	10	0	10
		कुल–	1152	289	171	118

इच्छुक अभिभावकों से आग्रह है कि अपने पाल्य के नामांकन हेतु उसी विद्यालय में आवेदन पत्र समर्पित करेंगे जो उनके पास–पड़ोस में अवस्थित है। विशेष जानकारी के लिए संबंधित विद्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है। सभी विद्यालयों में आवेदन पत्र उपलब्ध है। जिले के उक्त मान्यता प्राप्त विद्यालयों में नामांकन प्रक्रिया पूर्ण करने हेतु निम्नवत तिथि निर्धारित है:–

क्र. सं.	गतिविधि	निर्धारित तिथि
1	विद्यालय से आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि –	20.07.2023– 24.07.2023
2	विद्यालय में आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि –	25.07.2023
3	विद्यालय द्वारा प्रखण्ड संसाधन केन्द्र में आवेदन जमा करने तिथि –	26.07.2023
4	प्रखण्ड संसाधन केन्द्र से जिला कार्यालय में आवेदन जमा करने की तिथि –	27.07.2023
5	जिला स्तर पर गठित कमिटि द्वारा आवेदन की स्क्रुटनी कर अंतिम सूची निर्माण–	28.07.2023– 02.08.2023
6	अंतिम अनुमोदित सूची प्रखण्डों के माध्यम से विद्यालयों को उपलब्ध कराये जाने की तिथि –	04.08.2023
7	तृतीय चरण के नामांकन की अंतिम तिथि –	05.08.2023– 08.08.2023

अतएव जिले के सभी आमजनों से अनुरोध है कि सरकार के इस महत्वपूर्ण योजना के तहत बच्चों के निःशुल्क शिक्षा हेतु अधिकाधिक व्यक्तियों को प्रेरित करेंगे।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
झारखण्ड शिक्षा परियोजना, गढ़वा।

PR 302797 Human Resource Developement(23-24)D

अपराध बेलगाम, अंकुश जरुरी

झारखंड में बेलगाम अपराध पर नकेल कसना समय की मांग है। जेल से चलता वसूली रैकेट और धमकी का खेल ,जेल में रहते हुए कानून व्यवस्था को मजाक बना देने वाले गैंगस्टर को अब निशाने पर लिया जाना चाहिए। इनके लिए नया प्लान बनाने की जरूरत है। जिसके बाद उम्मीद की जानी चाहिए कि गैंगस्टरों का संगठित गिरोह चकनाचूर होगा। इसके बाद ही अपराध में कमी आयेगी। हाल के दिनों में सूबे में बेलगाम और झारखंड पुलिस के लिए चुनौती बनते जा रहे आपराधिक गिरोह के गुर्गे अब कारोबारियों के बाद पुलिस अधिकारियों पर भी जानलेवा हमले कर रहे हैं। रामगढ़ के पतरातू में एटीएस के डीएसपी नीरज कुमार और रामगढ़ के दारोगा सोनू साव पर जिस तरीके से अमन साहू गैंग के गुर्गे बॉबी खान ने खुलेआम फायरिंग कर उन्हें जख्मी कर दिया उससे अब पुलिस मुख्यालय तक में इन गुर्गों के कारनामों की गूंज पहुंचती नजर आ रही है। गुर्गे बेखौफ और बेलगाम अंदाज में राजधानी रांची से लेकर अन्य जिलों में खुलेआम गोलीबारी की घटना को अंजाम दे रहे हैं। यह कहीं से जायज नहीं है। पुलिस खुपिया तंत्र को मजबूत कर सभी विशेष बलों और पुलिस इकाई के साथ मिलकर इनके सफाये के लिए अभियान चलाये। बहरहाल ताजा मामला रामगढ़ के पतरातू का है। जहां रांची से एटीएस और लोकल थाने की पुलिस टीम पर जेल में बंद कुख्यात गैंगस्टर अमन साहु गिरोह के गुर्गे के आने से की सूचना पर पहुंची थी, लेकिन गुर्गों ने पुलिस टीम को देखते ही फायरिंग कर दी, जिसमें एटीएस के डीएसपी नीरज कुमार और एक दारोगा सोनू साव को गोली लगने से जख्मी हो गये। कुख्यात गैंगस्टर अमन साहू फिलहाल दुमका के जेल में बंद है। नौ महीने पहले कुख्यात गैंगस्टर अमन साहू ने मेदिनीनगर सेंट्रल के अधीक्षक जितेंद्र कुमार को जान से मारने की धमकी दी थी। इसके अलावे उनके ड्राइवर को भी धमकी भरा फोन किया। अब उसके गुर्गे पुलिस अधिकारी को गोली मारने से भी नहीं चूक रहे हैं। गुर्गे गोली मारकर फरार हो जा रहे हैं और पुलिस को भनक तक नहीं लगी है। झारखंड में चार बड़े आपराधिक गिरोह सक्रिय है और इन सभी गिरोह के सदस्यों में कानून का भय खत्म हो गया है। हाल के दिनों में जिस प्रकार से घटना को अंजाम दिया है उससे लोगों में भय का माहौल पैदा हो गया है। चार बड़े गिरोहों के नाम अमन साहू गिरोह, सुजीत सिन्हा गिरोह, अमन श्रीवास्तव गिरोह और पांडेय गिरोह शामिल है। ये गिरोह मुख्य रुप से झारखंड के राजधानी रांची, पलामू, लातेहार, लोहरदगा, चतरा, रामगढ़ और हजारीबाग में सक्रिय है. ये गिरोह इन सभी जिलों में बड़े स्तर पर उत्पात मचाया है. इन गिरोह के सभी मुखिया जेल में बंद हैं। उसके बाद भी जेलों से अपना अपना गिरोह का संचालन कर रहा है। जिस प्रकार से जेल में बंद रहने के बाद ये सभी गिरोह के लोग घटना को अंजाम दे रहें हैं ऐसा लग रहा है कि इनके अंदर कानून का भय खत्म हो गया है। हालांकि एटीएस डीएसपी को गोली मारने वाला अमन गिरोह का शूटर बाबी पकड़ा जा चुका है लेकिन इस कार्रवाई से कुछ नहीं होने वाला है। इससे भी बड़े कदम की जरूरत है। साथ ही अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई के बाद ही अपराध में कमी आयेगी। रांची के अरगोड़ा इलाके में पिछले दिनों कोयला कारोबारी रंजीत गुप्ता पर फायरिंग हुई थी। इस घटना के बाद से इलाके में सनसनी फैल गई थी। इस गोलीबारी की घटना के बाद भी रांची पुलिस अब तक खुलासा नहीं कर पाई है। इस गोलीबारी की घटना को अंजाम कुख्यात गैंगस्टर अमन साहू के गुर्रे ने दिया था। इसके पहले कमल भूषण के लेखा जोखा रखने वाले आदमी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

हाल के दिनों में सूबे में बेलगाम और झारखंड पुलिस के लिए चुनौती बनते जा रहे आपराधिक गिरोह के गुर्गे अब कारोबारियों के बाद पुलिस अधिकारियों पर भी जानलेवा हमले कर रहे हैं।

मानसून सत्र व्यर्थ नहीं, अर्थपूर्ण ढंग से चले

ललित गर्ग

मानसून सत्र दोनों सदनों में सुचारुरूप से चले इसके लिये सर्वदलीय बैठक में सहमति भले ही बनी हो, लेकिन अब तक के अनुभव के अनुसार यह सत्र भी हंगामेदार ही होना तय है। भारतीय जनता पार्टी को कड़ी टक्कर देने के लिए विपक्ष ने 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव एलायंस (इंडिया)' नाम के नए गठबंधन की घोषणा कर दी है। नये गठबंधन के नेता संसद के मानसून सत्र में सरकार को घेरने की तैयारी में लगे हैं। मानो विपक्षी दलों ने प्रण कर लिया है कि वह इस सत्र को भी सुगम तरीके से नहीं चलने देगा। मानसून सत्र 20 जुलाई से शुरू होने जा रहा है और यह 11 अगस्त को खत्म होगा। इस दौरान संसद के दोनों सदनों की कुल 17 बैठकें रखी गई हैं। एक ओर जहां सत्ता पक्ष अहम विधेयकों को पारित करने की कोशिश में है, वहीं दूसरी ओर विपक्ष मणिपुर हिंसा, रेल सुरक्षा, महंगाई, यूनिफॉर्म सिविल कोड और अडाणी मामले पर जेपीसी गठित करने की मांग करने में लगा हुआ है। कई और मुद्दों को लेकर भी वह सरकार को घेरने की फिराक में हैं। ऐसे में, विपक्ष की भूमिका देश व सरकार के प्रति अपने कर्तव्य और दायित्व के सही एवं सकारात्मक निर्वहन की होनी अपेक्षित है। हम पिछले कुछ वर्षों से देख रहे हैं कि किस प्रकार संसद के सत्र छोटे पर छोटे होते जा रहे हैं और साल में संसद बामुश्किल 55 या 56 दिन के लिए ही बैठती है और उसमें भी सार्थक चर्चा होने के स्थान पर सत्ता व विपक्षी खेमों के बीच एक-दूसरे के ऊपर आरोप-प्रत्यारोपों की बौछार होती रहती है और भारी शोर-शराबा मचता रहता है या बैठकें बार-बार स्थगित होती रहती हैं। विपक्ष का आक्रामक रूख और हंगामा उचित नहीं है। उसे अपनी छवि सुधारनी चाहिए। हर बार की तरह इस बार भी संसदीय अवरोध का कायम रहता है तो इससे लोकतंत्र कमजोर ही होगा। लोकतंत्र में संसदीय अवरोध जैसे उपाय किसी भी समस्या का समाधान नहीं कर सकते। इस मौलिक सत्य व सिद्धांत की जानकारी से आज का पक्ष एवं विपक्षी नेतृत्व अगर अनभिज्ञ रहता है, तो यह अब तक की हमारी लोकतांत्रिक यात्रा की कमी को ही दशार्ता है। यह स्थिति देश के लिये नुकसानदायी है, इस दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति की काली छाया से मानसून सत्र को बचाना प्राथमिकता होनी चाहिए। भारत पूरी दुनिया में संसदीय प्रणाली का सबसे बड़ा लोकतन्त्र है और इसके बावजूद इसकी संसद की हालत ऐसी हो गई है कि 17वीं लोकसभा का कार्यकाल पूरा होने में अब केवल मुश्किल से नौ महीने ही बचे हैं। इस अवधि में विपक्ष प्रभावी भूमिका में सामने आये, यह जरूरी है। वैसे भी संसद पर पहला अधिकार विपक्ष का होता है क्योंकि वह अल्पमत में होता है मगर उसी जनता का प्रतिनिधित्व करता है जिसका प्रतिनिधित्व बहुमत का सत्ताधारी दल करता है। अतः विपक्ष द्वारा उठाये गये मुद्दों और विषयों पर विशद चर्चा कराना सत्ताधारी दल का नैतिक कर्त्तव्य बन जाता है। मगर हम तो देखते आ रहे हैं कि पिछले सत्र में जिस प्रकार एक के बाद एक विधेयक बिना चर्चा के ही संसद के दोनों सदनों के भीतर भारी शोर-शराबे के बीच पारित होते रहे यहां तक कि चालू वित्त वर्ष के बजट को भी बिना किसी चर्चा के ही ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। ये लोकतांत्रिक प्रक्रिया को धुंधलाने के उपक्रम है। मानसून सत्र के दौरान सरकारी कार्यों की संभावित सूची में 31 नये विधेयकों को पेश या पारित करने के लिए शामिल किया गया है। इसमें दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र सरकार संशोधन विधेयक 2023 को भी जोड़ा गया है। यह विधेयक संबंधित अध्यादेश का स्थान लेने के लिए रखा जायेगा। इन कानूनों को पारित करने में सत्ता पक्ष से ज्यादा विपक्ष की भूमिका है, मगर हमने पिछले सत्र में देखा कि विपक्षी सांसदों ने संसद का बहिष्कार करके या उसका अवरोध करके उसको नहीं चलने दिया और पूरा सत्र व्यर्थ ही चला गया। मानसूत्र सत्र व्यर्थ न जाये, यह पक्ष एवं विपक्ष दोनों की जिम्मेदारी है। इस सत्र में अहम विधेयक पेश किये जानें हैं, ऐसे में सभी का सहयोग बहुत जरूरी है। सभी दलों को सत्र चलाने में मदद करनी होगी। संसदीय कार्यमन्त्री का मुख्य कार्य विपक्ष के साथ संवाद कायम करके संसदीय कामकाज को सामान्य तरीके से चलाने का होता है। मगर इसके साथ ही दोनों सदनों के सभापतियों की भी यह जिम्मेदारी होती है कि वे संसद की कार्यवाही को चलाने के लिए संसदीय कार्यमन्त्रणा समितियों से लेकर विभिन्न राजनैतिक दलों के नेताओं की सहयोग एवं सहृदयता प्राप्त करने का प्रयास करें। लेकिन जैसे-जैसे लोकतंत्र के विस्तार के साथ देश की भौतिक अवस्था में भी सकारात्मक बदलाव आया है, उससे तो कल्पना में यही बात रही होगी कि बौद्धिकता का भी स्तर और अभिव्यक्ति की शैली में प्रगतिशीलता और श्रेष्ठता आयेगी। लेकिन यथार्थ इससे एकदम भिन्न है। बहस की शैली और तत्त्व दोनों में ही गिरावट आई है। संसदीय बहसें अपने सुनने-देखने वालों की भी रचनात्मकता को कम करने में अधिक कारगर हो रही हैं। यही कारण है कि हल्की, ऊटपटांग, उलाहनापूर्ण, व्यंग्य और अपशब्दों वाली बहसें एवं हंगामें, जिन्हें संक्षेप में अमर्यादित और असंसदीय कह सकते हैं,, जो लोकतंत्र की गरिमा को धूमिल करती है, इन स्थितियों का उभरना एक चिन्तनीय स्थिति है। संसद में हम अगर सार्थक बहस या रचनात्मक चर्चा को ही टालने का प्रयास करेंगे तो आम जनता में जनप्रतिनिधियों के बारे में जो सन्देश जायेगा वह संसद की गरिमा के हक में नहीं होगा क्योंकि हर पांच साल बाद तो हर पार्टी का प्रत्याशी जनता से बड़े-बड़े वादे करके ही वोट यह कह कर पाता है कि वह लोकसभा में पहुंच कर आम जनता का दुख-दर्द व उनकी समस्याओं के बारे में चर्चा करेगा और राष्ट्र की नीतियों के निर्माण में अपना योगदान देगा। लेकिन हर सांसद को यह योगदान देने के लिये तत्पर होना चाहिए एवं उनके दलों को भी यह भूमिका निभानी चाहिए। संसदीय अवरोध कोई लोकतांत्रिक तरीका नहीं है, उससे हम प्रतिपल देश की अमूल्य धन-सम्पदा एवं समय-सम्पदा को खोते हैं। जिनकी भरपाई मुश्किल है। इसके साथ ही राजनीतिक मूल्य, भाईचारा, सद्भाव, लोकतंत्र के प्रति निष्ठा, विश्वास, करुणा यानि कि जीवन मूल्य भी खो रहे हैं।

भारत में संसदीय प्रणाली का सबसे बड़ा लोकतन्त्र है व इसके बावजूद इसकी संसद की हालत ऐसी हो गई है कि 17वीं लोकसभा का कार्यकाल पूरा होने में अब केवल मुश्किल से नौ महीने ही बचे हैं।

इन दिनों

बोधि वृक्ष

आईये सुने अश्वत्थामा की कथा

सिकंदर के आक्रमण के समय चाणक्य ने पोरस का साथ दिया। सिकंदर की हार और तक्षशिला पर सिकंदर के प्रवेश के बाद विष्णुगुप्त अपने गृह प्रदेश मगध चले गए और यहां से प्रारंभ हुआ उनका एक नया जीवन। उन्होंने विष्णुगुप्त नाम से शकटार से मुलाकात की। पिता का मित्र शकटार, जो अब बेहद ही वृद्ध हो चला था। चाणक्य ने देखा कि मेरे राज्य की क्या हालत कर दी है घनानंद ने। उधर, विदेशियों का आक्रमण बढ़ता जा रहा है और इधर ये दुष्ट राजा नृत्य, मदिरा और हिंसा में डूबा हुआ है। एक बार विष्णु गुप्त भरीसभा में पहुंच गये। चाणक्य ने उस दरबार में क्रोधवश ही अपना परिचय तक्षशिला के आचार्य के रूप में दिया और राज्य के प्रति अपनी चिंता व्यक्त की। उन्होंने यूनानी आक्रमण की बात भी बताई और शंका जाहिर की कि यूनानी हमारे राज्य पर भी आक्रमण करने वाला है। इस दौरान उन्होंने राजा धनानंद को खूब खरी-खोटी सुनाई और कहा कि मेरे राज्य को बचा लो महाराज। लेकिन भरी सभा में आचार्य चाणक्य का अपमान हुआ, उपहास उड़ाया गया। बाद में चाणक्य फिर से शकटार से मिलते हैं और तब शकटार बताते हैं कि राज्य में कई असंतोषी पुरुष और समाज है उनमें से एक है चंद्रगुप्त। चंद्रगुप्त मुरा का पुत्र है। किसी संदेह के कारण धनानंद ने मुरा को जंगल में रहने के लिए विवश कर दिया था। अगले दिन शकटार और चाणक्य ज्योतिष का वेश धरकर उस जंगल में पहुंच गये, जहां मुरा रहती थी और जिस जंगल में अत्यंत ही भोले-भाले लेकिन लड़ाकू प्रवृत्ति के आदिवासी और वनवासी जाति के लोग रहते थे। वहां चाणक्य ने चंद्रगुप्त को राजा का एक खेल खेलते हुए देखा।

(क्रमशः)

परीक्षा घोटाला होने पर उस केन्द्र पर ही पुर्न परीक्षा

मध्य प्रदेश पटवारी भर्ती परीक्षा को लेकर तमाम तरह के सवाल खड़े किये जा रहे हैं। पटवारी भर्ती के लिए लगभग बारह लाख परीक्षार्थियों ने आवेदन भरे थे। इनमें से लगभग नौ लाख परीक्षा में शामिल हुए। परीक्षा परिणामों में आठ हजार छः सौ अभ्यर्थी चयनित सूची में आए। किन्तु 13 जिलों के 78 केंद्रों में से एक सेंटर पर हुए कथित घोटाले या कहें कि सामूहिक नकल के आरोपों के कारण पूरी भर्ती प्रक्रिया पर ही उँगली उठाई जा रही है। कांग्रेस पार्टी इसे चुनावी मुद्दा बनाने के लिए पूरे प्रदेश भर में व्यापक आंदोलन कर रही है। विपक्षी दल होने के कारण सरकार की किसी भी चूक पर विरोध करना उसका कर्तव्य है किंतु क्या इस विरोध से पीड़ित छात्रों को न्याय मिल पायेगा ? यहाँ प्रश्न यह भी है कि पीड़ित कौन है? वे एक सौ चौदह संभावित विद्यार्थी, जिनका अधिकार इन कथित नकलचियों ने पैसे देकर छीन लिया या फिर पूरी भर्ती प्रक्रिया के लटक जाने से नौकरी से वंचित हो जाने वाले साढ़े आठ हजार योग्य, परिश्रमी और पूरी ईमानदारी से परीक्षा पास करने वाले युवा? मूल समस्या क्या है ? ऐसे मामले सामने आने पर उनका स्थायी समाधान होना चाहिए। पर इसकी बजाय चुनावी मौसम में जिसे देखो वही अपनी सुविधा और लाभ के लिए विरोध या समर्थन का झंडा उठाये घूम रहा है। आज पूरे देश में ऐसा वातावरण बनाया जा रहा है कि मध्य प्रदेश में परीक्षा घोटाला होना आम बात है जबकि वतार्मान समय में यह सही नहीं है। पिछले कुछ वर्षों में अपवादों को छोड़कर पूरे प्रदेश में निर्विघ्न परीक्षाएं संपन्न होती आ रही हैं। राजनीति अपनी जगह है सच्चाई अपनी जगह। कुछ नकलचियों के पाप की सजा ईमानदारी से परीक्षा उत्तीर्ण करने वालों को क्यों मिले? हमारा संविधान भी यही कहता है कि किसी निर्दोष को सजा नहीं मिलनी चाहिए। अभी पिछले दिनों छत्तीसगढ़ में राज्य सेवा परीक्षा में हुए कथित घोटाले को लेकर छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार के विरुद्ध वहां के विपक्षी दलों ने जोरदार प्रदर्शन किया। परिणाम क्या हुआ, जांच बैठा दी गई और रिपोर्ट मिलने की अंतहीन प्रतीक्षा शुरू है। ठीक इसी प्रकार राजस्थान में रीट परीक्षा में पेपर लीक होने पर विपक्षी दलों ने वहां की सत्तारूढ़ कांग्रेस पार्टी के विरुद्ध प्रदर्शन किया, परिणाम क्या हुआ ? जांच बैठा दी गई और रिपोर्ट का अता-पता नहीं है ।मध्य प्रदेश में पटवारी भर्ती परीक्षा में एक केंद्र पर कथित घोटाले का आरोप लगा तो यहाँ क्या हुआ ? यहां भी जांच के आदेश दे दिये गये हैं। चूंकि मध्य प्रदेश में नवम्बर में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं इसलिए कांग्रेस इसे चुनावी मुद्दा बनाकर अपने कार्यकर्ताओं को सड़कों पर उतार रही है। कांग्रेस के बड़े नेताओं ने स्वयं ट्वीट करके मोर्चा खोल दिया है। राजनीति ऐसे ही चला करती है इसलिए यह कोई विशेष बात नहीं। विशेष बात यह है कि इस शोर-शराबे में परीक्षा व्यवस्था में सुधार पर कोई बहस होती नहीं दिखती। निःसंदेह यह बहुत बड़ा अपराध है इसकी जांच भी होनी चाहिए और दोषियों को सजा भी मिलनी ही चाहिए। किन्तु क्या इस प्रकार की घटनाएं, नकल या पेपर लीक पूरी तरह रोके जा सकते हैं ? इसका एक ही उत्तर हो सकता है, हां। किन्तु अपवादस्वरूप ऐसी घटनाएं होती रह सकती हैं। यदि पचास या सौ केन्द्रों में से किसी एक केंद्र पर कोई गड़बड़ी होने पर यदि पूरी परीक्षा निरस्त होने की परम्परा चल निकली तो देश में परीक्षाएं कराना असंभव हो जायेगा ।परीक्षा में पारदर्शिता लाने के लिए ऑनलाइन प्रणाली अपनाई गई।

डॉ.रामकिशोर उपाध्याय

विपक्षी दल होने के कारण सरकार की किसी भी चूक पर विरोध करना उसका कर्तव्य है किंतु क्या इस विरोध से पीड़ित छात्रों को न्याय मिल पायेगा ? यहाँ प्रश्न यह भी है कि पीड़ित कौन है?

शिक्षा

फोटो की दुनिया

फेसबुक वॉल से

क्यों तड़प उठी दिल्ली में यमुना नदी

जब भी किसी भी नदी की धारा सूख जाती है, तो लोग उसमें अपना घर बना लेते हैं या तरह-तरह के अतिक्रमण कर लेते हैं और जब बारिश के दिनों में नदी अपने वास्तविक स्वरूप में लौटती है तो कहा जाने लगता है कि देखो, बाढ़ आ गई। आज जब यमुना अपना अस्तित्व बचाने के लिए पूरे सामर्थ्य के साथ दिल्ली के लोगों और दिल्ली की गंदगी दोनों से एक साथ लड़ रही है तो दिल्ली भर में हाहाकार मचा हुआ है। सच में, दिल्ली द्वारा दिये गये कष्ट से ही तड़प उठी है यमुना। दिल्ली को अपनी यमुना को तो हर सूरत में बचाना ही होगा। हालत यह बन गई है कि जो यमुना दिल्ली की जीवन रेखा मानी जाती थी, अब उसमें तमाम शहर की गंदगी, गंदे कपड़े, कबाड़, पॉलिथीन, मरे जानवर, फैक्ट्रियों-कारखानों से निकलने वाले जहरीले रासायनिक तत्व मिलाये जा रहे हैं। जो यमुना नदी दिल्ली की जीवन रेखा थी आज वह खुद ही अपने जीवन की भीख मांग रही है। इस बार तो दिल्ली सरकार के केंद्र, दिल्ली सचिवालय से लेकर राजघाट, शांतिवन, शक्ति स्थल, सुप्रीम कोर्ट और निगम बोध घाट तक में चला गया यमुना में आई बाढ़ का पानी। बाढ़ ने इन सबके दरवाजे बंद करवा दिये। दिल्ली के पुराने मोहल्ले, कटरों, कूचों, गलियों, बाडो के बाशिंदे इसे कभी 'यमुना नदी' कहकर नहीं पुकारते, आज भी उनकी जुबान पर 'जमुना जी' चढ़ा है। यमुना कभी भी इनके लिए एक नदी नहीं रही। वे जमुना जी में स्नान करके खुद को धन्य, मोक्ष की प्राप्ति समझते थे। जब दिल्ली, कश्मीरी गेट, लाहौरी गेट, अजमेरी गेट, दिल्ली गेट तक ही सीमित थी, तो यहां के रहने वालों के लिए रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करने का जरिया भी थी जमुनाजी। पीने का पानी, किनारे पर पैदा होने वाली साग-सब्जी, गाय-भैंस को पानी पिलाने, नहलाने, तैराकी के मेले, मरघट वाले हनुमान बाबा का मंदिर। दिल्ली की बुजुर्ग महिलाओं का भोर में ही जमुनाजी जाकर स्नान ध्यान करना आम बात थी। यमुना में आई बाढ़ से सिर्फ गरीब-असहाय ही कष्ट में नहीं हैं। धनी और असरदार लोगों को भी जमुना जी ने उनकी सही ताकत का अहसास करा दिया। यमुना के करीब सिविल लाइंस में बनी विशाल कोठियां भी पानी-पानी हो गईं। साधना टीवी के सीईओ और प्रधान संपादक राकेश गुप्ता के सिविल लाइंस वाले घर की बेसमेंट और पहली मंजिल में बाढ़ का पानी चला गया। उन्हें और उनके परिवार को नेशनल डिजास्टर रिस्पांस फोर्स (एनडीआरएफ) के जवान नावों में सुरक्षित स्थानों पर लेकर गये। राकेश गुप्ता कह रहे थे कि वे जब नाव पर बैठे थे तो वे यह सोच रहे थे कि इंसान को हमेशा बुरे वक्त को याद रखना चाहिए। बुरा वक्त बहुत कुछ सिखा जाता है। बहरहाल, इसी सिविल लाइंस के एक घर में बाबा साहेब अंबेडकर ने अपने जीवन के अंतिम वर्ष गुजारे। इसी सिविल लाइंस मेट्रो स्टेशन के करीब 1925 में बने दिल्ली ब्रदरहुड हाउस में बाढ़ का पानी नहीं घुस पाया। पर पानी गुरु जम्भेश्वर धर्मशाला तक पहुंच गया था। यानी दिल्ली ब्रदरहुड हाउस को लगभग स्पर्श कर गया। यहां से ही फिलहाल दिल्ली डाइआसिसन बोर्ड के समाज सेवा से जुड़े काम होते हैं। इनके कार्यकर्ता आजकल राजधानी के बाढ़ प्रभावित इलाकों में भोजन, फल और दवाइयां बांट रहे हैं। इनका अधिकतर काम यमुना पुश्ते पर चल रहा है। बाढ़ ने पुश्ते के आसपास रहने वाले लाखों लोगों को अपनी चपेट में लिया। दिल्ली डाइआसिसन बोर्ड राजधानी के गिरिजाघरों, ईसाई समाज की तरफ से संचालित स्कूलों, ओल्ड एज होम वगैरह का प्रबंधन करता है।

आर.के.सिन्हा

दिल्ली के पुराने मोहल्ले, कटरों, कूचों, गलियों, बाडो के बाशिंदे इसे कभी 'यमुना नदीर कहकर नहीं पुकारते, आज भी उनकी जुबान पर 'जमुना जी' चढ़ा है।

धरोहर

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नई दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॉम्प्लेक्स लोहरदगा- फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

सीने में भारीपन महसूस होने पर हो सकता है हार्ट अटैक का खतरा

इंटरकोस्टल मांसपेशियों के तनाव के कारण सीने और आसपास के हिस्से में दर्द या भारीपन महसूस होने लगता है। सीने में भारीपन महसूस होने पर डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। यह कई गंभीर बीमारियों की ओर संकेत करता है। सीने में भारीपन या जकड़न का एहसास होना सामान्य स्थिति नहीं होती है। ऐसे लक्षण गंभीर बीमारी की ओर संकेत करते हैं। कुछ लोगों को तनाव लेने के कारण सीने में भारीपन महसूस होता है। वहीं पैनिक अटैक से यह स्थिति ज्यादा देखने को मिल सकती है। मांसपेशियों में खिंचाव होना भी सीने में भारीपन का एक कारण होता है। इंटरकोस्टल मांसपेशियों के तनाव के कारण सीने और आसपास के हिस्से में दर्द या भारीपन महसूस होने लगता है। बता दें कि सीने में भारीपन महसूस होने पर डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। यह कई गंभीर बीमारियों की ओर संकेत करता है। आज इस आर्टिकल में हम आपको सीने में भारीपन या दर्द महसूस होने के कारणों के बारे में बताने जा रहे हैं। सीने में भारीपन या दर्द होने पर इसे अनदेखा नहीं करना चाहिए।

कोरोनरी आर्टरी डिजीज : हार्ट तक ब्लड सप्लाई करने वाली ब्लड वैसल्स कोरोनरी आर्टरी डिजीज होने पर डैमेज हो जाती हैं। ब्लड वैसल्स के डैमेज होने से आर्टरी में प्लॉक जमा होने लगता है। जिसकी वजह से सीने में भारीपन या जलन आदि महसूस होती है। इसके अलावा कोरोनरी आर्टरी डिजीज की समस्या होने पर सांस लेने में तकलीफ होना और सीने में दर्द की समस्या भी देखने को मिलती है। इस आर्टरी के पूरी तरह से ब्लॉक होने पर हार्ट अटैक भी आने की संभावना होती है। ऐसे में फौरन इलाज जरूरी होता है।



गैस्ट्रोएसोफेगल रिफ्लक्स डिजीज : गैस्ट्रोएसोफेगल रिफ्लक्स डिजीज होने से व्यक्ति के चेस्ट में भारीपन महसूस होने लगता है। आमतौर पर यह समस्या तब होती है, जब पेट का एसिड इसोफेगस तक आ जाता है। ऐसी स्थिति में सीने में भारीपन के अलावा सीने में जलन होना, सीने में दर्द होना और खाना खाने में तकलीफ होना शामिल है। अपनी लाइफस्टाइल व डाइट में बदलाव करने के साथ ही अगर आप दवाओं का समय से सेवन करते हैं तो इस समस्या का इलाज संभव है।

निमोनिया : फेफड़ों में होने वाले इंफेक्शन को निमोनिया कहते हैं। निमोनिया होने पर एयर सैक में पस या फ्लूड भर जाता है। जिसके कारण सीने में भारीपन महसूस होने लगता है। इस स्थिति में व्यक्ति को ज्यादा पसीना आना, खांसी, सीने में दर्द, सांस लेने में तकलीफ, थकान और जी मिचलाना आदि की समस्याएं हो सकती हैं। बता दें कि निमोनिया के लक्षण सामान्य से गंभीर भी हो सकते हैं। घरेलू उपचार से निमोनिया को ठीक करने की कोशिश न करें। निमोनिया के लक्षण सामने आते ही डॉक्टर से संपर्क करें।

अस्थमा : जब व्यक्ति को अस्थमा की बीमारी होती है तो उसके फेफड़ों में एक्स्ट्रा म्यूकस जमा हो जाता है। जिसके कारण सांस लेने में परेशानी होने लगती हैं। इस स्थिति में सांस लेने में तकलीफ, सीने में भारीपन, खांसी आदि के लक्षण सामने आते हैं। अस्थमा के मरीज जब ज्यादा एक्सरसाइज करते हैं, या ज्यादा हार्ड वर्क करते हैं तो उन्हें सीने में भारीपन महसूस हो सकता है। वहीं सामान्य लक्षण होने पर मरीज को फौरन डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए।

पल्मोनरी हाइपरटेंशन : इस स्थिति में व्यक्ति की धमनियां, हार्ट का दाई तरफ का हिस्सा और फेफड़े प्रभावित होते हैं। जिसके कारण आपको सीने में भारीपन भी महसूस हो सकता है। पल्मोनरी हाइपटेंशन में व्यक्ति को सांस लेने में तकलीफ, हाथ-पैर में सूजन और थकान आदि के लक्षण देखने को मिल सकते हैं। इसे पूरी तरह से सही नहीं किया जा सकता है। हालांकि दवा और सर्जरी के जरिए आप इसके लक्षणों को काफी हद तक कंट्रोल कर सकते हैं।

❖ अनन्या मिश्रा

मडुवा की बिस्किट व केक के सामने बड़े-बड़े ब्रांड फेल !

तोरपा में बड़े पैमाने पर हो रहा है मडुवा की खाद्य सामगी का उत्पादन

एक समय था कि मडुवा जैसे मोटे मनाज को गरीबों का भेजन कहा जाता था। गरीबी के कारण लोग चावल और गेहूं नहीं खरीद पाते थे, तो सबसे सस्ता मडुवा ही उनके जीने का आधार था। भले ही अब वैज्ञानिक मोटे अनाज के महत्व को समझ रहे हैं और मडुवा, ज्वार जैसे अनाज की खेती को बढ़ावा दे रहे हैं। यहां तक कि केंद्र सरकार ने 2023 को मिलेट्स वर्ष भी घोषित कर दिया है। पहले लोग मडुवा का उपयोग सिर्फ रोटी के रूप में करते थे, लेकिन अब मडुवा से बिस्किट, ब्रेड, जैम, कुकीज सहित अन्य कई तरह के स्वादिष्ट खाद्य सामग्री बनाई जा रही है।

खूंटी जिले के तोरपा प्रखंड की महिलाएं मडुवा के बिस्किट, कुकीज, ब्रेड, टोस्ट आदि इस तरह से बना रही है कि बड़े से बड़े ब्रांड भी फेल नजर आ रहे हैं। स्थानीय बाजार में मडुवा के इन उत्पादों की भारी मांग भी है और महिलाएं मडुवा की कई तरह की खाद्य सामग्री का उत्पादन कर न सिर्फ अच्छी कमाई कर रही हैं, बल्कि अपने आर्थिक स्थिति को भी सुधार रही हैं। अब वह दिन नहीं रहा, जब महिलाएं घर की चहारदीवारी में कैद होकर अपने को घरेलू काम तक ही सीमित रखती थी, बल्कि आज महिलाएं रोजगार के क्षेत्र में पुरुष के साथ हर पायदान पर कदम से कदम मिला रही है। भले ही ऑफिस का काम हो या बिजनेस संभालना हो या फिर अन्य कोई भी कठिन काम क्यों न हो, महिलाएं हर दिशा में उन्नति कर अपनी कामयाबी का लोहा मनवा रही हैं। इसका नतीजा है कि आज हर काम में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है। अब महिलाएं केंद्र और राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विकास योजनाओं का लाभ उठाकर आत्मनिर्भर हो रही हैं।

झारखंड राज्य आजीविका संवर्धन समाज(जेएसएलपीएस) से फूड प्रोसेसिंग का प्रशिक्षण प्राप्त कर महिलाएं घर बैठे व्यवसाय चला रही हैं। तोरपा प्रखंड की प्रिया तोपनो, ममता कुमारी, अनिमा भेंगरा, नीलम भेंगरा, रेखा देवी, शीलवंती आइंद, ओलिभा नाग, एंजेला होरो सहित दर्जनों महिलाएं महिला मंडलों से जुड़ कर अपना कारोबार कर रही हैं। तोरपा में मडुवा की बिस्किट, कुकीज, जैम आदि बनाने वाल महिलाएं बताती हैं कि उन्होंने खूंटी में 15 दिनों का फूड प्रोसेसिंग का प्रशिक्षण प्राप्त कर तोरपा प्रखंड परिसर में तोरपा बेकरी यूनिट के नाम से मुव्रा के बेकरी उत्पाद बना रही हैं। इस व्यवसाय से जुड़ी महिलाओं ने बताया कि लगभग एक महीने पहले उन्होंने मडुव से बेकरी बनाने का व्यवसाय शुरू किया है और इन उत्पादों की मांग भी बाजार में काफी अच्छी है। लोग इन्हें खूब पसंद कर रहे हैं।

पांच रुपये में मडुवा की बिस्किट पौष्टिक का खजाना

मडुवा से बने सामानों की चर्चा प्रधानमंत्री नरेन्द मोदी ने मन की बात में भी की थी। प्रधानमंत्री ने कहा था कि ग्रामीण क्षेत्रों के किसान मडुवा, मक्का और जौ उत्पादन करते हैं, लेकिन बाजार में उचित मूल्य नहीं मिल पाता। इसके कारण किसानों को इनकी खेती से विशेष लाभ नहीं मिल पाता। इसके कारण किसान इनकी खेती से दूर होते जा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने किसानों से अपील की थी कि वे वेल्यू एडिशन कर अपने उत्पादों को बाजार में उतारें। मड़वा में आयरन, कैलसियम की मात्रा अधिक होने के कारण यह किशोरियों और गर्भवती महिलाओं के लिए पोषाहार के समान है।

जेएसएसपीएस से मिली मशीनें

बेकरी यूनिट की प्रिया तोपनो ने बताया कि खूंटी से 15 दिनों का प्रशिक्षण लेने के बाद झारखंड राज्य आजीविका संवर्धन समाज की ओर से तीन डेग ओवन, क्रुफर, दो मिक्सर मशीन, सलासर कटर, फ्रीजर, माइक्रोओवन सहित कई मशीन उन्हें दी गई थी। इससे हमलोग मडुवा के केक, बिस्किट, जैम कुकीज, ब्रेड और टोस्ट बना कर ग्राहकों को दे रहे हैं।

मेनोपॉज के मुश्किल लक्षणों से निपटने के लिए डाइट में करें बदलाव

पीरियड्स शुरू और खत्म होने के दोनों ही स्थिति में महिलाओं के शरीर में हार्मोनल बदलाव आते हैं। महिलाओं को मेनोपॉज से पहले पेरिमेनोपॉज से गुजरना पड़ता है। इस दौरान महिला के शरीर में कुछ लक्षण दिखते हैं। इन लक्षणों से निजात पाने के लिए डाइटीशियन ने छोटा सा उपाय बताया है।

पीरियड्स के शुरू होने और इसके खत्म होने के बाद दोनों ही स्थिति में महिलाओं के शरीर में कई हार्मोनल चेंजेस होते हैं। महिलाओं को इन बदलावों की वजह से कुछ दिक्कतें भी उठानी पड़ती हैं। वहीं अगर बात मेनोपॉज की यानि की उस स्थिति की करें, जब पीरियड्स बंद हो जाते हैं। ऐसे अमूमन 45 से 50 वर्ष के आसपास की महिलाओं में होता है। महिलाओं को मेनोपॉज से पहले पेरिमेनोपॉज से गुजरना पड़ता है। मेनोपॉज वो स्थिति होती है जब महिलाओं में ओवुलेशन बंद हो जाता है। इसके बाद महिलाएं प्रेग्नेंट नहीं हो सकती हैं। पेरिमेनोपॉज यानी की मेनोपॉज से पहले पीरियड्स में अनियमितता देखने को मिलती है। शरीर में इस दौरान और भी कई लक्षण नजर आते हैं। यह लक्षण इस बात की ओर इशारा करते हैं कि मेनोपॉज का समय करीब है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि इस दौरान किसी भी महिला के शरीर में किस तरह के लक्षण दिखाई देते हैं।

हॉट फ्लैशेज यानी की पूरे शरीर

में गर्माहट महसूस होना
वजाइन में सूखापन
जोड़ों में दर्द होना
नींद ना आना
वजन में बदलाव होना
सिर में दर्द होना
पीरियड्स का अनियमित होना

लक्षणों से निजात

कई बार यह लक्षण इतने ज्यादा दिखने लगते हैं कि महिलाओं को रोजमर्रा के कामों में मुश्किलें पैदा होने लगती हैं। ऐसे में अगर आप भी पेरिमेनोपॉज यानी की मेनोपॉज से पहले के समय से गुजर रही हैं। साथ ही आपको भी शरीर में ऐसे लक्षण नजर आ रहे हैं तो एक छोटे से काम को करके आप इन लक्षणों से काफी हद तक निजात पा सकती हैं। इसके लिए आपको अपनी डाइट में छोटा सा बदलाव करना होगा। इस दौरान आप गेंहू के आटे की जगह सोया के आटे की रोटी खाना शुरू कर दें। इससे आपको इन लक्षणों में राहत मिलेगी।

- सोया आटा

अब आपके मन में यह सवाल भी आ रहा होगा कि आखिर सोया आटे की रोटी ही क्यों खानी है। तो बता दें कि इस बारे में डाइटीशियन मनप्रीत ने जानकारी देते हुए बताया कि सोया आटे में आइसोफ्लेवोन्स की मात्रा अधिक पाई जाती है। पेरिमेनोपॉज के लक्षणों जैसे हॉट फ्लैशेज और वजाइन में सूखेपन से निजात दिलाते हैं।

सोया रोटी सामग्री
सोया आटा- 1 कप (70 प्रतिशत)
पानी- 1 कप
देसी घी- 1 चम्मच
गेंहू का आटा- 1/2 कप (30 प्रतिशत)
नमक- स्वादानुसान

ऐसे बनाएं

सबसे पहले पैन में पानी डालकर इसको उबाल लें और फिर इसमें नमक और गी डालें
इसके बाद उबलते हुए पानी में सोया के आटे को डालकर अच्छे से चलाएं। फिर ढक्कन से ढक दें।
गैस बंद करने के बाद इसको 10 मिनट के लिए ऐसे ही छोड़ दें।
अब इस मिश्रण को बाहर निकाल कर उसमें गेंहू का आटा मिक्स कर अच्छे से गूंथ लें।
फिर इसकी रोटी बनाकर तैयार कर लें।

दैनिक पंचांग

21 जुलाई 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति

ग्रह स्थिति		लग्नारंभ समय	
सूर्य	कर्क में	कर्क	05.08 बजे से
चंद्र	सिंह में	सिंह	07.28 बजे से
मंगल	सिंह में	कन्या	09.40 बजे से
बुध	कर्क में	तुला	11.51 बजे से
गुरु	मेष में	वृश्चिक	14.05 ब.से
शुक्र	सिंह में	धनु	16.21 बजे से
शनि	कुंभ में	मकर	18.27 बजे से
राहु	मेष में	कुंभ	20.13 बजे से
केतु	तुला में	मीन	21.46 बजे से
राहुकाल 10.30 से 12.00 बजे तक		मेष	23.16 बजे से
		वृष	00.56 बजे से
		मिथुन	02.55 बजे से

शुक्रवार 2023 वर्ष का 202 वां दिन
दिशाशूल पश्चिम **ऋतु** वर्षा।
विक्रम संवत् 2080 **शक संवत्** 1945
मास श्रावण **पक्ष** शुक्ल
तिथि तृतीया 06.59 बजे को समाप्त।
नक्षत्र मघा 13.58 बजे को समाप्त।
योग व्यतीपात 12.24 बजे को समाप्त।
करण गर 06.59 बजे तदनन्तर वणिज 20.13 बजे को समाप्त।
चन्द्रायु 03.2 घण्टे
रवि क्रान्ति उत्तर 20° 33'
सूर्य उत्तरायन
कलि अहर्गण 1871681
जूलियन दिन 2460146.5
कलियुग संवत् 5123
कल्पारंभ संवत् 1972949123
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885123
वीरनिर्वाण संवत् 2549
हिजरी सन् 1444
महीना मोहर्रम
तारीख 02
विशेष विनायक चतुर्थी।

दिन का चौघड़िया			रात का चौघड़िया		
चर	05.55 से	07.23 बजे तक	रोग	05.38 से	07.1 बजे तक
लाभ	07.23 से	08.51 बजे तक	काल	07.11 से	08.43 बजे तक
अमृत	08.51 से	10.19 बजे तक	लाभ	08.43 से	10.15 बजे तक
काल	10.19 से	11.47 बजे तक	उद्वेग	10.15 से	11.47 बजे तक
शुभ	11.47 से	01.15 बजे तक	शुभ	11.47 से	01.19 बजे तक
रोग	01.15 से	02.43 बजे तक	अमृत	01.19 से	02.51 बजे तक
उद्वेग	02.43 से	04.10 बजे तक	चर	02.51 से	04.23 बजे तक
चर	04.10 से	05.38 बजे तक	रोग	04.23 से	05.55 बजे तक

चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

सूडोकु नवताल- 6767

★★★☆☆ मध्यम

6	3	7		1	5	4		9
	8						2	
		1		4	8			6
	6			9	7	1		
7	2						5	3
		5	6	3			9	
5			8	2		3		
	4						7	
1		3	7	5		2	6	8

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -6766 का हल

5	9	4	1	7	2	6	3	8
6	8	1	4	3	5	2	7	9
2	3	7	8	9	6	1	4	5
9	2	3	7	5	1	4	8	6
4	7	6	9	2	8	5	1	3
1	5	8	3	6	4	9	2	7
8	6	2	5	4	3	7	9	1
7	1	5	2	8	9	3	6	4
3	4	9	6	1	7	8	5	2

शब्द पहेली - 7829



बाएँ से दाएँ

1.दांपत्य संबंध विच्छेद-3
3.रहस्य का ज्ञाता-4
6.खुशबू,सुगंध-3
7.सौ,सैकड़ा,शतक-2
8.दुलारा,लाड़ला-2
10.नाम रखना-5
12.दाम,मूल्य,दर-3
15.अग्नि,आग-3
17.सम्मान देना -2,3
20.जन्नत,अप्सरा-2
22.दाम,कीमत-2
23.स्थान-3
24.अचरज भरा कार्य-4
25.गागर, घड़ा-3

ऊपर से नीचे

2.न्यूनता,कमी-5
3.अटक-अटक कर बोलने वाला-3
4.आवश्यकता-4
5.राजी करना,मान मनुहार करना-3
7.वहम,संदेह-2
9.भाग्यशाली(अंग्रजी-2)
11.मैला,दागदार-3
13.धोखेबाज,कपटी-3
14.मन मोहने वाला-5
15.अशांति फैलाने वाला, उपद्रवी-4
16.रक्त,खून-2
18.आनेवाला दिन-2
19.नृत्य करना-3
21.चांदी-3

शब्द पहेली -7828 का हल

	ल	ह	र		क	ल	ह	
श	व		ह		मी		क	म
री		ह	म	रा	ज			ह
फ	की	र		ही		ब	हू	ल
		द	ल		कै	द		
स	न	म		रा		ना	र	द
ली			स	त	ना	म		म
का	न		र		वि		जा	न
	त	र	ल		क	हा	र	

आज का राशिफल

मेष राशि : शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।

वृष राशि : अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। सलाह उपयोगी सिद्ध होगी। विपरीत परिस्थितियों में भी हानि नहीं होगी।

मिथुन राशि : व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा।

कर्क राशि : समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा।

सिंह राशि : मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ।

कन्या राशि : जीवनसाथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी।

तुला राशि : प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सभा-गोष्ठियों में सम्मान मिलेगा।

वृश्चिक राशि : स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे।

धनु राशि : आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभाओं में मान-सम्मान बढ़ेगा।

मकर राशि : लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा।

कुंभ राशि : पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा।

मीन राशि : धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। किसी पुराने संकल्प को पुरा कर लेने का दिन हैं।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

NEWS इन ब्रीफ

यौन उत्पीड़न मामले में बृजभूषण को जमानत

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न मामले में गुरुवार को भाजपा के सांसद और भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह को जमानत दे दी। राउज एवेन्यू कोर्ट के अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट हरजीत सिंह जसपाल ने दिन में इसे सुरक्षित रखने के बाद आदेश पारित किया। कोर्ट ने सह-आरोपी विनोद तोमर की जमानत याचिका भी मंजूर कर ली है।

राम रहीम को मिली 30 दिन की पैरोल

चंडीगढ़। 40 दिन की पैरोल मिलने के पांच महीने से भी कम समय बाद, जेल में बंद डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह को गुरुवार को भाजपा के नेतृत्व वाली हरियाणा सरकार ने 30 दिनों की फिर से पैरोल दे दी।

मंत्री सेंथिल बालाजी की गिरफ्तारी पर आज सुनवाई

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट गुरुवार को तमिलनाडु के गिरफ्तार मंत्री वी. सेंथिल बालाजी और उनकी पत्नी द्वारा डीएमके नेता को हिरासत में लेने के ईडी के अधिकार को बरकरार रखने के मद्रास उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ दायर याचिकाओं को शुक्रवार को सूचीबद्ध करने पर सहमत हो गया। मामला नौकरियों के बदले कथित तौर पर रिश्वत लेने से संबंधित है। सीजेआई डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल द्वारा मामले को तत्काल सूचीबद्ध करने का उल्लेख करने के बाद शुक्रवार को याचिकाओं को सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया।

महिलाओं को निर्वस्त्र कर सड़क पर घुमाने के मामले में दो गिरफ्तार

मुख्यमंत्री ने इस मामले में पुलिस प्रशासन को सख्त कार्रवाई के दिए निर्देश

केंद्रीय मंत्री ईरानी ने मुख्यमंत्री से बात कर आरोपियों को न बख्शने को कहा

एजेंसी। इंफाल

मणिपुर में युवतियों के साथ कथित रूप से सामूहिक दुष्कर्म कर उन्हें नग्न कर सड़कों पर घुमाने का वीडियो वायरल होने के बाद राजनीति गरमा गई है। मुख्यमंत्री बीरेन सिंह के कड़े रुख के बाद इस मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपित सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने बुधवार की रात मुख्यमंत्री से बात की और घटना में शामिल किसी को भी न बख्शने को कहा है। पुलिस ने बताया कि इस मामले में एक व्यक्ति को धोउबल जिला से गिरफ्तार किया है। संदिग्ध की पहचान 32 साल के हेराडास के रूप में हुई है। गिरफ्तार किए गए दूसरे व्यक्ति का नाम पुलिस ने अभी तक खुलासा नहीं किया गया है। आरोप है कि हेराडास ने ही घटना का चौंकाने वाला वीडियो वायरल किया था। इस घटना के सामने आने के बाद पूरे देशभर में गुस्से और निंदा की लहर है। इस बीच राज्य के मुख्यमंत्री बीरेन सिंह ने इस दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण घटना में शामिल उपद्रवियों को गिरफ्तार करने और उचित सजा देने का आदेश दिया था। इस संबंध में गुरुवार को राज्य के मुख्यमंत्री बीरेन सिंह ने बताया कि मणिपुर पुलिस ने घटना को बहुत गंभीरता से लिया है और अपहरण, सामूहिक बलात्कार और हत्या का मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने इस घटना को 'निम्नतम स्तर पर अमानवीय' बताते हुए गहरी चिंता व्यक्त की और आश्वासन दिया कि दोषियों को न्याय के दायरे में लाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। दरअसल, मणिपुर में 3 मई को कुकी समाज के कई संगठनों ने मैतेई को एसटी का दर्जा देने के मुद्दे पर प्रदर्शन किया था। इसके बाद से ही हिंसा की शुरूआत की थी। बताया गया है कि गत 4 मई को मणिपुर के कांगपोकपी जिले में दो महिलाओं के साथ कथित रूप से सामूहिक बलात्कार के बाद भीड़ ने दोनों महिलाओं को नग्न कर सड़कों पर निकाला था। इस दौरान किसी ने उस दौरान का वीडियो बनाया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। आरोप है कि इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने कई संपत्तियों में तोड़फोड़ और लूटपाट की और कई घरों में आग लगा दी है। ग्रामीणों पर भी हमला किया। मिली जानकारी के अनुसार 4 मई वाले दिन हिंसक उपद्रव के बीच उन्मादी लोगों तीन युवतियों का अपहरण कर धान के खेत में ले जाया गया। बताया गया कि एक युवती वहां से भाग गई। बाद में दो युवतियों को पूरी तरह नग्न करके सामूहिक बलात्कार किया। भाई ने अपनी बहन को बदमाशों से बचाने का साहसिक प्रयास किया, लेकिन भीड़ ने उसे बेरहमी से मार डाला।

मानसून सत्र का बेहतरीन उपयोग करें राजनीतिक दल : प्रधानमंत्री

एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि संसद का मानसून सत्र जनहित से जुड़े विधायकों के कारण महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों और सांसदों से संसद के मानसून सत्र का बेहतरीन उपयोग करने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुरुवार को संसद के मानसून सत्र की शुरूआत से पहले पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सावन के पवित्र मास में लोकतंत्र के मंदिर में अनेक पवित्र कार्य करने का यह सर्वोत्तम अवसर है।

इस बात पर विश्वास व्यक्त करते हुए कि सांसद इस सत्र का जनहित में सर्वाधिक प्रयोग करेंगे प्रधानमंत्री ने कहा कि यह हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। कानूनों को बनाना और उन पर विस्तार से चर्चा करना बहुत ही आवश्यक है। चर्चा के महत्व पर बल देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि

जितनी ज्यादा और जितनी पेनी चर्चा होगी उतना ही जनहित में दूरगामी परिणाम देने वाले अच्छे निर्णय होंगे। उन्होंने कहा कि सांसद जमीन से जुड़े होते हैं और जनता का दुख दर्द समझने समझते हैं। चर्चा होने पर उनकी तरफ से आने वाले विचार जड़ों से जुड़े विचार होते हैं। इससे चर्चा समृद्ध होती है और निर्णय सशक्त और परिणामकारी होते हैं।

वर्तमान सत्र में पेश होने वाले विधेयकों का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह सीधे सीधे जनता से जुड़े हैं। हमारी युवा पीढ़ी डिजिटल दुनिया के साथ नेतृत्व कर रही है। इस समय डाटा प्रोटेक्शन विधेयक देश के हर नागरिक को नया विश्वास देने वाला और विश्व में भारत की प्रतिष्ठा बढ़ाने वाला है। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार नेशनल रिसर्च फाउंडेशन विधेयक नई शिक्षा नीति के संदर्भ में एक बहुत अहम कदम है। इसका उपयोग अनुसंधान नवाचार और शोध को बढ़ावा देगा। उन्होंने विवाद को संवाद से समझाने की भारतीय परंपरा का उल्लेख किया और कहा कि अब कानूनी आधार देते हुए मध्यस्थता विधेयक लाने की दिशा में यह सत्र बहुत उपयोगी है। इस दौरान प्रधानमंत्री ने मणिपुर में दो महिलाओं के साथ हुई अभद्रता की घटना को शर्मनाक बताया। उन्होंने कहा कि यह भले कुछ लोगों का कृत्य हो पर इसने देश के 140 करोड़ भारतीयों को शर्मसार किया है। वह देश को लोगों को भरोसा दिलाना चाहते हैं कि इसके आरोपितों को बख्शा नहीं जाएगा।

तेज रफ्तार कार ने लोगों को कुचला, 9 की मौत

एजेंसी। अहमदाबाद

गुजरात के अहमदाबाद में इस्कॉन पुल पर भीड़ के तेज रफ्तार जगुआर कार से कुचलने की घटना में नौ लोगों की मौत हो गई। जबकि, 13 लोग घायल हैं। कार को एक कॉलेज का छात्र चला रहा था। छात्र की पहचान ताथ्या प्रग्नेश पटेल के रूप में हुई है, जो एक अमीर बिल्डर का बेटा है और अपने कॉलेज के दूसरे वर्ष का छात्र है। ताथ्या पटेल अपने दोस्तों के साथ गाड़ी चला रहा था। इसी दौरान उसने तेज रफ्तार एसयूवी (जीजे 01 डब्ल्यूके 93) पर नियंत्रण खो दिया, जिससे हादसा हुआ। उसके पिता प्रग्नेश पटेल का आपराधिक इतिहास रहा है, जिसमें 2020 में राजकोट में एक बलात्कार मामले में आरोपी होना भी शामिल है। पटेल अहमदाबाद के गोटा इलाके में गोकुल फार्म हाउस के सामने 'हरे शांति' नामक एक भव्य बंगले में रहते हैं। उनका घर एसजी हाईवे से लगभग 700 मीटर और दुर्घटनास्थल से आठ किलोमीटर दूर स्थित है। अपने बेटे द्वारा किसी भी गलत काम से इनकार करते हुए, प्रग्नेश पटेल ने कहा, ताथ्या और उसके दोस्त कॉफी पीने के लिए रात करीब 11 बजे घर से निकले थे।

वैश्विक सतत विकास के लिए खाद्य सुरक्षा अहम : मांडविया

एजेंसी। नई दिल्ली

केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने गुरुवार को कहा कि वैश्विक सतत विकास के लिए खाद्यान्न, और खाद्य सुरक्षा के मुद्दों पर गहराई से विचार करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। वन हेल्थ दृष्टिकोण के तहत एक इको सिस्टम तैयार करना खाद्य नियामकों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी का काम है। संतुलित, सुरक्षित और पौष्टिक भोजन हमारे स्वास्थ्य को सुनिश्चित करता है। डॉ. मांडविया गुरुवार को

नई दिल्ली में आयोजित पहले वैश्विक खाद्य नियामक शिखर सम्मेलन 2023 के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र तोमर, केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल और डॉ. भारती प्रवीण पवार भी उपस्थित थे। यह शिखर सम्मेलन स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के तत्वावधान में भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) का एक प्रयास है, ताकि खाद्य सुरक्षा प्रणालियों और नियामक ढांचे को मजबूत करने पर दृष्टिकोण का आदान-प्रदान करने के लिए खाद्य नियामकों का एक वैश्विक मंच तैयार किया जा सके।

बेंगलुरु को 15 अगस्त से पहले दहलाने की साजिश

पुलिस ने जब्त किए 4 हथगोले, जांच जारी

एजेंसी। बेंगलुरु

बेंगलुरु आतंकी साजिश मामले में एक और बड़ा खुलासा हुआ है। सेंट्रल सिटी क्राइम ब्रांच (सीसीबी) के अधिकारियों ने गिरफ्तार किए गए संदिग्ध आतंकवादियों के आवास से इस्तेमाल के लिए तैयार चार हथगोले बरामद किए हैं। सूत्रों से पता चला है कि संदिग्ध आतंकवादी 15 अगस्त या उससे पहले बेंगलुरु पर हमला करना चाहते थे। सीसीबी के संयुक्त पुलिस आयुक्त डॉ. शरणप्पा एसडी ने गुरुवार को कहा कि संदिग्ध आतंकवादियों को पकड़ने वाली टीम ने बेंगलुरु के कोडिगेहल्ली इलाके में उनके आवास से चार हथगोले जब्त किए हैं। जिस संदिग्ध आतंकी को पैकेज मिला था, उसे हथगोले के बारे में पता नहीं था। ग्रेनेड घर के कमरे में अलमारी के गुप्त लॉकर में रखे गए थे। संयुक्त आयुक्त शरणप्पा ने कहा कि संदिग्ध आतंकवादियों ने ग्रेनेड को सुरक्षित रखने और उन्हें फटने से बचाने के लिए रासायनिक पाउडर का इस्तेमाल किया था।

वैश्विक नेताओं के साथ होगी जी-20 वार्ता : विदेश मंत्रालय

एजेंसी। नई दिल्ली

विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को कहा है कि सितंबर में आयोजित होने वाला जी-20 शिखर सम्मेलन सभी विश्व नेताओं की मौजूदगी में संपन्न होगा। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने गुरुवार को एक पत्रकार वार्ता में कहा कि जी-20 शिखर वार्ता के लिए सभी सदस्य देशों और आमंत्रित देशों के नेताओं को निमंत्रण भेजा गया है। भारत को अपेक्षा है कि सभी नेता सम्मेलन में भाग लेंगे। प्रवक्ता से दक्षिण अफ्रीका में आयोजित होने वाले ब्रिक्स सम्मलेन में रूस के राष्ट्रपति व्लादीमीर पुतिन के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए शामिल होने के संबंध में सवाल पूछा गया था। उल्लेखनीय है कि अगस्त में दक्षिण अफ्रीका में आयोजित होने वाले ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए पुतिन स्वयं जोहानेसबर्ग नहीं जाएंगे। उनकी ओर से विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव रूस का प्रतिनिधित्व करेंगे। राष्ट्रपति पुतिन स्वयं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सम्मेलन में शिरकत करेंगे। रूस के राष्ट्रपति के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय ने गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। दक्षिण अफ्रीका इस जुड़ी संधि में हस्ताक्षरकर्ता है। वहां की सरकार के लिए यह असमंजस की स्थिति है कि पुतिन के दक्षिण अफ्रीका आने पर गिरफ्तारी वारंट पर अमल किया जाए या नहीं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने एक अन्य प्रश्न में काला सागर के जरिए अनाज की आवाजाही के संबंध में पूछे गए सवाल के उत्तर में कहा कि हमें आशा है कि इस विवाद का शीघ्र समाधान होगा।

परिवारवाद के आरोपों पर भड़के तेजस्वी, पूछा- चिराग, पारस क्या हैं?

एजेंसी। पटना

बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने भाजपा के परिवारवाद के आरोपों पर भड़कते हुए कहा कि चिराग पासवान और पशुपति पारस में परिवारवाद नहीं है। उन्होंने मणिपुर की घटना को लेकर भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को घेरा। पटना में गुरुवार को पत्रकारों से चर्चा करते हुए परिवारवाद से संबंधित आरोपों पर पूछने पर भड़कते हुए तेजस्वी ने कहा कि चिराग पासवान से एक गले लग रहे हैं, वह क्या है। अजीत पवार, गोपाल कांडा, प्रफुल्ल पटेल यह सब लोग फोटो में हैं, वह लोग क्या हैं। वह लोग क्या थे, अब आपको रिकॉर्ड कराने की जरूरत है?

उन्होंने अपने अंदाज में कहा कि दुष्यंत चौटाला के पीछे खड़े हैं, वह कौन हैं भाई। उनके पिता जेल में थे ना, वह भी तो किसी के बेटे हैं। डिप्टी सीएम किसने बनाया, अजित पवार और दुष्यंत चौटाला को। उप मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि देखिए इनकी राजनीति अब खत्म होने वाली है। देश की जनता बेवकूफ नहीं है। देश की जनता सब देख रही है। मणिपुर में जातीय हिंसा के बीच दो महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार का वीडियो सामने आने पर तेजस्वी यादव ने पूछा कि देश के प्रधानमंत्री कौन हैं? जब राहुल गांधी मणिपुर जा सकते हैं तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी क्यों नहीं जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि सबसे बड़ी जिम्मेवारी प्रधानमंत्री की बनती है। लेकिन, विपक्ष से राहुल गांधी वहां जाते हैं, वहां की समस्या को समझते हैं और कहते हैं कि हिंसा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि देश में नफरत की राजनीति की जा रही है। देश में लोकतंत्र और संविधान को खत्म करने की कोशिश की जा रही है।

FILMY हलचल

पवन सिंह की फिल्म 'सनक' 28 जुलाई को होगी रिलीज

भोजपुरी सिने जगत के पावर स्टार पवन सिंह की नई फिल्म सनक 28 जुलाई को बिहार के साथ-साथ झारखंड, उत्तर प्रदेश, मुंबई, गुजरात और पंजाब में एक साथ सिनेमाघरों में होगी। रेणु विजय फिल्म्स के निशांत उज्जवल ने बताया कि फिल्म सनक में पावर स्टार पवन सिंह का जलवा दर्शकों को खूब देखने को मिलेगा। साथ ही इस फिल्म में राघव नैयर की भी अदाकारी मुख्य आकर्षण होगी। उन्होंने बताया कि पवन सिंह की फिल्म सनक बिहार के साथ-साथ झारखंड, उत्तर प्रदेश, मुंबई, गुजरात और पंजाब में एक साथ रिलीज होने वाली है।

लॉ एंट्रेंस टेस्ट परीक्षा के लिए मुफ्त कोचिंग की सोनू सूद ने की घोषणा

अभिनेता सोनू सूद ने अपने कानून प्रवेश कोचिंग कार्यक्रम में उम्मीदवारों को मुफ्त कानून की शिक्षा की घोषणा की है। सूद चैरिटी फाउंडेशन (एससीएफ) के संस्थापक के जरिए समाज में स्थायी प्रभाव डालने और सकारात्मक बदलाव लाने के लिए सोनू सूद समर्पित हैं। 'संकल्प' एक परिवर्तनकारी निःशुल्क कानून प्रवेश कोचिंग कार्यक्रम है, जो पेशेवर कानूनी शिक्षा हासिल करने और राष्ट्रीय कानून विश्वविद्यालयों (एनएलयू) में एक प्रतिष्ठित स्थान सुरक्षित करने का रास्ता देता है। 'संकल्प' के बारे में सोनू ने कहा, "मुझे यह देखकर बेहद खुशी होती है कि भगवान ने मुझे उन लोगों के ज्ञानोदय का मार्ग बनाने लिए चुना है जो कानून को अपने करियर के रूप में चुनना चाहते हैं।

'भोला' के बाद अब 'तव्वई' में नजर आएंगे अर्पित रांका

अजय देवगन की फिल्म 'भोला' में अभिनय करने वाले अभिनेता अर्पित रांका पौराणिक कहानी 'तव्वई' में एंटी-हीरो की भूमिका में दिखेंगे। फिल्म में अनुभवी अभिनेता मनोज जोशी भी हैं। इसकी शूटिंग उज्जैन और महाकालेश्वर मंदिर सहित मध्य प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में की गई है। फिल्म लक्ष्मी जी की पौराणिक कहानी पर है। यह पवित्र पीपल वृक्ष के महत्व पर भी प्रकाश डालती है। फिल्म और अपने किरदार के बारे में अर्पित ने कहा, "भोला के बाद मैं इस तलाश में



था कि कोई मुझे एक अभिनेता के रूप में चुनौती दे, और मुझे अपनी क्षमता दिखाने का मौका मिले।" अर्पित को महाभारत में दुर्योधन और राधा-कृष्ण में कंस का किरदार निभाने के लिए जाना जाता है। उनका कहना है कि वह भगवान शिव में विश्वास रखते हैं। अर्पित ने कहा, "मैं महाकाल का बहुत बड़ा भक्त हूं और 'भोला' से पहले मैंने महाकाल मंदिर का दौरा किया था, इसलिए इस बार मुझे वहां से मजबूत जुड़ाव महसूस हुआ। मैं अपने गृह नगर भीलवाड़ा राजस्थान में आराम कर रहा था और मैं महाकाल मंदिर जाना चाहता था। लगभग उसी समय मुझे 'तव्वई' के लिए फोन आया।" उन्होंने कहा कि "मैंने इसे 'पूरे दिल से स्वीकार' किया है।

सहयोग धर्मेंद्र प्रधान ने ऑस्ट्रेलियाई कौशल व प्रशिक्षण मंत्री से की मुलाकात

आपसी संबंधों को मजबूत करने पर हुई चर्चा

एजेंसी। नई दिल्ली

केंद्रीय शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने गुरुवार को नई दिल्ली में अपने ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष ब्रेंडन ओ'कॉनर से मुलाकात की। दोनों मंत्रियों ने शिक्षा और कौशल विकास के क्षेत्रों में दोनों देशों के बीच चल रहे सहयोग तथा आपसी संबंधों को और मजबूत करने को लेकर चर्चा की। ऑस्ट्रेलिया ने जिस तरह से खनिजों जैसे अपने प्राकृतिक संसाधनों का प्रबंधन किया है और अपने लोगों की क्षमता का निर्माण किया है, उसकी सराहना करते हुए प्रधान ने कहा कि दोनों देशों को भारत में ऐसी

प्रक्रियाओं को दोहराने और उभरती नौकरी भूमिकाओं के लिए युवाओं को प्रशिक्षित करने के तरीके तलाशने चाहिए।

मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि यह भारत-ऑस्ट्रेलिया जुड़ाव के लिए सबसे अच्छा क्षण है जो पहले से ही ऐतिहासिक ऊंचाई पर है। इस वर्ष की शुरूआत में दोनों देशों के बीच योग्यता की पारस्परिक मान्यता से जुड़े समझौते को याद करते हुए उन्होंने इसे लागू करने का आह्वान किया ताकि दोनों देशों के बीच छात्रों और कुशल व्यक्तियों की दोतरफा आवाजाही को सुविधाजनक बनाया जा सके। प्रधान ने इस वर्ष सितंबर में गांधीनगर में ऑस्ट्रेलिया-भारत शिक्षा और कौशल परिषद की 7वीं बैठक के लिए मंत्री ओ'कॉनर को आमंत्रित किया है। यह बैठक दोनों देशों के बीच शिक्षा और कौशल विकास में सहयोग को और बढ़ावा देने का अवसर प्रदान करेगी।

मंत्री ओ'कॉनर ने दोनों देशों के बीच सहयोग को गहरा करने की भी बात कही। उन्होंने कहा कि छात्रों की गतिशीलता की बहाली उनके देश के लिए प्राथमिकता है और वे अपनी वीजा प्रक्रिया को और अधिक कुशल बनाने के लिए काम कर रहे हैं।

उपायुक्त ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में नामांकन को लेकर की बैठक

बिरहोर बालिकाओं के नामांकन पर विशेष रूप से दिया गया जोर

नवीन मेल संवाददाता। रांची
उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में गुरुवार को समाहरणालय ब्लॉक-ए स्थित सभागार में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में नामांकन से संबंधित बैठक आयोजित की गई। बैठक में बैठक में विधायक कांके विधानसभा सम्मरी लाल एवं सांसद/विधायक के प्रतिनिधिगण, जिला शिक्षा पदाधिकारी-सह-जिला कार्यक्रम पदाधिकारी रांची, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी/अवर विद्यालय निरीक्षक, रांची, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, रांची जिला के सभी वार्डन एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी/कर्मी उपस्थित थे।

◆प्रखण्ड से चयनित नामांकन सूची अनुमोदन : उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने शैक्षणिक सत्र-2023-24 में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों एवं झारखंड बालिका आवासीय विद्यालयों में नामांकन के लिए प्रखण्ड स्तरीय समिति से अनुसंसित बालिकाओं के अनुमोदन के लिए जिला स्तरीय समिति की बैठक में 6 वी कक्षा में कुल-891 बालिकाओं तथा झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय में कुल-247 एवं अन्य-99 कुल योग-1237 बालिकाओं का चयन समिति द्वारा अनुमोदित किया गया।

◆बिरहोर बालिकाओं के नामांकन पर विशेष जोर दिया गया : शैक्षणिक सत्र- 2023-24 में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों एवं झारखंड बालिका आवासीय विद्यालयों में नामांकन के लिए बिरहोर बालिकाओं के नामांकन के लिए इन प्रखंडो-खलारी, बुंडू, अनगढ़ा एवं कांके पर विशेष जोर दिया गया।

◆नामंकन में प्रतीक्षा सूची : उपायुक्त ने शैक्षणिक सत्र- 2023-24 में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों एवं झारखंड बालिका आवासीय विद्यालयों में नामंकन में प्रतीक्षा सूची में रखी गई बालिकाओं का चयन किसी बालिका के नामंकन नही लेने की स्थिती में कराने का निर्देश संबंधित अधिकारी को दिया गया।

◆वैसे विद्यालय जहाँ मरम्मति का कार्य पूर्ण नही हुआ हैं, उसे पूरा कराने को कहा : उपायुक्त ने झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय खलारी का शिफ्टिंग से पहले चारदीवारी का निर्माण कराने का निर्देश संबंधित अधिकारी को दिया एवं संबंधित वैसे विद्यालय जहाँ मरम्मति का कार्य पूर्ण नही हुआ हैं, उसे पूरा कराने को कहा।

◆ सभी चयनित बालिकाओं के नामांकन पर बहुत सारी बधाई एवं बेहतर भविष्य के लिए शुभकामनाएं
उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने शैक्षणिक सत्र -2023-24 में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों एवं झारखंड बालिका आवासीय विद्यालयों में चयनित होने पर उन्हें बेहतर भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी एवं उन्हें बेहतर शिक्षा लेते हुए भविष्य में अपना एवं राँची जिला झारखंड का नाम रौशन करने की शुभकामनाएं दी।

रांची के अलग-अलग इलाके से मिले दो शव जांच में जुटी पुलिस

रांची। रांची के दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में गुरुवार दो शव सुबह मिले हैं। पहला शव लालपुर थाना क्षेत्र के जेल चौक से मिला है। वहीं दूसरा शव गोंदा थाना क्षेत्र में बरामद हुआ है। लालपुर थाना क्षेत्र के शव की पहचान छोटू वर्मा के रूप में हुई है। दूसरा शव कांके डैम से बरामद हुआ है। सुबह मछुआरे ने कांके डैम में तैरता हुआ शव देखा, जिसके बाद इस मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। जानकारी मिलने के बाद गोंदा थाने की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत से शव को बाहर निकाला और पहचान की गई। मृतक की पहचान बिरसा मुंडा के रूप में की गई है। फिलहाल गोंदा थाने की पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। इधर पुलिस का कहना है कि इसकी अभी जांच की जा रही है। पूरे मामले की जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। अभी इस संबंध में बताना मुश्किल है।

पेड़ की डाली गिरने से युवक-युवती घायल

गंभीर अवस्था में जगरनाथ हॉस्पिटल में कराया गया भर्ती

नवीन मेल संवाददाता। रांची राजधानी रांची में पेड़ की डाल गिरने से बाइक सवार युवक-युवती गंभीर रूप से घायल हुए हैं। यह घटना सूचना भवन के सामने से दूरदर्शन की ओर से जाने वाली सड़क में घटी है। यह एरिया आर्मी के कंट्रोल में आता है। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि बाइक पर सवाल युवक और युवती सूचना भवन से दूरदर्शन की ओर से जा रहे थे। जैसे वो एलपीएन शाहदेव चौक पार कर आगे बढ़े की उनपर बड़े पेड़ का डाल गिर पड़ा। दोनों बाइक सवार हेलमेट पहने हुए थे। इसके बाद भी भारी डाल गिरने से घायल हो गए। लोगों ने गंभीर स्थिति में दोनों को जगरनाथ हॉस्पिटल में एडमिट कराया है। जहां दोनों की स्थिति गंभीर बतायी जा रही है। स्थानीय लोगों के मुताबिक दोनों युवक-युवती के बारे पता चला है कि युवक यूपी में कहीं काम करता था। वह आज ही सुबह रांची आया था। वहीं लड़की गुमला की रहने वाली बतायी जा रही है। वह रांची में कोकर में रहती है। घटना की जानकारी पुलिस को दी गयी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों युवक-युवती की जानकारी ली और युवती की मां और चाचा को इसकी सूचना दी है। रास्ते में पेड़ की डाल गिर जाने से दोनों ओर की सड़क जाम हो गयी थी। इसके बाद आर्मी के लोग एक्टिव हुए और डाल को काट कर रास्ते को साफ किया है। अभी मिली जानकारी के अनुसार रास्ता आम लोगों के लिए खोल दिया गया है। जगरनाथ हॉस्पिटल से मिली जानकारी के अनुसार पेड़ की डाल गिरने से घायल हुए दोनों लोगों का इलाज किया जा रहा है। उनका इलाज डॉ सुधीर कुमार कर रहे हैं। अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि दोनों खतरे से बाहर हैं। फिलहाल उनका इलाज हो रहा है। अस्पताल में घायल युवक-युवती के परिजन का गए हैं।

बीजेपी ने हेमंत सरकार पर बोला हमला, कहा

किस स्थानीय और नियोजन नीति पर हो रही है नियुक्तियां

नवीन मेल संवाददाता। रांची झारखंड में पहली बार शिक्षकों के 26 हजार पदों के लिए निकाले गए विज्ञापन पर सियासत शुरू हो गई है। प्रमुख विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी ने हेमंत सरकार पर निशाना साधते हुए कहा है कि यह विज्ञापन किस नियोजन और स्थानीय नीति के आधार पर निकाली गई है, उसे सरकार को स्पष्ट करना चाहिए। बीजेपी विधायक भानु प्रताप शाही ने हेमंत सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि इस विज्ञापन में कई बातें भ्रामक हैं, जिस वजह से राज्य के युवा एक बार फिर दिग्भ्रमित होने वाले हैं। वर्तमान सरकार ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में राज्य के पारा शिक्षकों को नियमित करने की बात कही थी। मगर, बदले में सरकार ने उनका नाम बदलकर सहायक अध्यापक करने का काम किया है। बीजेपी विधायक भानु प्रताप शाही ने मुख्यमंत्री को ठगों का सरदार बताते हुए पूछा है कि ये जो 26 हजार शिक्षकों की नियुक्ति करने जा रहे हैं वो किस स्थानीय और नियोजन नीति के आधार पर है। पिछले दिनों मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा 1932 आधारित स्थानीय नीति को मुद्दा बताए जाने की आलोचना करते हुए भानु प्रताप शाही ने कहा कि यह झारखंड मुक्ति मोर्चा और मुख्यमंत्री के लिए सिर्फ मुद्दा है ना कि संकल्प। मुख्यमंत्री के इस बयान से राज्य की जनता यह जान चुकी है। ऐसे में मुख्यमंत्री या सरकार के किसी प्रवक्ता को बताना चाहिए कि किस स्थानीय नीति के आधार पर यह नियुक्ति शुरू हुई है।

नेशनल वुशु जजेस ट्रेनिंग एंड सर्टिफिकेशन कोर्स

रांची। सरला बिरला यूनिवर्सिटी में आयोजित किये जा रहे सेमिनार के तीसरे दिन प्रतिभागियों ने वीडियो एनालिसिस सिस्टम से तकनीकों का अध्ययन किया। आज सानदा कोर्स इंस्ट्रक्टर आरिफ सी पी और ताऊलू कोर्स इंस्ट्रक्टर पी बेहरा और अभिलाष सक्सेना ने तकनीकी परिवर्तन की जानकारी दी ।इसके साथ साथ उन्होंने सरला बिरला यूनिवर्सिटी का भ्रमण किया और रजिस्ट्रार डॉ विजय कुमार सिंह से मुलाकात की। कल सेमिनार का चौथा दिन है और दिनाँक 22 को इनकी परीक्षा की जाएगी जिसके आधार पर इन्हें ग्रेड दिया जाएगा।

बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री पर बोला हमला

रांची। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने गुरुवार को मुख्यमंत्री हमला बोला है। सोशल मीडिया के माध्यम से मुख्यमंत्री पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा है कि अपनी हरकतों के कारण वे जेल जा सकते हैं। सत्ता से हटने के पहले वे पूरे राज्य को लूटने पर आमादा हैं।उन्हें पता है कि वे अब कभी मुख्यमंत्री नहीं बनने वाले हैं। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि हेमंत सरकार के लिए डूब मरने की स्थिति हो गयी है। अब हाई कोर्ट ने भी साफ कह दिया है कि रांची में बिल्डर और माफिया जमीन कब्जा कर बेच रहे हैं। ये हाल सिर्फ राजधानी रांची का ही नहीं, देवघर, गिरिडीह जैसे कई अन्य शहरों का भी है। जमीन माफिया अफसरों, सत्ताधारियों से मिलकर जमीन के गोरखधंधे में गंध मचाए हुए हैं। पीडितों पर कहर ढाना, अपराधियों की आवभगत करना, सरकारी करप्शन के खिलाफ आवाज उठाने वाले विरोधी दलों के लोगों, पत्रकारों तक पर फर्जी मुकदमा कर परेशान करना हेमंत सरकार का राजकीय धर्म बन गया है।

ऊर्जा विभाग जल्द अडाणी ग्रुप को भेजेगा पत्र 400 मेगावाट बिजली की होगी मांग

रांची। गोड्डा में स्थित अडाणी ग्रुप को ऊर्जा विभाग जल्द एक पत्र भेजेगा। इस पत्र में झारखंड सरकार के पूर्व में हुए एमओयू के अनुसार 400 मेगावाट बिजली की मांग की जाएगी। इस संबंध में ऊर्जा विभाग के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार ने बताया कि पिछले दिनों मुख्यमंत्री ने अडानी ग्रुप के एमडी राजेश अडानी ने मुलाकात की थी। इसमें मुख्यमंत्री ने एमडी से शर्तों के तहत 400 मेगावाट बिजली सस्ती दर पर उपलब्ध कराने का मुद्दा उठाया था। इसके बाद ही विभाग अडाणी को पत्र भेजेगा। इतना नहीं जल्द ही अडाणी ग्रुप के अधिकारी और झारखंड बिजली वितरण निगम के अधिकारी बैठक कर इस मुद्दे का समाधान निकालेंगे। अदानी पावर प्लांट से बिजली उत्पादन शुरू हो गया है। उत्पादित बिजली बांग्लादेश को दी जा रही है। झारखंड का प्लांट से उत्पादित बिजली फिलहाल नहीं मिल रही है। पिछले कुछ समय से उर्जा विभाग, जेबीवीएनएल और अदानी पावर प्लांट के अधिकारियों के बीच इस मामले को लेकर लगातार बैठक हो रही है। अब उर्जा विभाग की ओर से अदानी समूह को पत्र भेजने की तैयारी की जा रही है।

पीएम मोदी से मिले सांसद संजय सेठ

नवीन मेल संवाददाता। रांची रांची के सांसद संजय सेठ ने लोकसभा सत्र के पहले दिन नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान सांसद श्री सेठ ने उन्हें रांची में संपन्न हुए लोकसभा स्तरीय सांसद सांस्कृतिक महोत्सव की कॉफी टेबल बुक अवलोकन हेतु भेंट की। इसके साथ ही सांसद ने प्रधानमंत्री को सेल्फी प्रतियोगिता से जुड़ी 30 बेहतरीन सेल्फी भी भेंट की। पीएम से मुलाकात के बाद श्री सेठ ने बताया कि प्रधानमंत्री जी ने कला और संस्कृति के संरक्षण संवर्धन के लिए आयोजित हुए सांस्कृतिक महोत्सव की प्रशंसा की है। प्रधानमंत्री जी ने अपने आशीर्वाद में कहा है कि ऐसे आयोजन से हम समाज के हर वर्ग से जुड़ते हैं। श्री सेठ ने बताया कि प्रधानमंत्री जी अक्सर यह कहते भी हैं कि हमें सिर्फ राजनीति नहीं बल्कि समाज के हर वर्ग से जुड़ने के लिए काम करना चाहिए। यह महोत्सव उसी जुड़ाव के लिए था। प्रधानमंत्री जी के द्वारा इस महोत्सव की प्रशंसा करना मेरे लिए ही नहीं पूरे रांची लोकसभा क्षेत्र और झारखंड के लिए गौरव की बात है। सांसद ने बताया कि प्रधानमंत्री जी ने रांची लोकसभा क्षेत्र को अपना प्यार और आशीर्वाद दिया है। रांची के विकास और झारखंड की स्थिति को लेकर माननीय प्रधानमंत्री जी हमेशा ही चिंता करते हैं और हाल चाल लेते हैं। इस बार भी प्रधानमंत्री जी ने झारखंड को अपनी शुभकामनाएं दी।

रांची में घर से भारी मात्रा में नकली विदेशी शराब जब्त

रांची। उत्पाद विभाग ने रांची में एक घर में छापेमारी कर भारी मात्रा में नकली विदेशी शराब जब्त किया है। यह मामला रातु थाना इलाके कि तिगरा बसाईर टोली का है। सहायक आयुक्त उत्पाद डॉ राकेश कुमार के निर्देश पर विभाग ने छापेमारी की। विभाग ने करीब 1.50 लाख के 28 पेटी नकली विदेशी शराब जब्त किया है। हालांकि, कार्रवाई के दौरान आरोपित भागने में सफल रहा। पुलिस कार्रवाई में जुटी हुई है।

10 दिवसीय मजलिसे जिक्रे शहादत की शुरूआत : मौलाना तहजीब उल हसन

नवीन मेल संवाददाता। रांची मस्जिद ए जाफरिया में मजलिसे जिक्र में शहीदाने करबला का आगाज हो चुका है मोहर्रम का चांद देखते ही शिया मुसलमानों के घर में हर तरफ से हाय हुसैन की सदा गूंजने लगी है। मस्जिद ए जफरिया स्थित अंसार नगर में 10 दिवसीय मजलिसे जिक्रे शहादत एक मोहर्रम से 10 मोहर्रम तक रात्रि 8 बजे से किया गया है। इस मजलिस को मुख्य रूप से हाजी मौलाना सैयद तहजीब उल हसन रिजवी इमाम मस्जिद ए जफरिया रांची संबोधित कर रहे हैं। मौलाना तहजीब उल हसन ने इस्लाम धर्म से आस्था रखने वालों को बताया कि इस्लाम को लाने वाले का नाम मोहम्मद है और इस्लाम को बचाने वाले का नाम हुसैन इब्ने अली है। आज अगर इमामे हुसैन ने अपने पूरे घर की कुर्बानी इस्लाम के नाम पर दी है। अगर कर्बला में नदी होती तो आज इस्लाम का नाम लेवा कोई ना होता। मोहर्रम इसलिए मनाओ ताकि इस्लाम को पहचाना जाए। इस्लाम सिर्फ नमाज से नहीं बल्कि अच्छे करतब से पहचाना जाता है। नमाज को जिसने बचाया उसका नाम हुसैन है उसके कुर्बानी को भूल जाना इस्लाम के साथ धोखा है। इस्लाम में धोखा देना मना है। यह कार्यक्रम 29 जुलाई तक चलता रहेगा। 27 जुलाई को मजलिस के बाद आलम का मातमी जुलूस मस्जिद ए जाफरिया परिसर से निकाला जाएगा। जुलूस को शांतिपूर्ण ढंग निकाला जायेगा। इसमें किसी तरह की कोई बात नहीं होनी चाहिए। इस जुलूस में हर कौम के हमारे भाई शिरकत करेंगे और उनका स्वागत भी किया जायेगा।

ओबीसी को आरक्षण नहीं देना अत्याचार : राजेन्द्र

नवीन मेल संवाददाता। रांची
झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के द्वारा राज्य के विद्यालयों में शिक्षकों की नियुक्ति का विज्ञापन जारी की गई है, जिसमें राज्य के 7 जिलों में सिमडेगा,गुमला लातेहार, पश्चिमी सिंहभूम दुमका तथा जामताड़ा जिले में ओबीसी का आरक्षण शुन्य कर दिया गया है, इस पर मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने कड़ी आपत्ति जताई है। प्रसाद ने कहा कि यह ओबीसी के ऊपर अत्याचार है। प्रसाद ने कहा कि सरकार पहले ओबीसी का आरक्षण आबादी के अनुसार सुनिश्चित करेऔर खतियान आधारित नियोजन नीति तय करे, उसके बाद ही कोई नियुक्ति झारखण्ड सरकार करे। उन्होंने कहा कि सरकार जब तक अपना खतियान आधारित नियोजन नीति और स्थानीय नीति को परिभाषित नहीं करती है। तब तक संयुक्त बिहार में बने नियोजन नीति 3 मार्च 1982 को आधार बनाए, जो खतियान आधारित है। प्रसाद ने कहा कि बिना खतियान आधारित नियोजन नीति बनाए यदि सरकार कोई नियुक्ति (बहाली) करती है तो झारखंडियों में सरकार के प्रति असंतोष बढ़ना तय है। प्रसाद ने कहा कि मुख्यमंत्री को स्वयंम इस बात को समझना चाहिए। प्रसाद ने कहा कि मूलवासी सदान मोर्चा ओबीसी का आरक्षण शुन्य किए जाने पर कोर्ट में चुनौती देने पर विचार कर रहा है।

पृष्ठ एक के शेष

लोहरदगा से आईएसआईएस आतंकी को...
जेहादी से जुड़े कई मैटेरियल फैजान अंसारी के लैपटॉप से मिले हैं। उसका संपर्क आईएसआईएस से जुड़े हुए कई लोगों से था। देश ही नहीं विदेशों के भी लोगों से उसका संपर्क था। खुफिया एजेंसियों को यह भी जानकारी मिली है कि गिरफ्तार किया गया आतंकी लोहरदगा में कई युवाओं को भड़का कर आईएसआईएस के साथ काम करने के लिए राजी कर चुका था। देश के खिलाफ भड़काने को लेकर वह लगातार उन्हें प्रशिक्षण दे रहा था। साथ ही किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में भी था। रांची एनआईए ने पुख्ता साक्ष्य मिलने के बाद उसको गिरफ्तार और केस दर्ज कर उसे अपने साथ ले गई। इस मामले को लेकर पिछले कई दिनों से एनआईए और आईबी की टीम जांच कर रही थी।

झारखंड में बनेगा...
कहा कि राज्य सरकार की पंचायत स्तर दवा दुकान की योजना के तहत जल्द से जल्द और ज्यादा से ज्यादा पंचायतों में दवा दुकान खोलने की प्रक्रिया तेज हो। उन्होंने कहा कि जो भी पारा मेडिकल में प्रशिक्षित है , उन्हें भी इस योजना संचालन से जोड़ने की पहल करें। इस मौके पर अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि पंचायत स्तर दवा दुकान के लिए अब तक 24 सौ आवेदन मिल चुके हैं, जिनमें से 663 आवेदनों को स्वीकृति दी जा चुकी है।

मेडिकल कॉलेजों में चल रहे निर्माण कार्य में अब और विलंब बर्दाश्त नहीं : मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के मेडिकल कॉलेजों में कई वर्षों से निर्माण कार्य चल रहा है इसमें पहले ही से काफी विलंब हो चुका है और विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा जो डेडलाइन तय किए गए हैं उसके अंदर सभी निर्माण पूरे हो जाने चाहिए। उन्होंने पलामू और हजारीबाग मेडिकल कॉलेज तथा रिम्स में छात्रावास का निर्माण करा रहे कंस्ट्रक्शन कंपनी को टर्मिनेट करने का भी निर्देश दिया।

एंबुलेंस का परिचालन सुनिश्चित हो : मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल ही में 206 एंबुलेंस सेवा का शुभारंभ किया गया था। लेकिन, कुछ कारणों से कई एंबुलेंस के नहीं चलने की बात सामने आ रही है। उन्होंने कहा कि सभी 206 एंबुलेंस का नियमित और सुचारू परिचालन अविलंब सुनिश्चित करें।

पलामू में दंपत्ति को जहरीले सांप...
किलोमीटर दूर कोसियारा जंगल ले गये। जहां पर तांत्रिकों ने घंटों झाड़-फूंक किया। लेकिन पति पत्नी की स्थिति सुधरने की बजाय बिगड़ती ही चली गयी। गुरूवार की सुबह दोनों को अनुमंडलीय अस्पताल छतरपुर लाया गया जहां चिकित्सकों ने पति-पत्नी को मृत घोषित कर दिया। मृतक के दो नाबालिग बच्चे हैं। उधर पिछले दो महीने में पलामू जिले में सर्पदंश की 92 घटनायें हो चुकी हैं। इन घटनाओं में अभी तक 8 लोगों की मौत हो चुकी है। अधिकतर लोगों की जान अंधविश्वास के कारण झाड़-फूंक में वक्त जाया करने और अंतिम समय में ही अस्पताल याद आने के कारण हुई है। जून महीने में सांप काटने से पलामू में चार लोगों की मौत हुई। जबकि जुलाई के महीने में भी अब तक चार लोगों की मौत हो चुकी है। पलामू में जून महीने में 35 लोगों को सांप ने डंसा। जबकि जुलाई में अब तक 57 लोग सर्पदंश के शिकार बन चुके हैं। सर्पदंश के बाद मरने वालों में पाटन इलाके से दो, छतरपुर इलाके के एक, चैनपुर के एक, सतबरवा के एक, मनातू के एक और नौडीहा बाजार प्रखंड क्षेत्र के दो व्यक्ति शामिल हैं। इस संबंध में चौकांउ बात यह कि आपदा प्रबंधन की ओर से सर्पदंश में मृत व्यक्ति को जो राशि मिलनी चाहिए वह नहीं मिलती है। इस बाबत कोई भी अधिकारी कुछ भी बोलने से बचने का प्रयास करते हैं।

पर्याप्त मात्रा में है एंटी वैनम, एक्सपर्ट भी हैं तैयार : पलामू सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार के विभाग में पर्याप्त मात्रा में एन्टी वैनम है और एक्सपर्ट स्वास्थ्य कर्मी भी तैनात हैं। जिले के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों पर 10 हजार से भी अधिक एंटी वैनम मौजूद हैं। मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज हॉस्पीटल, छतरपुर, विश्रामपुर, हुसैनाबाद अनुमंडल अस्पताल में सांप काटने के मामलों को लेकर स्पेशल टीम भी तैनात की गई है।

दो जेसीबी मशीन को माओवादियों ने...
इधर सूचना पाकर एसडीपीओ अशोक प्रियदर्शी एवं थाना प्रभारी बमबम कुमार पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर घटना का जायजा लिया। इधर इस घटना से क्षेत्र के बड़े से लेकर छोटे संवेदकों में दहशत का माहौल कायम हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि विगत दो माह पूर्व मुठभेड़ में पांच कुख्यात माओवादियों के मारे जाने के बाद पुलिस प्रशासन के द्वारा मध्य जोन से माओवादियों के सफाए के दावे किए जा रहे थे। फिर क्षेत्र में घटना को अंजाम देने वाले ये माओवादी कहां से सक्रिय हो गए। वहीं पुलिस विभिन्न पहलुओं पर जांच करने के साथ उग्रवादियों के धर पकड़ को लेकर क्षेत्र में सर्च अभियान चला रही है। एसडीपीओ ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद ही कोई निष्कर्ष निकाला जा सकता है।

पुलिस की मुखबिरी का आरोप लगा पीट-पीटकर...
गांव में सौदागार अंसारी को खोजते, माओवादी हथियारबंद दस्ता उसके घर पहुंचा। सौदागार अंसारी घर में नही मिला तो उसके 20 वर्षीय बेटा रौनक अंसारी की पिटाई कर दी। वहीं 30 जून की रात लगभग 10 बजे माओवादी दस्ता द्वारा मिशनरी दौना स्कूल के प्राचार्य सह फादर और स्कूल में कार्यरत सिरिल बिरिजिया और रौशन बिरिजिया की पिटाई इसलिए कर दी गयी कि, जब माओवादी स्कूल के बगल से गुजर रहे रहे थे, तो फादर ने टॉर्च जलाकर आवाज लगा दी थी।

देर से पहुंची पुलिस, छापामारी अभियान चलाया जा रहा : नेतरहाट थाना प्रभारी बंधन भगत एवं पुआनि जानू कुमार सैट के जवान एवं जिला पुलिस लगभग 12 बजे दौना गांव पहुंचे। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु लातेहार भेजा गया, थाना प्रभारी बंधन भगत ने कहा कि छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है।

दूसरी घटना में एक वन टेकर...
पत्नि ने कहा कि न जन अदालत लगाया, न गांव के लोगों पूछा गया, माओवादी तब तक उन्हें मारते रहे जब तक, वह अधमरा नहीं हो गया। मेरे पति पानी मांगते रहे, लेकिन पानी तक नहीं पिलाया गया। घर लाते ही उसने दम तोड़ दिया।

उत्पाद विभाग के 51 पदाधिकारियों का किया तबादला

रांची। झारखंड सरकार का उत्पाद विभाग एक्शन में है। रेवेन्यू में लगातार कमी और एमआरपी से अधिक कीमत पर शराब बेचने की विभाग को मिल रही शिकायत के बाद 51 अधिकारियों का तबादला कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि जिन 51 पदाधिकारियों का ट्रांसफर किया गया है, उनमें आधे से अधिक ऐसे थे जिनका उनके जिले में तूती बोलती थी। विभागीय सूत्रों के मुताबिक कई अधिकारी लंबे समय से एक ही जगह पदस्थापित थे। आमलोगों के बीच से लगातार शिकायत मिलने के बाद विभाग ने रिव्यू किया। इस रिव्यू में कई बातें सामने आयी। जिसके बाद विभाग ने 34 अवर निरीक्षक उत्पाद व 17 सहायक अवर निरीक्षक उत्पाद का ट्रांसफर कर दिया है। जारी नोटिफिकेशन के अनुसार रांची जिले के पांच अवर निरीक्षक का स्थानांतरण हुआ है।

कार्यालय:- जिला पशुपालन पदाधिकारी गुमला

आम सूचना

वित्तीय वर्ष 2023–24 में राज्य योजनान्तर्गत छोटे एवं सीमान्त किसानों को खेती करने के लिए बैल की आवश्यकता तथा कृशि कार्य में उन्नति लाने के उद्देश्य से Castrated नर बाछाओं को जोड़ा बैल के रूप में राज्य के सुदुरवती क्षेत्रों में वितरण करने की योजना है, जिससे की किसानों को कम लागत से खेती कार्य में सहयोग हो सके तथा अधिक मुनाफा प्राप्त हो सके। योजना इस प्रकार है।

क्र. सं.	योजना का नाम	योजना लागत	अनुदान प्रतिषत	लाभुक अंषदान
1	जोड़ा बैल वितरण की योजना	40000.00	90% अधिकतम 36000.00	10% अधिकतम 4000.00

लाभुक के चयन की प्रक्रिया निम्नवत होगी–

1. लाभुक झारखण्ड का किसान हो।
2. लाभुक के पास खेती योग्य भूमि हो एवं बी.पी.एल. कोटि की श्रेणी में हो।
3. झारखण्ड राज्य का स्थानीय निवासी हो।
4. अनुसूचित जनजाति/अनुसूचित जाति/आदिम जनजाति एवं दिव्यांग जनों को चयन में प्रथमिकता दी जायेगी।
5. लाभुक का चयन ग्राम स्तर पर ग्राम सभा के द्वारा किया जायेगा।
जिसका अनुमोदन प्रखण्ड स्तरीय समिति से तथा जिला स्तरीय समिति से की जायेगी।
6. जिलास्तरीय समिति से पारित लाभुकों का Escrow A/c में खोला जायेगा एवं अनुदान राशि खोले गये Escrow A/c में हस्तांतरित किया जायेगा। अपना अंशदान भी एक माह के अन्दर खोले गये Escrow A/c में जमा करना अनिवार्य होगा।
7. ग्राम सभा से पारित कराकर अपना नाम दिनांक– 08.08.2023 तक अपने प्रखण्ड के प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी के पास जमा करेंगे।

नोट :–इच्छुक किसान अपने प्रखण्ड के प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी से सम्पर्क कर अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते है।

जिला पशुपालन पदाधिकारी,
गुमला।

PR.NO.302822 Animal Husbandry(23-24):D

NEWS इन ब्रीफ

इटली ने तैराकी विश्व में मिश्रित ओपन वाटर रिले स्वर्ण पदक जीता

फुकुओका (जापान)। इटली ने गुरुवार को यहां विश्व तैराकी चैंपियनशिप में मिश्रित 4 गुना 1500 मीटर ओपन वॉटर रिले खिताब जीता। पुरुषों के 5 किमी रजत पदक विजेता ग्रेगोरियो पाल्ट्रिनिएरी की अगुवाई में इटली ने एक घंटे, 10 मिनट और 31.20 सेकंड में रिले जीती। हंगरी 1:10:35.30 के साथ दूसरे स्थान पर रहा और ऑस्ट्रेलिया ने 1:11:26.70 के साथ कांस्य पदक जीता। महिलाओं की दोहरे स्वर्ण विजेता लियोनी बेक के नेतृत्व में जर्मनी 1:11:26.90 के साथ चौथे स्थान पर रहा। फ्लोरियन वेलब्रॉक, जिन्होंने पुरुषों की 5 किमी और 10 किमी दोनों स्पधाएं जीतीं, रिले रेस में शामिल नहीं हुए, जो फुकुओका वल्ड्र्स में अंतिम ओपन वॉटर इवेंट था।

हरारे में ज़िम एफ़्रो टी10 का उद्घाटन

हरारे। क्रिकेट के खेल का सबसे विस्फोटक प्रारूप जिम्बाब्वे में शुरू होने के लिए पूरी तरह तैयार है, क्योंकि टी10 पहली बार अफ्रीका में आएगा। टी टेन ग्लोबल स्पोर्ट्स और जिम्बाब्वे क्रिकेट द्वारा आयोजित जिम एफ्रो टी10 का उद्घाटन संस्करण 20 जुलाई से हरारे स्पोर्ट्स क्लब में शुरू होगा। टी10 का फाइनल 29 जुलाई को यहीं खेला जाएगा। पांच टीमें हैं, हरारे हरिकेंस, बुलावायो ब्रेव्स, डरबन कलंदर्स, केप टाउन सैम्प आर्मी और जोहान्सबर्ग बफेलोज, जो अगले दस दिनों में हरारे में शीर्ष सम्मान के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी।

विश्व कप में खेलना बहुत खास एहसास होता है : शिखर धवन

मुंबई। भारत के अनुभवी बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज शिखर धवन का मानना है कि एक खिलाड़ी के लिए वनडे विश्व कप में भाग लेना एक बहुत ही 'विशेष' एहसास है, जिसे कई लोग क्रिकेट के सबसे बड़े चरणों में से एक मानते हैं। वनडे विश्व कप का आगामी संस्करण 5 अक्टूबर से 19 नवंबर तक भारत में आयोजित किया जाएगा। धवन ने 34 टेस्ट, 167 वनडे और 68 टी20 में भारत का प्रतिनिधित्व किया है और 50 से अधिक वैश्विक आईसीसी टूर्नामेंटों में उनका उत्कृष्ट रिकॉर्ड है। उन्होंने 2013 और 2017 चैंपियंस ट्रॉफी और पुरुष क्रिकेट विश्व कप के 2015 और 2019 संस्करणों में छह शतक सहित 65.15 की औसत से 1238 रन बनाए हैं।

एक बार में एक मैच पर ही ध्यान देंगे : राहुल द्रविड़

एजेंसी। नई दिल्ली

बहुप्रतीक्षित एशिया कप का शेड्यूल जारी होने के बाद टीम इंडिया के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने टूर्नामेंट में पाकिस्तान के खिलाफ तीन बार खेलने की संभावना को लेकर चल रही चर्चा को स्वीकार किया और कहा कि उनकी टीम एक समय में एक ही मैच पर ध्यान केंद्रित करते हुए टूर्नामेंट में कदम दर कदम आगे बढ़ेगी। पाकिस्तान और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में 2023 एशिया कप के कार्यक्रम की घोषणा बुधवार को कैंडी में 2 सितंबर को भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाले प्रतिष्ठित मुकाबले के साथ की गई। महाद्वीपीय प्रतियोगिता के दौरान भारत और पाकिस्तान के बीच तीन संभावित मुकाबलों की संभावना है यदि वे सुपर 4 में आगे बढ़ते हैं और अंततः फाइनल में पहुंचते हैं। बीसीसीआई द्वारा ट्विटर पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में द्रविड़ ने कहा, शेड्यूल आ

गया है और आपको पाकिस्तान से तीन बार खेलने के लिए सुपर4 के लिए क्वालीफाई करना होगा, इसलिए एक समय में एक कदम उठाना होगा। मैं भविष्य के बारे में सोचने पर विश्वास नहीं करता। मैं एक समय में एक ही मैच खेलना चाहता हूं। द्रविड़ ने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि फाइनल में पाकिस्तान के साथ मुकाबला एक रोमांचक मुकाबला होगा, लेकिन उन्होंने टीम इंडिया के लिए एक समय में एक कदम उठाने पर ध्यान केंद्रित करने के महत्व को दोहराया। द्रविड़ ने कहा, हम जानते हैं कि हमें पहले दो मैचों में पाकिस्तान और नेपाल से खेलना है, हमें उस पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है, हमें अच्छी क्रिकेट खेलने की जरूरत है, हमें उन मैचों को जीतने की जरूरत है और फिर देखें कि टूर्नामेंट कहां जाता है। अगर हमें उनसे तीन बार खेलने का मौका मिलता है, तो मुझे लगता है कि यह शानदार है, इसका मतलब है कि हम टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंच जाएंगे और उम्मीद है कि पाकिस्तान भी फाइनल में पहुंच जाएगा। यह एक शानदार प्रतियोगिता होगी और हमारे लिए बहुत अच्छा होगा और हम निश्चित रूप से ऐसा करने का लक्ष्य रखते हैं, हम निश्चित रूप से फाइनल तक खेलना चाहते हैं और फाइनल जीतना चाहते हैं लेकिन हमें पहले दो कदम उठाने होंगे।"

पाकिस्तान, भारत और नेपाल ग्रुप ए में हैं जबकि बांग्लादेश, अफगानिस्तान और श्रीलंका ग्रुप बी में हैं। छह देशों का टूर्नामेंट खेलों की मेजबानी के हाइब्रिड मॉडल के तहत पाकिस्तान और श्रीलंका में खेला जाएगा। टूर्नामेंट 30 अगस्त को शुरू होगा, जब पाकिस्तान मुल्तान में नेपाल से भिड़ेगा। फाइनल 17 सितंबर को कोलंबो में होगा। 13 मैचों की प्रतियोगिता के लिए चार स्थानों का उपयोग किया जाएगा। पाकिस्तान में, मुल्तान 30 अगस्त को पाकिस्तान और नेपाल के बीच टूर्नामेंट के उद्घाटन मैच की मेजबानी करेगा, इससे पहले कि बाकी तीन मैचों की कार्रवाई लाहौर में स्थानांतरित हो जाएगी। श्रीलंका पहले दौर के तीन मैचों के लिए कैंडी का और पांच सुपर-4 चरण के मुकाबलों और फाइनल के लिए कोलंबो का उपयोग करेगा।

महिला विश्व कप से पहले ऑकलैंड में गोलीबारी में 2 की मौत, हमलावर भी ढेर

एजेंसी। ऑकलैंड (न्यूजीलैंड)

न्यूजीलैंड में फीफा महिला विश्वकप प्रतियोगिता के पहले मैच से पहले गुरुवार को सुबह एक व्यक्ति ने यहां एक ऊंची निमार्णाधीन इमारत में गोलीबारी कर दी, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई। हमलावर पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारा गया। इस मुठभेड़ में एक पुलिस अधिकारी तथा चार आम नागरिक घायल हुए हैं। यह गोलीबारी उन होटल के पास हुई, जहां नॉर्वे और अन्य देशों की फुटबॉल टीम ठहरी हुई हैं। न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस हिप्किन्स ने बताया कि प्रतियोगिता निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ही आयोजित की जाएगी। उन्होंने कहा कि देश में राष्ट्रीय सुरक्षा को किसी प्रकार का खतरा नहीं है और यह हमला एक व्यक्ति का कृत्य प्रतीत होता है। उन्होंने कहा फीफा महिला विश्वकप प्रतियोगिता शाम को शुरू होने जा रही है, जाहिर है कि सबकी निगाहें ऑकलैंड पर हैं। सरकार ने सुबह प्रतियोगिता के आयोजकों से बात की और प्रतियोगिता अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार होगी। पुलिस आयुक्त एंड्रयू कोस्टर ने बताया कि बंदूकधारी 24 वर्षीय व्यक्ति था जो इमारत स्थल में पहले काम करता था और उसने संभवतः वहां उसके काम से जुड़ी किसी घटना के चलते हमला किया।

विलकिन्सन के गोल से न्यूजीलैंड ने नार्वे को 1-0 से हराया

हन्ना विलकिन्सन के दूसरे हाफ में किये गये गोल की बदौलत न्यूजीलैंड फुटबॉल टीम ने यहां गुरुवार को महिला विश्व कप के पहले मैच में नार्वे को 1-0 से शिकस्त दी। महिला विश्व कप में यह न्यूजीलैंड की पहली जीत है। ईडन पार्क स्टेडियम में रिकॉर्ड 42,137 दर्शक मौजूद थे जो न्यूजीलैंड में फुटबॉल मैच के लिए रिकॉर्ड संख्या है। न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस हिपकिंस भी मैच देखने के लिये स्टेडियम में उपस्थित थे। न्यूजीलैंड की महिला टीम ने इससे पहले आयोजित हुए पांच विश्व कप में हिस्सा लिया था। लेकिन कोई मैच नहीं जीता था।

पाक ने श्रीलंका को 4 विकेट से हराया

डब्ल्यूटीसी तालिका में भारत के साथ शीर्ष पर पहुंचा

एजेंसी। गाले

पाकिस्तान ने गुरुवार को पहले टेस्ट में श्रीलंका को चार विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ ही पाकिस्तान आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) स्टैंडिंग में भारत के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर पहुंच गया है। मैच में श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए धनंजय डिसिल्वा (122) के शानदार शतक और एंजेलो मैथ्यूज (64) के अर्धशतक की बदौलत अपनी पहली पारी में सभी विकेट खोकर 312 रन बनाए। जवाब में पाकिस्तान ने अपनी पहली पारी में 461 रन बनाए और पहली पारी के आधार

पर 149 रनों की बढ़त हासिल की। पाकिस्तान के लिए पहली पारी में सऊद शकील ने 208 रनों की नाबाद दोहरी शतकीय पारी खेली। शकील के अलावा आगा सलमान ने 83 रन बनाए। दूसरी पारी में श्रीलंका ने धनंजय डिसिल्वा (82) और निशन मदुसका (52) की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत 279 रन बनाए और पाकिस्तान को 131 रनों का लक्ष्य दिया। 131 रनों का लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान के टीम ने इमाम उल हक (नाबाद 50) के नाबाद अर्धशतक की बदौलत 6 विकेट के नुकसान पर 133 रन बनाकर मैच जीत लिया। इस जीत के साथ ही पाकिस्तान ने अपने नए विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप अभियान की शानदार शुरूआत की। इस जीत के बाद पाकिस्तान नए चक्र में एक-एक मैच के बाद 100 प्रतिशत जीत-प्रतिशत के साथ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में भारत के साथ शीर्ष पर पहुंच गया है। सोमवार को कोलंबो में श्रीलंका के खिलाफ दूसरा टेस्ट शुरू होने पर पाकिस्तान अपना अजेय रिकॉर्ड बरकरार रखना चाहेगा।

मैं दूसरे टेस्ट में सतह पर अधिक घास की उम्मीद कर रहा हूं : आकाश चोपड़ा

एजेंसी। नई दिल्ली

भारत गुरुवार शाम को पोर्ट ऑफ स्पेन, त्रिनिदाद और टोबैगो के क्वींस पार्क ओवल में शुरू होने वाली दो मैचों की श्रृंखला के दूसरे टेस्ट में वेस्टइंडीज से भिड़ेगा। दोनों टीमें एक-दूसरे के खिलाफ अपना 100वां टेस्ट मैच खेलेंगी और यह मैच विराट कोहली का 500वां अंतरराष्ट्रीय मैच भी होगा। दूसरे टेस्ट की अगुवाई में, जियोसिनेमा विशेषज्ञ आकाश चोपड़ा ने कहा, अगर यह ऐसी पिच है जो डोमिनिका की पिच के समान है, तो मैं देखता हूं कि तेज गेंदबाजों में से एक को आराम दिया जाएगा और अक्षर पटेल अंतिम ग्यारह में खेलेंगे। लेकिन मैं यह भी उम्मीद कर रहा हूं कि सतह पर थोड़ी अधिक घास होगी, सतह पर थोड़ी अधिक नमी होगी। अगर ऐसा मामला है, तो यह वही ग्यारह हो सकता है जो डोमिनिका में खेला था, दूसरे टेस्ट मैच में भी खेल सकता है। अभिनव मुकुंद को लगा

कि भारतीय टीम ज्यादा बदलाव नहीं करेगी। डोमिनिका में उस प्रभावशाली जीत के बाद, मुझे नहीं लगता कि बहुत अधिक बदलाव होंगे। लेकिन अगर कोई है, तो मैं एक तेज गेंदबाज को आते देखना चाहूंगा, नवदीप सैनी या मुकेश कुमार जैसा कोई, उनके जैसा कोई जो तीसरे सीमर की भूमिका निभा सकता है। लेकिन यह भी असंभव लगता है, कमोबेश, मुझे लगता है कि भारत उसी ग्यारह के साथ जाएगा। हालांकि, सैयद सबा करीम का मानना है कि यह सब सतह पर निर्भर करता है और कहा, ह्लअगर डोमिनिका में हमने जो देखा, वैसा ही ट्रैक पोर्ट ऑफ स्पेन के लिए तैयार किया जाता है, तो मुझे उम्मीद है कि तीसरे स्पिनर अक्षर पटेल टीम में शार्दुल ठाकुर की जगह आएंगे। यदि वेस्टइंडीज का थिंक टैंक तेज गति के अनुकूल ट्रैक पर चलता है, तो इस बात की प्रबल संभावना है कि भारत शार्दुल ठाकुर के स्थान पर नवदीप सैनी या मुकेश कुमार को ला सकता है।

स्टीव वॉ ने चौथे टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलियाई चयन की आलोचना की

मैनचेस्टर। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान स्टीव वॉ ने ओल्ड ट्रैफर्ड में चौथे एशेज टेस्ट के लिए टॉड मर्फी को अंतिम एकादश से बाहर करने के लिए ऑस्ट्रेलिया की आलोचना की। मेहमान टीम ने चौथे टेस्ट के लिए ऑफ स्पिनर मर्फी को लाइनअप से बाहर कर दिया। इसके बजाय, उन्होंने साथी ऑलराउंडर मिच मार्श के साथ जुड़ने के लिए कैमरून ग्रीन को वापस लाने का विकल्प चुना। 2012 के बाद यह पहली बार है कि ऑस्ट्रेलिया किसी टेस्ट मैच में फ्रंटलाइन स्पिनर की कमी वाली एकादश के साथ मैदान में उतरा है। वॉ ने ऑस्ट्रेलियाई चयन को लेकर एसईएनक्यू ब्रेकफास्ट को बताया, मैं इससे असहमत हूं।

एमर्जिंग एशिया कप : सेमीफाइनल में भारत ए की निगाहें शानदार प्रदर्शन पर

एजेंसी। कोलंबो

लीग चरण में दमदार प्रदर्शन करने के बाद भारत ए शुक्रवार को यहां बांग्लादेश ए के खिलाफ होने वाले सेमीफाइनल में जीत से एमर्जिंग एशिया कप के फाइनल में पहुंचने का प्रबल दावेदार होगा। भारत को अभी तक टूर्नामेंट में हार का सामना नही करना पड़ा है और सभी जीत में सबसे अहम पहलू यही रहा है कि प्रत्येक मुकाबले में जरूरत पड़ने पर कई मैच विजेता देखने को मिले। अब प्रतिस्पर्धी टीम बांग्लादेश के खिलाफ भारत की निगाहें सभी विभागों में शानदार प्रदर्शन जारी रखने पर लगी होगी। तेज गेंदबाज हर्षित राणा (41 रन देकर चार विकेट) और कप्तान यश धुल (108 रन) टूर्नामेंट के शुरूआती मैच में संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी रहे जिससे टीम ने आठ विकेट से जीत हासिल की। लेकिन नेपाल के खिलाफ मैच में बायें हाथ के स्पिनर निशांत सिंधू (14 रन देकर

चार विकेट) के शानदार प्रदर्शन के बाद सलामी बल्लेबाज बी साई सुदर्शन (58 रन) और अभिषेक शर्मा (87 रन) ने नौ विकेट की जीत में अहम भूमिका निभाई।

टूर्नामेंट में आठ विकेट से सर्वाधिक विकेट चटकाने वाले आलराउंडर राजवर्धन हांगरगेकर ने भी इस मैच में योगदान दिया और तीन विकेट झटके। भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ महत्वपूर्ण मैच में आठ विकेट से जीत हासिल की। इस मैच में मानव सुथार और निकिन जोश के अलावा साई सुदर्शन और हांगरकेकर का प्रदर्शन शानदार रहा। हांगरगेकर (42 रन देकर पांच विकेट) ने पांच विकेट झटके जबकि साई सुदर्शन (104 रन) ने शतक जड़कर सुर्खियां बटोरीं। लेकिन निकिन (53 रन) और बायें हाथ के स्पिनर सुथार (36 रन देकर तीन विकेट) ने भी अच्छा योगदान दिया। लेकिन बांग्लादेश की टीम को अब कहीं से भी हल्के में नहीं लिया जा सकता। टूर्नामेंट के शुरूआती मैच में श्रीलंका के खिलाफ मिली हार के बाद बांग्लादेश ने अच्छी वापसी करते हुए ओमान और अफगानिस्तान को हराकर अंतिम चार चरण में जगह बनाई।

यूएस ओपन | अल्काराज, स्वीयाटेक प्रवेश सूची में अग्रणी

जोकोविच 2021 के बाद पहली बार लौटेंगे

एजेंसी। न्यूयॉर्क

वर्तमान विश्व के नंबर 1 पुरुष और महिला टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज और इगा स्वीयाटेक 2023 यूएस ओपन ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के लिए संबंधित प्रवेश सूची में शीर्ष पर हैं, जो यूनाइटेड स्टेट्स टेनिस संघ द्वारा जारी की गई है। इस साल का यूएस ओपन 28 अगस्त से 10 सितंबर तक न्यूयॉर्क में यूएसटीए बिली जीन किंग नेशनल टेनिस सेंटर में होने वाला है। अल्काराज और स्वीयाटेक दोनों गत चैंपियन के रूप में फ्लशिंग मीडोज में वापस आएंगे। इस साल के यूएस ओपन में पुरुष एकल के लिए मुख्य ड्रॉ कटऑफ 96 है जबकि महिला एकल के लिए यह 100 है।

तीन बार के चैंपियन नोवाक जोकोविच भी दो साल में पहली बार यूएसए लौटने के लिए तैयार हैं। वह वैक्सीन प्रोटोकॉल के कारण पिछले साल के संस्करण से चूक गए थे, जिसके लिए अंतरराष्ट्रीय यात्रियों को कोविड-

19 के खिलाफ टीकाकरण की आवश्यकता होती है।

उनके साथ पूर्व चैंपियन डेनियल मेदवेदेव भी शामिल होंगे। साथ ही कैस्पर रूड, होल्गर रूण, स्टेफानोस सितसिपास और अमेरिकी जोड़ी टेलर फ्रिट्ज और फ्रांसिस टियाफो भी होंगे ।

संरक्षित रैंकिंग के साथ प्रवेश करने वाले अन्य उल्लेखनीय पुरुष एकल खिलाड़ियों में 2014 यूएस ओपन चैंपियन मारिन सिलिच शामिल हैं, जिन्हें जनवरी से दरकिनार कर दिया गया था; जिस व्यक्ति को हराकर उसने यह खिताब जीता, केई निशिकोरी; और अन्य पूर्व शीर्ष 10 खिलाड़ी, गाएल मोंफिल्स और मिलोस राओनिक भी मौजूद रहेंगे।

पूर्व विश्व नंबर 4 निशिकोरी, जो 2021 से बाहर थे, ने जून में प्यूर्टो रिको में एटीपी चैलेंजर इवेंट जीतकर आत्मविश्वास के साथ प्रतियोगिता में वापसी की।

महिला एकल में, स्वीयाटेक के साथ, तथाकथित बिग थ्री के अन्य सदस्य, एलेना रिबाकिना और आर्यना सबालेंका शामिल हैं। उनके साथ शीर्ष अमेरिकी, जेसिका पेगुला और कोको गॉफ और वर्तमान विंबलडन चैंपियन, मार्केटा वोंद्रोसोवा शामिल होंगी।

2021 ऑस्ट्रेलियन ओपन फाइनलिस्ट जेनिफर ब्रैडी, जो इस सप्ताह कनाडा के ग्रांबी में लगभग पूरे दो वर्षों में अपना पहला टूर्नामेंट खेल रही हैं, के 2021 में रौलां गैरो के बाद अपना पहला बड़ा टूर्नामेंट खेलने की उम्मीद है।

नौ पुरुषों और पांच महिलाओं ने चोट से सुरक्षित रैंकिंग में प्रवेश किया है जिसमें मारिन, निशिकोरी, ब्रैडी और रीली ओपेल्का के नाम शामिल हैं।

सूची में चार बार के विजेता राफेल नडाल का नाम नहीं है, क्योंकि ऑस्ट्रेलियन ओपन के दौरान लगी कूल्हे की चोट के कारण वह बाहर हैं। इसी तरह, 2021 यूएस ओपन चैंपियन एम्मा रादुकानु को सूचीबद्ध नहीं किया गया है क्योंकि उनके दोनों हाथों और टखनों की सर्जरी हुई थी।